आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

# दैनिक अवन्तिका

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 58 अंक 325 | उज्जैन, सोमवार 08 दिसम्बर, 2025 | पौष कृष्ण 4 संवत् 2082 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### एलओसी पर पाकिस्तान के 68 आतंकी लॉन्चपैड सक्रिय

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में लाइन ऑफ कंट्रोल पर पाकिस्तान के कब्जे वाले इलाके में 68 लॉन्चपैड सक्रिय हैं। वहां 110 से 120 आतंकी जम्मू-कश्मीर में घुसने की तैयारी कर रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, अगले कुछ हफ्तों में घुसपैठ की कोशिशें बढ़ सकती हैं। एलओसी के कई संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा को और कड़ा कर दिया गया है। सभी सेक्टरों में निगरानी बढ़ा दी गई है, ताकि आतंकी सीमा के करीब भी न पहुंच सकें। अधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तान समर्थित आतंकी लगातार एलओसी की ओर भेजा जा रहे हैं, लेकिन भारतीय सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह तैयार हैं। सभी फोर्सेज को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि हर घुसपैठ की कोशिश को सीमा पर ही रोक दिया जाए।

### श्रीलंका में चक्रवात दितवाह से अब तक 627 की मौत

**कोलंबो।** श्रीलंका में चक्रवात दितवाह से मरने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। अधिकारियों ने पुष्टि की है कि अब तक 627 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि सैकड़ों लोग अभी भी लापता हैं। चक्रवात के कारण लगातार बारिश, बाढ़ और भूस्खलनों ने कई इलाकों को तबाह कर दिया है। देश के डिजास्टर मैनेजमेंट सेंटर के अनुसार, सभी 25 जिलों में जनजीवन प्रभावित हुआ है और लाखों लोग संकट का सामना कर रहे हैं। कई नदियों का जलस्तर ऐतिहासिक स्तर तक बढ़ गया है, जिससे कई कस्बे पूरी तरह डूब गए हैं। बचाव टीमें प्रभावित इलाकों में लगातार तलाश और राहत कार्य में जुटी हुई हैं, जबकि सरकार ने घरों के नुकसान का आकलन शुरू करने की तैयारी कर ली है। इस बीच, भारत भी ऑपरेशन ह्मसागर बंधुह्न के तहत श्रीलंका की सहायता कर रहा है।

### फिल्ममेकर भट्ट अरेस्ट

### व्यापारी से 30 करोड़ ठगने का आरोप



**व्यापारी की पत्नी की बायोपिक बनाने के नाम पर रुपए लिए**

**मुंबई।** फिल्ममेकर विक्रम भट्ट को मुंबई और राजस्थान पुलिस ने रविवार को अरेस्ट किया है। उन पर उदयपुर के एक व्यापारी से 30 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी का आरोप है। पुलिस टीम ने मुंबई के यारी रोड इलाके के गंगा भवन अपार्टमेंट से उन्हें पकड़ा यह घर उनकी साली का है। अब राजस्थान पुलिस उन्हें अपने साथ उदयपुर ले जाने के लिए बांद्रा कोर्ट में ट्रांजिट रिमांड के लिए अप्लाई करेगी। राजस्थान के इंदिरा ग्रुप ऑफ कंपनीज के मालिक डॉ. अजय मुर्डिया ने 17 नवंबर को विक्रम भट्ट समेत 8 लोगों के खिलाफ 30 करोड़ की धोखाधड़ी की ऋक्रदर्ज कराई थी। उनका आरोप है कि एक इवेंट में उनकी मुलाकात दिनेश कटारिया से हुई थी। दिनेश कटारिया ने उन्हें पत्नी की बायोपिक बनाने का प्रस्ताव दिया और कहा कि फिल्म के जरिए पूरा देश उनकी पत्नी के योगदान को जान पाएगा। इस सिलसिले में दिनेश कटारिया ने 24 अप्रैल 2024 को मुंबई स्थित वृंदावन स्टूडियो बुलाया था। यहां उनकी मुलाकात फिल्ममेकर विक्रम भट्ट से कराई गई थी। उन्होंने बायोपिक बनाने पर चर्चा की थी। बातचीत के दौरान यह तय हुआ था कि फिल्म बनाने की पूरी जिम्मेदारी विक्रम भट्ट लेंगे और उन्हें सिर्फ पैसे भेजते रहना होगा। विक्रम भट्ट ने अजय मुर्डिया से कहा कि उनकी पत्नी श्वेतांबरी और बेटी कृष्णा भी फिल्ममेकिंग से जुड़ी हैं। विक्रम भट्ट ने पत्नी श्वेतांबरी की फर्म श्स्ड छछढ को पार्टनर बनाया था। उनके बीच बायोनिक और महाराणा नाम की दो फिल्मों के लिए 40 करोड़ रुपए का कॉन्ट्रैक्ट हुआ था।

### रूस ने यूक्रेन पर 700 हवाई हमले किए

**मॉस्को।** यूक्रेन में आर्म्ड फोर्सेज डे से पहले रूस ने शनिवार को बड़े पैमाने पर हवाई हमला किया। यूक्रेन एयरफोर्स के मुताबिक रूस ने 29 ठिकानों पर 653 ड्रोन और 51 मिसाइल दागीं। इनमें से 585 ड्रोन और 30 मिसाइल मार गिराई गईं। इससे 8 लोग घायल हुए। कई एनर्जी स्टेशन और रेलवे ढांचे को नुकसान पहुंचा। जापोरेजिया न्यूक्लियर पावर प्लांट कुछ समय के लिए ऑफ-साइट पावर से कट गया, हालांकि रिएक्टर बंद होने के कारण कोई बड़ा खतरा नहीं हुआ। रूस ने भी यूक्रेन पर हवाई हमले करने का आरोप लगाया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, रूस ने यूक्रेन पर हमले के दौरान गलती से अपने ही एक शहर बेल्गोरोड (यूक्रेन सीमा से करीब 40 किमी दूर) पर ऋअइ-1000 (हाई-एक्सप्लोसिव बम) गिरा दिया। हालांकि, इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। बम का कुल वजन लगभग 1000 किलो के करीब था। बम पूरी तरह फटा नहीं, लेकिन जमीन पर जोरदार धमाका हुआ और एक बहुत बड़ा गड्ढा बन गया।

### पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा पर फिर गोलीबारी, 5 की मौत

**कराची।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान की चमन-स्पिन बोल्डक बॉर्डर पर शुक्रवार को एक बार फिर भारी गोलीबारी हुई। गोलीबारी रात करीब 10 बजे शुरू हुई और देर रात तक चलती रही। दोनों देश एक-दूसरे पर हमला शुरू करने का आरोप लगा रहे हैं। गोलीबारी में 5 अफगानी मारे गए और 4 घायल हो गए हैं। अफगान तालिबान के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने कहा कि पाकिस्तान ने सबसे पहले कंधार प्रांत के स्पिन बोल्डक इलाके में हमला किया, जिसके जवाब में उनकी सेना ने जवाबी कार्रवाई की। दूसरी तरफ पाकिस्तानी अधिकारियों का दावा है कि अफगान सेना ने बिना उकसावे के चमन बॉर्डर पर गोलीबारी शुरू की, जिसके बाद पाकिस्तानी फोर्सेस ने मुंहतोड़ जवाब दिया। प्रधानमंत्री के प्रवक्ता मोशर्रफ जैदी ने कहा, पाकिस्तान अपनी सरहद और लोगों की हिफाजत के लिए पूरी तरह सतर्क और तैयार है।

---

**पैसा रिफंड करने के निर्देश; सरकार ने पूछा- बताएं आप पर एक्शन क्यों न हो**

# इंडिगो संकट- छठे दिन 650+ फ्लाइट कैंसिल हुई

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली





पिछले 5 दिन से चल रहे इंडिगो संकट के कारण शनिवार को भी 800 से ज्यादा फ्लाइट्स कैंसिल हुईं। छठे दिन भी यह सिलसिला जारी है। हालांकि इंडिगो ने दावा किया है कि उसने 95% रूट पर फ्लाइट ऑपरेशन नॉर्मल कर दिया है।

एयरलाइन ने कहा कि 138 में से 135 डेस्टिनेशंस पर फ्लाइट ऑपरेट कर रहे हैं। हमें लोगों का भरोसा दोबारा जीतने के लिए काफी वक्त लगेगा। इधर, रविवार को भी इंडिगो की 650 से ज्यादा फ्लाइट कैंसिल हो चुकी हैं। इनमें दिल्ली, चेन्नई, जयपुर, हैदराबाद, भोपाल, मुंबई, त्रिची से जाने वाली फ्लाइट्स शामिल हैं। इससे पहले एयरलाइन ने शुक्रवार को लगभग 1600 फ्लाइट और शनिवार को लगभग 800 फ्लाइट कैंसिल की थीं। महाराष्ट्र विधान परिषद के चेयरमैन राम शिंदे ने फ्लाइट संकट और सदस्यों को समय पर पहुंचाने के लिए नए नोडल अधिकारी की नियुक्ति पर कहा- महाराष्ट्र विधानसभा का शीतकालीन सत्र कल से शुरू होने वाला है और हमारी रिव्यू मीटिंग के दौरान एक नई समस्या सामने आई है कि एयरलाइन की समस्या के कारण कई सदस्य समय पर नहीं पहुंच पाएंगे। इसलिए मैंने आने-जाने की देखरेख के लिए एक विशेष नोडल अधिकारी नियुक्त किया है, ताकि यह तय हो सके कि सभी समय पर पहुंचें। इंडिगो ने रविवार को अगरतला एमबीबी एयरपोर्ट पर 9 फ्लाइट्स कैंसिल कर दी हैं। इंडिगो अगरतला एयरपोर्ट से 11 फ्लाइट्स ऑपरेट करती है, जिनमें से रविवार को 9 कैंसिल कर दी गईं। इंडिगो की फ्लाइट्स कैंसिल होने की वजह से, अगरतला-कोलकाता और कोलकाता-अगरतला रूट पर हवाई किराया काफी बढ़ गया है। अगरतला-कोलकाता रूट पर फ्लाइट का किराया, जो पिछले हफ्ते भी 3,200 था, वह बढ़कर 11,000 से 13,000 रुपए प्रति टिकट हो गया है।

### चिदंबरम बोले- किराया नियंत्रण जरूरी

कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम ने रविवार को कहा- जब तक एयरलाइन सेक्टर में सिर्फ दो कंपनियां हावी हैं, तब तक हवाई किरायों पर यह रोक जारी रहनी चाहिए। उन्होंने पोस्ट में लिखा- मुझे खुशी है कि नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने अब जाकर इकोनॉमी क्लास के किरायों को सीमित किया है। जब तक एयरलाइन सेक्टर में कॉम्पिटिशन नहीं बढ़ता, जनता की सेफ्टी के लिए कीमतों को सीमित करना ही उपाय है। उन्होंने यह भी कहा कि इंडिगो में हुई गड़बड़ी और देशभर के एयरपोर्ट्स पर मची अफरा-तफरी दिखाती है कि इंडिगे प्रबंधन, नागरिक उड्डयन मंत्रालय, डीजीसीए और सरकार, सब अपनी जिम्मेदारी निभाने में असफल रहे। उन्होंने बताया कि पायलट ड्यूटी टाइम के नए नियम जनवरी 2024 के थे, लेकिन 23 महीनों में सरकार एयरलाइन को इन नियमों के मुताबिक काम करने में मदद नहीं कर सकी।

### सरकार सख्त- इंडिगो संकट पर जारी किए आदेश-निर्देश

- कंपनी को पैसे रिफंड करने और कैंसिल या रुकी हुई फ्लाइट्स के लिए पूरा रिफंड प्रोसेस 7 दिसंबर को रात 8 बजे तक पूरा करनी होगी। अगले 48 घंटों में पैसेंजर के बैगेज को ट्रेस करके डिलीवर करना होगा।
- कंपनी के सीईओ को 24 घंटे में बताना होगा कि पिछले 5 दिन से जारी संकट के चलते कंपनी पर एक्शन क्यों न लिया जाए। जवाब न देने पर ऊ्रङ्कउअ एकतरफा फैसला ले सकेगा।
- बाकी एयरलाइंस के बढ़ते किराए पर रोक लगाई। हवाई किराया फिक्स किया। अब कोई भी एयरलाइन 500 किमी की दूरी तक 7500 रुपए, 500-1000 किमी तक 12 हजार रुपए से ज्यादा किराया नहीं ले पाएगी।

---

# गोवा हादसा-बेली डांसर के डांस के दौरान आग लगी

### संकरे रास्ते ने फायर ब्रिगेड रोकी; सरपंच बोले- क्लब अवैध, तोड़ने का नोटिस दिया था

एजेंसी ▸▸ गोवा



गोवा के अरपोरा इलाके में स्थित नाइट क्लब में शनिवार रात आग लगने से 25 लोगों की मौत हो गई और 6 लोग घायल हो गए। शुरूआती जांच में पता चला है कि आग डांस फ्लोर से शुरू हुई।

हादसे के समय क्लब में करीब 100 लोग मौजूद थे और बॉलीवुड बैंगर नाईट चल रही थी। इसका वीडियो भी सामने आया है। इसमें बेली डांसर महबूबा-ओ-महबूबा पर डांस करते दिख रही है। इस दौरान क्लब की छत से कांच के बड़े टुकड़े टूटकर नीचे गिरने लगे। कुछ ही सेकंड बाद आग की तेज लपटें दिखाई देने लगीं। लपटें देख लोग घबरा गए और महिला डांसर ने भी तुरंत डांस रोक दिया।

जांच में सामने आया है कि क्लब की एंट्री संकरी होने के चलते फायर ब्रिगेड नहीं पहुंच सकी। वहीं, अरपोरा-नगुआ गांव के सरपंच का कहना है कि क्लब अवैध था, इसे तोड़ने का नोटिस भी दिया था।

### सुरक्षा मानकों पर बड़े सवाल

क्लब खुद को 'आइलैंड क्लब' बताता है। यह अरपोरा नदी के बैकवाटर में बना हुआ है। जानकारी के मुताबिक क्लब में एंट्री और एग्जिट के रास्ते संकरे है। इसके चलते आग लगने के बाद फायर ब्रिगेड क्लब तक नहीं पहुंच पाईं और उन्हें 400 मीटर दूर पार्क करना पड़ा। इससे बचाव कार्य में काफी देरी हुई। अधिकारियों के मुताबिक अधिकतर मौतें धुएं और दम घुटने से हुईं। क्लब के मैनेजर को गिरफ्तार कर लिया है। आग लगने के कारणों की जांच चल लही है। हादसे के बाद क्लब के निर्माण, सुरक्षा और फायर सेफ्टी मानकों पर गंभीर सवाल उठे हैं। अरपोरा-नगुआ पंचायत के सरपंच रोशन रेडकर ने बताया कि क्लब विवादों में था। साझेदारों के बीच झगड़े के चलते पंचायत ने जगह का निरीक्षण किया था और पाया था कि क्लब बिना अनुमति बना है। इसके लिए डिमोलिशन नोटिस (तोड़ने का नोटिस) भी जारी हुआ था।

### नेवी चीफ बोले- ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

इंडियन नेवी चीफ एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने रविवार को कहा कि भले ही ऑपरेशन सिंदूर को फिलहाल रोका गया है, लेकिन ये अभी भी जारी है। भारत पर अगर कोई भी अटैक की कोशिश करेगा, तो हमारी सेना उसे मुंहतोड़ जवाब देगी, जैसा ऑपरेशन सिंदूर के समय दिया था। रविवार को दिल्ली में आर्म्ड फोर्सेज फ्लैग डे फंक्शन 2025 में पहुंचे नेवी चीफ ने कहा- आप जानते हैं कि ऑपरेशन सिंदूर केंद्र सरकार ने क्या कदम उठाए थे। मुझे महसूस होता है कि इस देश के नागरिकों को अपनी सेना पर गर्व है। अगर कोई हम पर बुरी नजर डालेगा, तो हम उसे करारा जवाब देंगे। इससे पहले 2 दिसंबर को भी नेवी चीफ ने कहा था कि ऑपरेशन सिंदूर अभी भी जारी है।

**मामले को यहीं खत्म करना चाहती हूं-मंधाना**

### स्मृति मंधाना-पलाश मुछाल की शादी कैंसिल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर



भारतीय महिला क्रिकेटर स्मृति मंधाना और सिंगर पलाश मुछाल की शादी कैंसिल हो गई है। स्मृति और पलाश ने इंस्टाग्राम पर स्टोरी लगाकर इसकी जानकारी दी। दोनों की शादी 23 नवंबर को होनी थी।

संगीत से लेकर हल्दी के कार्यक्रम हो चुके थे। बारात की तैयारियां चल रही थीं। ऐसे में 23 नवंबर की सुबह स्मृति के पिता को हार्ट अटैक आने के बाद शादी पोस्टपोन कर दी गई थी।

शादी टलने के बाद सोशल मीडिया पर कई तरह की अफवाहें फैलने लगीं। दावा किया गया कि पलाश ने स्मृति के साथ धोखा किया है और उनका नाम वेडिंग कोरियोग्राफर से जोड़ा गया। इसी बीच, स्मृति ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से शादी से जुड़ी सभी तस्वीरें हटा दी थीं। स्मृति ने पोस्ट में लिखा- पिछले कुछ हफ्तों से मेरी निजी जिंदगी को लेकर काफी अटकलें लगाई जा रही हैं, इसलिए मुझे लगा कि इस समय मुझे खुद इस बारे में बात कर देनी चाहिए। मैं बहुत निजी स्वभाव की इंसान हूं और अपनी प्राइवेसी बनाए रखना चाहती हूं, लेकिन यह साफ करना जरूरी है कि शादी अब कैंसिल हो गई है।

### भारत लौटी सुनाली बोली- बांग्लादेश में दो महीने भूखे-प्यासे भटके

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

यदि पुलिस घर आए और कहे कि आप बांग्लादेशी हैं। सामान समेटिए, आपको बांग्लादेश डिपोर्ट कर रहे हैं। अपने बचाव में आप आधार, राशन कार्ड दिखाएं, लेकिन पुलिस एक न सुने और आंख पर पट्टी बांधकर सीधे बांग्लादेश बॉर्डर भेज दे। ऐसा फरमान किसी की भी जिंदगी को पलभर में उजाड़ देगा। 26 साल की सुनाली खातून की जिंदगी ऐसे ही एक फरमान ने नरक बना दी थी। गर्भवती खातून के साथ उसके 8 साल के बेटे ने भी इस नरक को भोगा। शुक्र है कि 3 दिसंबर को सुप्रीम कोर्ट ने मानवीय आधार पर सुनाली को भारत लाने का आदेश दिया। सुनाली अब पश्चिम बंगाल में हैं। कुपोषण का इलाज करा रही हैं। पुलिस ने सुनाली, पति दानिश, बेटे साबिर, स्वीटी बीबी और उनके दो बेटों को 18 जून को दिल्ली के रोहिणी इलाके से उठाया था। पुलिस उस वक्त गृह मंत्रालय के आदेश पर बांग्लादेशियों को पकड़ रही थी। लेकिन, पुलिस ने मंत्रालय का सर्कुलर ठीक से पढ़ा ही नहीं था।

### मध्यप्रदेश में शीतलहर, 24 शहरों में पारा 10° से कम

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



पहाड़ी इलाकों से बर्फबारी के चलते मैदानी इलाकों में सर्दी बढ़ गई है। मध्य प्रदेश में आज शीतलहर का अलर्ट है। शनिवार को प्रदेश के 24 शहरों में तापमान 10 डिग्री से कम रहा। शहडोल का कल्याणपुर सबसे ठंडा रहा। यहां पर न्यूनतम तापमान 4 डिग्री दर्ज किया गया। राजस्थान में रविवार को कड़ाके की सर्दी से राहत मिली है। अगले एक सप्ताह तक प्रदेश में मौसम साफ रहने की संभावना है। वहीं, शनिवार को जोधपुर, जैसलमेर समेत कुछ जिलों में बादल छाए रहे, हालांकि बारिश नहीं हुई। इधर, उत्तराखंड में रविवार को बद्रीनाथ-केदारनाथ समेत अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी हुई है। वहीं, उत्तरकाशी समेत 3 जिलों में बारिश की संभावना है। शनिवार को केदारनाथ में तापमान माइनस 16 डिग्री और बद्रीनाथ में माइनस 11 डिग्री दर्ज किया गया।

**तहरीक मुस्लिम शब्बन के प्रेसिडेंट बोले- बाबर के नाम से परेशान नहीं**

### हैदराबाद में बाबरी मस्जिद मेमोरियल बनाने का ऐलान

एजेंसी ▸▸ हैदराबाद



तहरीक मुस्लिम शब्बन ने ग्रेटर हैदराबाद में बाबरी मस्जिद मेमोरियल और वेलफेयर इंस्टीट्यूशन बनाने के प्लान का ऐलान किया है। यह फैसला मस्जिद गिराए जाने की 33वीं बरसी पर बाद लिया गया। संस्था के प्रेसिडेंट मुश्ताक मलिक ने कहा हम जल्द ही ऐलान करेंगे कि यह कैसे और कितने समय में बनाया जाएगा।

मलिक ने कहा कि बाबर के नाम से किसी को परेशान नहीं होना चाहिए, उन्होंने दावा किया कि यह मुद्दा पॉलिटिकल प्रोपेगैंडा है।

इससे पहले, तृणमूल कांग्रेस के सस्पेंड एमएलए हुमायूं कबीर ने मुर्शिदाबाद में बाबरी मस्जिद के निर्माण की नींव रखी है। कबीर ने दावा किया कि वह कुछ भी गैर-कानूनी नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा, कोई भी मंदिर बना सकता है, कोई भी चर्च बना सकता है। मैं मस्जिद बनाऊंगा।

हुमायूं कबीर, जिन्होंने बाबरी जैसी मस्जिद की नींव रखी है। उन्होंने कहा- हमें बताया गया है कि हम बाबरी मस्जिद नहीं बना सकते। ऐसा कहीं लिखा नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने एक फैसला दिया था जिसमें कहा गया था कि हिंदू लोगों ने बाबरी मस्जिद गिराई थी।

**मलिक का आरोप- तुलसी की रामचरित मानस में जिक्र नहीं**

तहरीक मुस्लिम शब्बन के प्रेसिडेंट ने आरोप लगाया कि अगर हम तुलसीदास की रामायण देखें, तो वह बाबरी मस्जिद बनने के 60 साल बाद लिखी गई थी। उस रामायण में इस बात का कोई जिक्र नहीं है कि राम मंदिर तोड़ा गया था। उन्होंने कहा- बाबर के बाद हुमायूं का राज आया, और उसके बाद अकबर का। अकबर के महल में रस्में और प्रार्थनाएं होती थीं। जोधाबाई अकबर के महल में थीं। रस्में, प्रार्थनाएं और हवन होते थे। उस समय तुलसीदास भी जिंदा थे। अकबर के समय में, तुलसीदास अकबर से बात कर सकते थे। मान सिंह उस समय आर्मी चीफ थे। वह उनसे पूछ सकते थे। ऐसी बात तुलसी दास की रामायण में नहीं आती है।




## रविवार का महाकाल श्रृंगार



## निचले अमल पर उठते सवाल

इसे कार्य पद्धति की विडंबना कहा जाए या फिर कार्य के प्रति नजरों का दोष कि हर छोटी मोटी समस्या को सूपर वन जिम्मेदार को ही देखना पडता है। फिर चाहे वो छोटी से छोट समस्या हो या बडी। आमतर हर समस्या के निदान की स्थिति यही आती है कि सुपर वन ने इसे देखा और उसके बाद निदान के निर्देश जारी किए गए। उस निर्देश पर अमल भी हुआ कि नहीं ये तक भी नहीं देखा जा रहा है। हाल ही में मक्सी रोड के एक हिस्से पर रोड की दुर्गति की हालत लंबे समय से चली आ रही है। इसे दो नंबर एवं तीन नंबर के अधिकारी एवं कर्मचारी लगभग प्रति दिन ही देखते आ रहे थे लेकिन उसके दुरूस्तीकरण को लेकर कोई भी काम करने को तैयार नहीं था। ऐसे में सुपर वन ने ये हालत देख ली। उन्होंने इसकी दुरूस्तीकरण के निर्देश दिए। शहर में अनेक स्थानों पर ऐसे हालात बने हुए हैं,लेकिन जब तक सूपर वन की नजर न पडे तब तक दुरूस्ती होना मुश्किल ही लग रहा है। इस मसले से निचले अमले के काम करने पर ही सवाल खडा होने लगा है। तमाम क्षेत्रों में निचला अमला रोज पहुंचता है और समस्याओं से दो-दो होते हुए आमजन को रोज ही देखता है। इसके बाद भी निचला अमला इन समस्याओं के निदान के लिए सूपर वन का इंतजार क्यों करता है उसके लिए की जाने वाली पहल को तत्काल कागजी रूप से अंजाम क्यों नहीं देता है। खास तो यह है कि निचले अमले तक अधिकार दिए गए हैं उसके बाद भी आमजन की समस्या निदान के लिए निचले अमले की उपर की और देखने की यह विडंबना कब तक आमजन को सहना होगी। खुसूर-फुसूर है कि सरकारी कागज चलाना और फिर उसे अंजाम तक पहुंचाने में निचले अमले को तमाम मशक्कत करना होती है। मामला आमजन से जुडा है और उसकी समस्या है। अपने आप आम परेशान होगा और उपर तक जाएगा। उपर से निर्देश मिलेंगे उसके बाद काम को अंजाम दिया जाएगा। इस प्रकार की कार्य संस्कृति के कारण ही अधिकांश समस्याएं हैं अन्यथा अगर निचला अमला समस्या निदान की पहल करना शुरू कर दे तो आमजन को समस्या हो जाए ये संभव ही नहीं है।






## समाजसेवी कछावा सम्मानित

उज्जैन। राजस्थान की धरा पर जीवित समाधि लेने वाले बाबा रामदेव जी के अनंत भक्त माली सैनी समाज के आराध्य देव श्री लिखमीदासजी महाराज स्मारक अमरपुरा धाम नागौर के तत्वावधान में आयोजित 9वां पाटोत्सव समारोह में सामाजिक क्षेत्र में कार्य करने वाले श्री सत्यनारायण कच्छावा सम्पादक माली मंथन मासिक पत्रिका को संस्थान की ओर से श्री मोतीलाल सांखला उपाध्यक्ष, राधाकिशन तंवर सचिव ने सम्मानित किया। संस्थान द्वारा 30 नवंबर को राज्य स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया था। 1 दिसंबर से 5 दिसंबर के बीच धार्मिक प्रवचन व भजन संध्या में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस अवसर पर नियमित रूप से भोजन प्रसादी की व्यवस्था रखी गयी थी। ध्वजारोहण व महाआरती के पश्चात कार्यक्रम का समापन किया गया। यह जानकारी कोषाध्यक्ष श्री कमल भाटी ने दी।

### निकाय एवं जनपद को प्रशासनिक आयोजनों में 11 जोडों को जुटाने में पसीने छूट रहे

# बीपीएल कार्ड नहीं तो मुख्यमंत्री कन्यादान योजना का लाभ नहीं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन




अब हर कोई परिवार मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में शामिल होकर उसमें मिलने वाली राशि और सामान के मजे नहीं ले सकेगा। इसमें अब मात्र बीपीएल कार्ड राशन और अन्य योजनाओं के मजे लेने वाले ही मजे ले सकेंगे। मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में अब सात फेरे में भी बीपीएल कार्ड आवश्यक हो गया है। इस कारण से कईयों की शादी में दिक्कत आ रही है।

मुख्यमंत्री विवाह / कन्यादान योजना में अब सात फेरे लेने के नियमों में शासन ने बड़ा बदलाव किया है। नई गाइड लाइन के मुताबिक इस योजना में सिर्फ बीपीएल परिवार की कन्या ही भाग ले पाएगी। जबकि, अब तक किसी भी श्रेणी का परिवार योजना में शामिल होकर लड़के-लड़की का विवाह करा सकता था। स्थिति यह बन रही है कि इसका आयोजन करने के लिए कम कम 11 जोड़ो की जरुरत इस योजना में होती है। इसके चलते प्रशासनिक स्तर पर भी इतने जोडों को जुटाने में अब पसीने छूट रहे हैं। इसी कारण से देव उठनी पर इस बार मुख्यमंत्री कन्यादान योजना की शहनाई नहीं बज सकी।

### बीपीएल कार्ड आवश्यक

मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में सरकार द्वारा 55 हजार रुपए दिए जाते है। इसमें कन्या के खाते में सीधे 49 हजार रुपए जाते है। वहीं, 6 हजार रुपए आयोजनकर्ता के खाते में जाते है। सामाजिक न्याय विभाग ने वर्ष 2025-26 के लिए योजना की गाइड लाइन बदली है। जिसके अनुसार सामूहिक विवाह सम्मेलन में शामिल होने वाली वधु का बीपीएल कार्ड होना अनिवार्य किया गया है। जिसके चलते सिर्फ गरीबी रेखा से नीचे वाले परिवार ही इसका लाभ ले पाएंगे। साथ ही इस योजना में पात्रता के लिए वधू का मप्र की मूल निवासी होना जरूरी है।

### देव उठनी पर नहीं हो सके आयोजन

मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह योजना के तहत सामाजिक संस्थाएं सामूहिक विवाह / निकाह का आयोजन कराती थी। पिछले साल से सामाजिक न्याय विभाग ने इसमें बदलाव करते हुए सिर्फ शासकीय एजेंसियों को ही अधिकृत किया है। जिसमें नगरीय निकाय में नगर निगम, नगर परिषद और ग्रामीण क्षेत्र में से जनपद पंचायत के तहत ही आयोजन होंगे। सामाजिक संस्थाओं को भी इसी में शामिल होना होगा। सामूहिक विवाह चार तिथि देवउठनी एकादशी, बसंत पंचमी, अक्षय तृतीया और एक जिला प्रशासन स्तर पर तय की जाती है। बताया जा रहा है कि बीपीएल की पात्रता के नियम के चलते इस बार देवउठनी एकादशी पर किसी भी निकाय या जनपद ने सामूहिक विवाह का आयोजन नहीं किया जा सका। खास यह है कि चार तिथियों में से जिले में सभी निकाय हो या सभी जनपद कुल 200 विवाह ही किए जा सकेंगे। जानकारी के अनुसार संबंधित एजेंसी को यह विवाह करवाने के लिए कम से कम 11 जोडे की जरुरत होती है। लेकिन, देव उठनी ग्यारस पर स्थिति यह बनी कि जिले में न तो निकाय और न ही जनपदों को 11जोडे भी नहीं मिल पाए।इसी के कारण से मुख्यमंत्री कन्यादान योजना का आयोजन जिले में शासकीय स्तर पर नहीं हो सका।

### बीपीएल नहीं होने से वंचित हुए गरीब

महत्वपूर्ण बात यह है कि कम बजट में भी शादी की जाए तो खर्च लाखों तक पहुंचता है। कई मध्यमवर्गीय के साथ गरीब परिवार भी है, जिनके पास बीपीएल कार्ड नहीं है। जिसके कारण वह इस योजना का लाभ नहीं ले पा रहे।

### योजना के लिए पात्रता...

वधू या अभिभावक मप्र के मूल निवासी होने चाहिए। कन्या ने विवाह के लिए न्यूनतम वैधानिक आयु 18 वर्ष पूर्ण कर ली हो। * सामूहिक विवाह में शामिल होने वाले वर-वधू के घर में शौचालय निर्मित होकर निरंतर उपयोग में होना चाहिए। शौचालय नहीं है तो वर पक्ष को विवाह के बाद तीन माह के भीतर शौचालय बनवाना अनिवार्य है। बीपीएल कार्ड धारी वाले सामान्य, अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के परिवार पात्र रहेंगे।

-बीपीएल परिवार की कन्या होना आवश्यक किया गया है। अधिकतम एक बार के आयोजन में 200 जोडे ही शामिल हो सकेंगे। इसकी संख्या निर्धारित की गई है।

**-सतीश कुमार ,सहायक संचालक,सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता,उज्जैन**

### शहर के बाजार में सुविधाघरों का अभाव, जो हैं उनमें साफ-सफाई नहीं

# उज्जैन में महिलाओं का बाजार जाना तनाव का विषय...

### स्मार्ट शहर में महिलाओं को तनाव लेना पड रहा सुविधाघर को लेकर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन




शापिंग के नाम पर तत्काल तैयार हो जाने वाली महिलाएं उज्जैन शहर में इस बात पर तनाव में आ जाती हैं। इसके पीछे कारण है स्मार्ट शहर में आधी आबादी के लिए उनके अनुसार सुविधाघरों का अभाव या फिर जो सुविधाघर हैं उनमें साफ झसफाई नहीं हैं। ऐसे में महिलाओं को कई बार शर्मिंदगी के हालातों से गुजरना पडता है।

शहर की सब्जी मंडी हो चाहे फिर सामान्य बाजार तकरीबन सभी जगह एक जैसे ही हाल हैं। एक तो सुविधाघरों के हालात बदहाल हो चुके हैं दुजे उनमें साफ-सफाई पर्याप्त न होने से गंदगी और बदबू की स्थिति बराबर बनी रहती है। ऐसे में बाजार जाने वाली महिलाओं को परेशानी की स्थिति से गुजरना पडता है और कई बार उन्हें दुकानदारों के निजी वाशरूम का उपयोग करने के लिए आग्रह करना पडता है।

### दो हिस्से में शहर ,पर्याप्त नहीं सुविधाघर

उज्जैन शहर दो हिस्सों में बंटा हुआ है। एक हिस्सा फ्रीगंज एवं दुसरा शहरी छोर। बाजार की हालत भी दो हिस्सों जैसी ही है। फ्रीगंज नए शहर में अपनी सब्जी मंडी है और पुराने शहर में छत्रीचौक, दौलतगंज सब्जीमंडी है। ऐसे में इन मंडियों के आसपास महिलाओं के लिए ढंग के सुविधाघर तक नहीं हैं। यही नहीं फ्रीगंज क्षेत्र में तंबाकू बाजार सहित हारफूल वाली गली,शहीद पार्क,पुरानी सब्जी मंडी क्षेत्र में सुविधाघर ढूंढने से भी नहीं मिलते हैं। पुराने विजयाराजे स्कूल के पीछे की गली में चलित शौचालय पुरूषों के लिए रखे गए हैं उनमें भी जमकर गंदगी की स्थिति रहती है। नगर निगम के मांगलिक भवन एवं व्यवसायिक मार्केट के पीछे कोने कुचाले में सार्वजनिक शौचालय है जिसकी जानकारी ही लोगों को नहीं हो पाती है। माधवनगर अस्पताल के मुहाने पर बने शौचालय की स्थिति इतनी गंदी रहती है कि वहां की बदबू से ही कोई अंदर जाना नहीं चाहेगा।

### शहरी हिस्से में भी यही हाल

पुराने शहर के बाजार वाले हिस्सों में भी कुछ इसी तरह के हाल हैं। बाजार क्षेत्र में पुरूषों के लिए ही सुविधाघर नहीं होने से दुकानदार वाहनों से दूर जाने के लिए मजबूर होते हैं। ऐसे में महिलाओं के लिए सुविधाघर की बात तो दूर की है। सराफा,लखेरवाडी,सतीगेट जैसे बाजार में ही महिला सुविधाघर की कमी है।

### ये है तनाव का कारण

शहर के बाजार क्षेत्र में प्रसाधन तक की सुविधा नहीं है। वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में जो सार्वजनिक शौचालय है वह भी गंदगी से पटा होने की वजह से महिलाएं वहां जाना पसंद नहीं करती हैं। सर्वसुविधायुक्त प्रसाधन की कमी की वजह से बाजार आने वाली महिलाएं काफी तनाव महसूस करती हैं। इसे लेकर अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है।

### बस स्टैंड की स्थिति खराब

शहर के सुविधाघरों की स्थिति जानना हो तो देवासगेट एवं नानाखेडा बस स्टैंड की स्थिति जांच कर ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि शहर में हालात कैसे होंगे। महिलाओं और पुरुषों के लिए बनाए गए सुविधा घरों में प्रवेश करना तक टेड़ी खीर है। गंदगी से पटा होने के साथ ही यहां बदबू की स्थिति बनी रहती है। न तो यहां फिनाईल का पर्याप्त मात्रा में उपयोग सफाई के दौरान होता है और न ही ब्लीचिंग का उपयोग ही किया जाता है। मात्र पानी से सफाई कर काम चलाया जाता है जिससे बदबू जाने का नाम ही नहीं लेती है।

### कलेक्टर ने व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया

# स्मृति ईरानी और अशोक चौधरी ने किए बाबा महाकाल के दर्शन,

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन





पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी और बिहार सरकार के ग्रामीण कार्य विभाग मंत्री अशोक चौधरी ने महाकालेश्वर मंदिर में दर्शन किए। स्मृति ईरानी ने शनिवार रात को दर्शन लाभ लिया, जबकि मंत्री अशोक चौधरी ने रविवार सुबह भस्म आरती में भाग लिया। मंदिर समिति ने दोनों नेताओं का सम्मान किया। रविवार सुबह, बिहार सरकार के ग्रामीण कार्य विभाग मंत्री अशोक चौधरी ने बाबा महाकाल की भस्म आरती में शामिल होकर दर्शन किए। दर्शन-पूजन के बाद मंदिर के उपप्रशासक एसएन सोनी ने मंत्री चौधरी का सम्मान किया और उन्हें भगवान महाकाल का प्रसाद भेंट किया।

शनिवार रात को शयन आरती से पहले पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने भी महाकाल मंदिर पहुंचकर नंदी हॉल से भगवान महाकाल के दर्शन-पूजन किए। उन्होंने नंदी जी के कान में अपनी मनोकामना भी कही। दर्शन के बाद स्मृति ईरानी ने कहा कि वह स्वयं को भाग्यशाली मानती हैं कि उन्हें बाबा महाकाल के दर्शन का अवसर मिला। उन्होंने उज्जैन की भूमि पर वास करने वाले लोगों को भी सौभाग्यशाली बताया। मंदिर समिति द्वारा पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को भगवान महाकाल का प्रसाद और दुपट्टा भेंट कर सम्मानित किया गया। मंत्री अशोक चौधरी को भी भगवान महाकाल का प्रसाद भेंट कर सम्मान किया गया।

**कलेक्टर द्वारा महाकाल लोक एवं मंदिर का दौरा किया:** श्री महाकालेश्वर मंदिर और श्री महाकाल महालोक में श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या के मद्देनजर यहां की व्यवस्थाओं को सुचारु एवं उच्च मानकों पर बनाए रखने के लिए श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष एवं कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक तथा अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। इस दौरान। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं को सुगमता से दर्शन कराने के साथ ही परिसर का उचित रखरखाव सुनिश्चित करना। महाकाल लोक के मूल स्वरूप और भव्यता को निरंतर बनाए रखने हेतु विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। संपूर्ण परिसर में स्वच्छता व्यवस्था को उच्च स्तर पर बनाए रखने और कहीं भी गंदगी न होने देने पर जोर दिया गया।

### पुष्पमाला पहनाकर स्वागत, अभिनंदन किया



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शनिवार को-योगेश्वर टेकरी के सभी स्वयंसेवकों द्वारा अयोध्या में 1992 में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सेवा देने वाले सुमन मेहता ( दादा ) अशोक मंडलोई ,नरेंद्र सांखला ,राधेश्याम त्रिपाठी ,नंदू जी काला का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत , अभिनंदन किया गया।

### शरीर को चुस्त दुरूस्त रखना हमारी नैतिक जिम्मेदारी होती है

# पीना तो चाहिए ,ठंड है तो क्या हुआ, शरीर देता नहीं सिग्नल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शीतऋतु कई सारे परिवर्तन लेकर आती है। ठंड के साथ ही हमारी दिनचर्या मे जहां परिवर्तन आ जाता है वहीं शरीर मे भी काफी बदलाव आते हैं। हमारे खान- पान की आदतें भी परिवर्तित होने लगती हैं। शरीर को चुस्त दुरूस्त रखना हमारी नैतिक जिम्मेदारी होती है। शरीर रहा स्वस्थ तो कार्य उत्पादकता भी उत्तम होती है। ठंड के मौसम मे सबसे ज्यादा आवश्यकता होती है शरीर को हायड्रेटेड रखना।

### सिग्नल मिलते नहीं पर आपूर्ति जरूरी

शीतकाल मे भी शरीर रूपी मशीन कार्यशील तो होती ही है और शरीर को निरंतर पानी की आवश्यकता होती है किन्तु शरीर का तापमान बढ नहीं पाता इसलिये शरीर प्यास के सिग्नल नही देता और हम सामान्यतः पानी नहीं पीते जो एक बडी गलती होती है। पानी की कमी से कुछ गंभीर बीमारियां होने की प्रत्याशा बढ जाती है।

कम पानी से शारीरिक परेशानी

कम पानी के कारण शरीर मे निर्जलीकरण हो जाता है जिससे हमारी किडनी सबसे ज्यादा प्रभावित होती है।किडनी फिल्टर का काम करके रक्त शुद्धिकरण की प्रक्रिया करती है। पानी की कमी से खून का फिल्टर होना धीमा पड जाता है जिससे पेशाब गाढी और गहरे रंग की हो जाती है। पानी कम होने से खनिज पदार्थ जम जाते हैं फलस्वरूपपथरी होने की संभावना बढ जाती है।

### स्टेमिना कम हो जाना

शरीर मे पानी की कमी से फिजिकल स्टेमिना घट जाता है परिणामस्वरूप थोडी सी सीढियां चढने या सामान उठाने पर थकान आ जाती है।



### फोकस नहीं व चिड़चिड़ापन

शरीर मे पानी की कमी होने पर मस्तिष्क मे कम आक्सीजन वाला रक्त पहुंच पाता है जिससे मानसिकता प्रभावित हो जाती है। व्यक्ति किसी वस्तु पर फोकस नहीं हो पाता और चिड़चिड़ापन आ जाता है। किसी काम को करने का मन नहीं होता। हिडन स्ट्रेन का खतरा हो जाता है।

### वेसोप्रेसीन हार्मोन्स का बढना

शरीर के निर्जलीकरण से कई मर्तबा वेसोप्रेसीन हार्मोन्स की मात्रा बढ जाती है परिणामस्वरूप क्रोनिक इंटरनल डिहायड्रेशन का खतरा उत्पन्न हो जाता है।

### कितना पानी पीना चाहिए

जनरल स्टडीज आन वाटर इंटेग के अनुसार ठंड के मौसम मे भी श्रम करने के कारण शरीर मे पानी की कमी होती रहती है अतः भरपूर पानी पीना आवश्यक है। ठंड के मौसम मे पुरूष को एक दिन मे ढाई से साढे तीन लीटर तक व महिलाओ को दो से तीन लीटर तक पानी पीना चाहिए। अत्यधिक शारीरिक कार्यकलाप वाले लोगों को जैसे हम्माल,खिलाडियों आदि को चार से साढे चार लीटर पानी पीना जरूरी होता है।

### तरल पदार्थ के रूप मे लें

फलों व सूप मे भी जल मौजूद होता है अतः ठंड मे मौसमी फल जैसे अमरूद, सेवफल, संतरा,अंगूर आदि का सेवन हितकर होता है। टमाटर आदि का सूप पीने से भी जल शरीर मे जाता है।इसके अलावा ग्रीन टी, चाय,काफी, दूध से भी तरल पदार्थ शरीर मे पहुंचता है जो पानी का अच्छा स्त्रोत होता है।

**-डॉ प्रज्ञान त्रिपाठी**

नं. 1 क्षेत्रीय अखबार

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

# दैनिक अवन्तिका



## न्यूज ब्रीफ

### इंदौर, उज्जैन व सागर के लिए इलेक्ट्रिक बसें जल्द

**उज्जैन।** भोपाल सिटी लिंक लिमिटेड पहली बार पूरी तरह इलेक्ट्रिक इंटरसिटी बस सेवा शुरू करने जा रहा है। अमृत 2.0 मिशन के तहत मिली 22 नई इलेक्ट्रिक बसें इंदौर, उज्जैन व सागर रूट पर चलाई जाएंगी। बीसीएलएल जल्द टेंडर निकालकर एजेंसी तय करेगा। जो एजेंसी बस चलाएगी, वही आईएसबीटी और हलालपुर में चार्जिंग स्टेशन भी बनाएगी।

अभी तक इंटरसिटी कनेक्टिविटी सूत्र सेवा के पुराने डीजल मॉडल पर चल रही थी। सूत्र सेवा की शुरूआत अगस्त 2018 में रक्षाबंधन से ठीक एक दिन पहले हुई थी। उस समय 127 बसों की मंजूरी मिली थीं। करीब 110 बसों का संचालन होने लगा था, लेकिन इन बसों की खराबी और मेंटेनेंस को लेकर काफी शिकायतें थीं। लिहाजा, धीरे-धीरे ये बंद होती चली गईं। आज मुश्किल से 40 बसें ही संचालित हो रही हैं। मकसद 16 नगर निगम और 4 नपा के बीच कनेक्टिविटी देना था। ॥बसों की कमी, पुराने मॉडल और मेंटेनेंस इश्यू के कारण इंटरसिटी कनेक्टिविटी कमजोर होती गई। डीजल का प्रयोग न होने से प्रदूषण कम होगा। ॥महिला-दिव्यांग यात्रियों की सुविधा का खास ध्यान। ॥सुरक्षा के लिए सीसीटीवी और जीपीएस आदि की व्यवस्था रहेगी।

### सिंहस्थ के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक हुई

**उज्जैन।** शनिवार को मेला अधिकारी आशीष सिंह और कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के द्वारा आगामी सिंहस्थ महापर्व 2028 के अंतर्गत विभिन्न विभागों के द्वारा निर्माणरत कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक की गई।

बैठक में पीएसओ श्री गोपाल डाड, नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा, सीईओ जिला पंचायत श्रेयांस कूमट, सीईओ यूडीए संदीप सोनी, सीईओ स्मार्ट सिटी संदीप शिवा एवं संबंधित विभागों के अधिकारीगण मौजूद थे।

बैठक में स्मार्ट सिटी के कार्यों की समीक्षा के दौरान जानकारी दी गई कि वीर भारत संग्रहालय के निर्माण के अंतर्गत कोठी महल के बाहर भी रेनोवेशन का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। नृसिंह घाट के रिनोवेशन का कार्य भी प्रारंभ कर दिया गया है, वहां से पुराने पत्थर हटाए जा चुके हैं। यूनिटी मॉल की भौतिक प्रगति 58 प्रतिशत हो चुकी है। बैठक में नगर निगम के निर्माण कार्यों की समीक्षा के दौरान जानकारी दी गई कि रीगल टॉकीज के जीर्णोद्धार का कार्य प्रारंभ हो चुका है। लिगसी वेस्ट का कार्य अभी प्रगतिरत है। बैठक में खजूर वाली मस्जिद से गाड़ी अड्डा तक चौड़ीकरण का कार्य, नानाखेड़ा से शांति पैलेस होटल मार्ग निर्माण और नदी और सप्तसागर की सफाई करवाई जाने पर भी विचार विमर्श किया गया।

# नकली नोट से ड्रग्स खरीदने की फिराक में थे आरोपी

## बैंक नोट प्रेस करेगी नंबरों की जांच, फरार आरोपियों की तलाश में दबिश

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

नकली नोट छापने की फैक्ट्री का खुलासा होने के बाद दो आरोपी पुलिस की रिमांड पर है। पुलिस को पता चला है कि नकली नोट से ड्रग्स खरीदने की फिराक में उज्जैन का एक फरार आरोपी था। नोट छपाई का मुख्य आरोपी इंदौर का है जिसकी तलाश में दबिश दी जा रही है। उज्जैन और इंदौर के दो आरोपियों के गिरफ्त में आते ही मामले में और भी खुलासे होंगे। फिलहाल नकली नोटों को जांच के लिए बैंक नोट प्रेस भेजा जा रहा है।






### 10 दिसंबर तक पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया

चिमनगंज थाना पुलिस ने दोनों को 10 दिसंबर तक पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया है। मामले में उज्जैन की हीरा मिल की चाल में रहने वाले सोनू टेटवाल और इंदौर के रहने वाले राजेश बरबटे मुख्य सरगना होना सामने आए। फिलहाल दोनों फरार है। अब पता चला है कि सोनू नकली नोटों से ड्रग्स खरीदने की फिराक में था। वह पूर्व में नकली तेल कांड का आरोपी भी रह चुका है। चिमनगंज थाना प्रभारी गजेंद्र पचोरिया के अनुसार सोनू परिवार सहित फरार हो चुका है जिसके ठिकानों पर दबिश स्थिति जा रही है। वही राजेश की तलाश में भी एक टीम इंदौर और आसपास के जिलों में भेजी गई है। दोनों की गिरफ्तारी पर 10 10 हजार का इनाम घोषित किया गया है। सोनू और राजेश के हिरासत में आने पर कई और खुलासे हो सकते हैं।

5 दिसंबर को पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने इंदौर उज्जैन से जुड़ी नकली नोटों की फैक्ट्री का खुलासा किया था। क्राइम ब्रांच और चिमनगंज थाना पुलिस की टीम ने पांड्याखेडी ब्रीज रेल पटरी क्षेत्र से दो आरोपी हिमांशु उर्फ चीनू गौसर पिता राजेश गोसर 26 साल निवासी शिव मंदिर के सामने गउघाट रेल्वे कालोनी उज्जैन और दीपेश चौहान पिता अनोखीलाल चौहान 22 साल निवासी शिवगंगा सिटी हाटकेश्वर के पीछे उज्जैन को गिरफ्तार किया था। दोनों के पास से 17.50 लाख के नकली नोट बरामद किए गए थे।

### ऑर्डर देकर उज्जैन से खरीदा था प्रिंटर

रिमांड पर चल रहे आरोपियों से जानकारी सामने आई है कि नोट छापने के लिए प्रिंटर उज्जैन से ही ऑर्डर देकर खरीदा गया था। राजेश और हिमांशु पूर्व में भी नकली नोट छापने के आरोपी रह चुके हैं। दोनों की मुलाकात जेल में हुई थी। जेल से बाहर आने के बाद फिर उन्होंने नकली नोट का अवैध कारोबार शुरू कर दिया था। पुलिस की हिरासत में आरोपी दीपेश चौहान एसी लगाने का काम करता था। लेकिन आरोपियों से जुड़ने के बाद नकली नोट की डिलेवरी देने का काम करने लगा था।

### बैंक नोट प्रेस भेजे जा रहे नकली नोट

चिमनगंज थाना पुलिस ने बताया आरोपियों से बरामद 17.50 लाख के नकली नोट बैंक नोट प्रेस देवास भेजे जा रहा है। आरोपियों से पूछताछ में सामने आया था कि 500 के नकली नोटो पर दर्ज नंबर 10 के असली नोटों की सीरीज के हैं। जांच अधिकारी उप निरीक्षक सुरेंद्र मंडलोई के अनुसार नोट बैंक प्रेस से इस बात की जानकारी प्राप्त की जाएगी की नकली नोटों पर दर्ज नंबर कब जारी किए गए थे।

## महाकाल मंदिर सुरक्षा में बड़ा बदलाव, 1 जनवरी से नई व्यवस्था लागू

# हथियारों के साथ उच्च प्रशिक्षित गार्ड होंगे तैनात

## नई कंपनी 1000 गार्डों के साथ सुरक्षा व्यवस्था करेगी, वर्तमान सुरक्षा एजेंसी क्रिस्टल का ठेका समाप्त हुआ

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर में 1 जनवरी 2026 से दिल्ली की कंपनी मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था का जिम्मा संभालेगी। वर्तमान सुरक्षा एजेंसी क्रिस्टल का ठेका समाप्त होने के बाद मंदिर समिति ने टेंडर जारी कर नई कंपनी को सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी दी है।




कंपनी एक हजार गार्ड के साथ काम संभालेगी। मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक ने बताया नई कंपनी को ठेका दे दिया गया है। जल्द ही सेवा शर्तों के आधार पर कंपनी के साथ अनुबंध होगा। इसके बाद कंपनी सुरक्षा व्यवस्था संभालेगी। पहली बार कुछ नई शर्तों के साथ कंपनी को ठेका दिया गया है। इसके अंतर्गत कंपनी से हथियारों के साथ कुछ गार्ड की मांग की गई है। इसके साथ ही कंपनी को मंदिर में डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर, हेंड मेटल डिटेक्टर, वाकी-टाकी के साथ उच्च प्रशिक्षित गार्डों की तैनाती करना होगी। इससे पहले सुरक्षा का व्यवस्था संभाल रही क्रिस्टल कंपनी में 700 गार्ड तैनात थे।



### महाकाल मंदिर की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाएंगे

श्री महाकालेश्वर मंदिर और महाकाल महालोक में श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए वहां की व्यवस्थाओं को सुचारु और बेहतर बनाया जाएगा। इसके लिए श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष एवं कलेक्टर रोशन कुमार सिंह व प्रशासक प्रथम कौशिक ने शनिवार को निरीक्षण किया। कलेक्टर ने कहा कि इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए प्रशासन की टीम एवं मंदिर प्रशासन की ओर से समय-समय पर मुआयना और निरीक्षण किया जाता रहेगा। महाकाल लोक के मूल स्वरूप और भव्यता को निरंतर बनाए रखने के लिए विशेष ध्यान देंगे। श्रद्धालुओं की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए, जरूरी निर्माण और सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा।

# लागत भी नहीं निकाल पा रहा प्याज का दाम

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

इस बार प्याज की बंपर आवक हुई है, लेकिन उचित मूल्य न मिलने के कारण किसानों का आक्रोश फूट पड़ा है। उज्जैन जिले के कई किसानों ने प्याज के भाव नहीं मिलने पर अपनी फसल सड़कों पर फेंक दी है। किसानों का स्पष्ट कहना है कि उन्हें प्याज की लागत भी नहीं मिल पा रही है। मंडियों में प्याज का मूल्य मात्र एक से लेकर 2.5 प्रति किलो तक बिक रहा है। इससे हताश होकर किसानों ने प्याज को मंडी पहुंचाने की जगह सड़कों पर फेंकना शुरू कर दिया है।

उज्जैन जिले के गौतमपुरा रोड पर किसान मोहनलाल कुमावत ने अपनी फसल फेंकते हुए बताया कि 7 बीघा जमीन में लगभग 250 क्विंटल प्याज हुई थी। प्याज को उगाने में उन्हें 40 हजार प्रति बीघा तक का खर्च आया है, जिसमें बीज, दवाई और बुवाई का खर्च शामिल है। किसान कुमावत के अनुसार, मंडी में मिल रहे दाम से अधिक तो उन्हें प्याज को खेत से मंडी तक लाने-ले जाने में खर्च हो जाता है। किसानों ने बताया कि हमने प्याज की फसल पर पूरी मेहनत और पूंजी लगाई थी। एक एकड़ में करीब एक लाख रुपये खर्च हो जाते हैं, लेकिन इस बार प्याज के भाव इतने गिर गए हैं कि लागत भी नहीं निकल पा रही है। मजबूर होकर कई किसान फसल पर ट्रैक्टर चला रहे है।

## पुलिस ने दुकानों पर शुरू की सर्चिंग, 112 पर सूचना देने की अपील

# चाइना डोर बेची या पतंग उड़ाई तो जाना होगा जेल

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

खूनी-घातक चाइना डोर पर प्रतिबंध के आदेश जारी हो चुके हैं। आदेश के बाद भी चाइना डोर बेची या पतंग उड़ाई तो जेल जाना होगा। एसपी प्रदीप शर्मा ने सख्त हिदायत जारी की है और सर्चिंग के निर्देश पुलिस को दे दिए हैं। पुलिस की टीम ने मुख्य बाजार तोपखाना में दुकानों पर प्रतिबंध डोर की तलाशी ली। अब प्रतिदिन अभियान चला कर खूनी घातक डोर का पता लगाया जाएगा।

**चाइना डोर का उपयोग करने और बेचने वालों की सूचना डायल 112 पर दी जा सकती है**



पिछले कुछ सालों से पतंगबाजी के लिए नायलॉन के धागे से बनी चाइना डोर का उपयोग पतंगबाजो द्वारा जमकर किया जा रहा था। चाइना डोर बेचने वालों ने भी मुनाफे के लिए बड़े पैमाने पर कारोबार शुरू कर दिया था लेकिन चाइना डोर मानव के साथ ही पशु पक्षियों के लिए घातक साबित हो रही थी। पिछले तीन-चार सालों में सैकड़ो लोग गंभीर रूप से घायल हो चुके थे वहीं एक छात्र की मौत भी हो गई थी। पक्षियों की मौत का आंकड़ा तो अनगिनत था। चाइना डोर के परिणामों को देख कलेक्टर द्वारा प्रतिवर्ष प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए जा रहे हैं। इस बार भी मकर संक्रांति पर वी से पहले दो माह के लिए प्रतिबंध आदेश जारी कर दिया गया है। 14 जनवरी को पतंगबाजी के साथ मकर संक्रांति का पर्व मनाया जाएगा जिसकी शुरूआत हो चुकी है आसमान में पतंग दिखाई दे रही है। पतंगबाज चाइना डोर का उपयोग ना करें और बाजारों में ना बेची जाए, इसको लेकर एसपी प्रदीप शर्मा ने दुकानदारों को सख्त हिदायत देते हुए पतंगबाजो को भी चेतावनी जारी की है। चाइना डोर के उपयोग करने वालों को अब जेल भेजा जाएगा। एसपी शर्मा ने सभी थाना पुलिस को चेकिंग के आदेश जारी कर दिए हैं। जिसके चलते महाकाल थाना पुलिस द्वारा अपने क्षेत्र में लगने वाले पतंग के मुख्य बाजार तोपखाना में दुकानों पर सर्चिंग शुरू कर दी है। पिछले कुछ वर्षों में सबसे अधिक हादसे शहर के ब्रिज पर होना सामने आए हैं जिसके चलते पुलिस ने अब ब्रिज के दोनों और बिजली के लगे पोल पर लोहे के तार बांधना शुरू कर दिए हैं।

### हमारे पूर्वज कठिन संघर्ष के बावजूद एकजुट रहे - फिरोजिया

**उज्जैन।** समाज के पिछड़े हुए वर्गों को एकजुट कर समाज को मजबूती प्रदान करना प्रमुख लक्ष्य रहेगा। खटीक समाज के पूर्वजों ने कठिन संघर्ष और गरीबी के बावजूद समाज को एकजुट कर मजबूत नींव स्थापित की है। उनके दिए हुए मार्गदर्शन और प्रेरणादायक संदेशों को आगे बढ़ाते हुए समाज सेवा व विकास की दिशा में निरंतर कार्य किया जाएगा। यह बात खटीक समाज का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद प्रथम आगमन पर सांसद अनिल फिरोजिया ने समाज द्वारा किए स्वागत के प्रतिउत्तर में कही। उन्होंने समाज का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे वे पूरी ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाएंगे।

# बफीर्ली हवाओं ने बढ़ाई ठंड, उज्जैन में पारा दो डिग्री गिरा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

उत्तर भारत से पहुंच रही बफीर्ली हवाओं के कारण मध्यप्रदेश में ठंड का असर तेजी से बढ़ गया है। इसका सीधा प्रभाव दिन और रात दोनों समय के तापमान पर पड़ा है। उज्जैन में भी पिछले चार दिनों में पारा दो डिग्री तक नीचे चला गया है। दिन में ठंडी हवा चलने से शीतलहर जैसे हालात बन रहे हैं और लोगों को ठिठुरन का सामना करना पड़ रहा है। पहाड़ी इलाकों से आने वाली तेज ठंडी हवाओं ने मौसम को और ठंडा कर दिया है। इससे पहले एक सप्ताह तक दिन में हल्की गर्मी और रात में ठंड का मिश्रित असर बना हुआ था, लेकिन पिछले दो दिनों से मौसम पूरी तरह सर्द हो गया है। रात और सुबह के समय ठंड काफी तेज हो गई है। दिन में धूप निकलने पर हल्की राहत जरूर मिलती है, लेकिन हवा की ठिठुरन ठंड का असर बनाए रखती है।

शनिवार को शहर का अधिकतम तापमान 27 डिग्री और न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया था। रविवार को न्यूनतम तापमान बढ़कर 11 डिग्री दर्ज हुआ।

शासकीय जीवाजी वेधशाला के अधीक्षक डॉ. आर.पी. गुप्त के अनुसार, उत्तर दिशा से लगातार चल रही बफीर्ली हवाएं ही तापमान में गिरावट का मुख्य कारण हैं। मौसम विभाग का अनुमान है कि आने वाले दिनों में भी यही स्थिति बनी रहेगी और न्यूनतम तापमान में और गिरावट दर्ज हो सकती है।

# नीलगंगा सरोवर के पास अवैध निर्माण पर एनजीटी सख्त हुई

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

धर्मनगरी उज्जैन के प्राचीन और पवित्र नीलगंगा सरोवर के किनारे दोबारा शुरू हुए अवैध पक्के निर्माण (दीवार आदि) पर राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने कड़ा रुख अपनाया है। शिकायत के बाद एनजीटी की ओर प्रतिवादियों को नोटिस भेजा गया है।

आवेदकों की शिकायत और तस्वीरों की पुष्टि के बाद, एनजीटी ने सुनवाई में सभी प्रतिवादियों को न केवल नोटिस जारी किए, बल्कि उन्हें 25 फरवरी 2026 को होने वाली अगली सुनवाई से कम से कम एक सप्ताह पहले अपना विस्तृत जवाब अनिवार्य रूप से दाखिल करने का निर्देश दिया। यह कार्रवाई उन स्थानीय भू-माफियाओं और सरकारी तंत्र की मिलीभगत पर बड़ा सवाल खड़ा करती है, जिन्होंने 17 अगस्त 2018 के सख्त आदेशों को भी दरकिनार कर दिया।



# शिप्रा में डूब रहे थे लेकिन 215 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला

## 85 जवानों की ड्यूटी लगी है घाटों पर-कई बार अपनी जान जोखिम में डालकर बचाई जान

### लगातार न्यूनतम 20 जवान एसडीआरएफ एवं 10 होमगार्ड के जवान शिप्रा के विभिन्न घाटों पर तैनात रहते

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

होमगार्ड और एसडीआरएफ के जवानों ने साल 2025 में अब तक शिप्रा के घाटों पर रेस्क्यू ऑपरेशन करते हुए करीब 215 लोगों की जिन्दगियाँ बचाई हैं। इसमें महाकालेश्वर मंदिर दर्शन करने आए श्रद्धालुओं की संख्या अधिक हैं। उल्लेखनीय है कि शिप्रा नदी में नहाना खतरनाक हो गया है और आए दिन लोगों की मौत हो रही है। यदि घाट पर जवान लोगों की जान न बचाए तो मरने वालों की संख्या काफी अधिक हो सकती थी। जिले में मोक्षदायिनी क्षिप्रा नदी के तट पर बने रामघाट, दत्त अखाड़ा एवं नृसिंह घाट पर देशभर से प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु शिप्रा माँ में श्रद्धा की डुबकी लगाने एवं महाकाल दर्शन के लिए उज्जैन आते हैं।



श्रद्धालु स्नान करते समय गहरे पानी में चले जाते हैं जिससे वह डूबने लगते हैं। जिला होमगार्ड कमांडेंट संतोष कुमार जाट ने बताया कि नदी का जल स्तर बढ़ा होने से डूब की घटनाएँ हो रही है। रामघाट पर शिप्रा नदी में डुबकी लगाने आए श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था हेतु संपूर्ण रामघाट पर होमगार्ड और एसडीआरएफ के लगभग 85 जवानों को मोटरबोट एवं अन्य आपदा उपकरणों के साथ तैनात किया गया है। सभी जवान तीन शिफ्टों में तैनात किया गए हैं, जिन्हें समय-समय पर प्रशिक्षित किया जाता है। इसके पश्चात ही रामघाट पर डूब की घटनाओं में कमी आई है। दरअसल, वर्ष 2022 में रामघाट पर डूब की अत्यधिक घटनाओं को देखते हुए जिला कमांडेंट द्वारा निर्णय लिया गया कि रामघाट पर इन घटनाओं को रोकने हेतु विभाग के द्वारा उच्च प्रशिक्षित एसडीआरएफ जवानों की तैनाती की। तब से अभी तक लगातार न्यूनतम 20 जवान एसडीआरएफ एवं 10 होमगार्ड के जवान शिप्रा के विभिन्न घाटों पर तैनात रहते हैं।

**85 जवानों को मोटरबोट एवं अन्य आपदा उपकरणों के साथ तैनात किया गया**

### 2024 में 356 लोगों को डूबने से बचाया था

जिसमें वर्ष 2024 में एसडीआरएफ एवं होमगार्ड टीम के द्वारा बगैर कोई डूब की घटना घटित हुई और रामघाट पर 356 श्रद्धालुओं को घाट पर डूबने से बचाया गया। वहीं इस वर्ष भी रामघाट पर अभी तक होमगार्ड एवं एसडीआरएफ टीम के द्वारा कुल 215 नागरिकों की जान बचाई गई। दुर्भाग्य से ही लगभग 25 लोगों की डूबने से मौत हुई। इस वर्ष बचाए गए 215 नागरिकों में से अधिकतर श्रद्धालु ऐसे थे जो घाट पर स्नान के समय गहराई का अंदाजा न होने एवं घाट पर फिसलन के कारण पानी में डूब रहे थे।

## आपकी खबरें...

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर दी बधाई

**उज्जैन।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर सभी को हार्दिक बधाई दी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि यह दिन सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि देने के साथ सेना कल्याण कोष में योगदान के लिए हम सभी को प्रेरित करता है। उन्होंने क्यूआर कोड से सैनिक कल्याण के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया से 11 हजार रुपये की राशि भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी से आह्वान किया कि शहीद सैनिकों के परिवारों और शारीरिक रूप से अक्षम सैनिकों के कल्याण के लिए अपना सहयोग दें।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव को सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर मुख्यमंत्री निवास में ब्रिगेडियर अरुण नायर सेना मेडल (से.नि) और संचालक, सैनिक कल्याण बोर्ड ने झंडा लगाकर स्मृति चिन्ह (मोमेन्टो) भेंट किया। सैनिक कल्याण बोर्ड के श्री आर.एन. सिंह तोमर, श्री ग्रीश चंद्र यादव, श्री शैलेश कुमार चौकसे, श्री संजय भील और श्री जसवीर सिंह भी उपस्थित रहे।

## वर्तमान में उज्जैन जिले में उर्वरक की स्थिति

**उज्जैन।** उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास ने जानकारी दी कि उज्जैन जिले में विगत 01 अक्टूबर से आज दिनांक तक 1,02,731 मै.टन खाद का वितरण हो चुका है। इसमें यूरिया 52,871 मै.टन, डीएपी 12,729 मै.टन और एनपीके 18,111 मैं.टन है। वर्तमान में जिले में यूरिया की सहकारी केंद्रों पर उपलब्धता 2,747 मै.टन और निजी उर्वरक विक्रेता केद्रों पर उपलब्धता 836 मै.टन है। इसी प्रकार डीएपी की सहकारी केद्रों पर उपलब्धता 1,130 मै.टन और निजी उर्वरक विक्रेता केद्रों पर उपलब्धता 334 मै.टन है। एनपीके की सहकारी केद्रों पर उपलब्धता 2,341 मै.टन और निजी उर्वरक विक्रेता केद्रों पर उपलब्धता 2,139 मै.टन है। एसएसपी की सहकारी केद्रों पर उपलब्धता 4,830 मै.टन और निजी उर्वरक विक्रेता केद्रों पर उपलब्धता 7,331 मै.टन है।

## मुख्यमंत्री ने क्रांतिकारी बाघा जतीन की जयंती पर किया नमन

**उज्जैन।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने महान क्रांतिकारी जतीन्द्रनाथ मुखर्जी 'बाघा जतीन' की जयंती पर नमन किया है। उन्होंने कहा है कि क्रांतिकारी बाघा जतीन स्वतंत्रता आंदोलन में युवाओं के प्रेरणा स्रोत रहे। उनके चिंतन और दार्शनिक विचारों से स्वतंत्रता सेनानियों को सतत प्रेरणा मिली। क्रांतिकारी बाघा जतीन ने अनुशीलन समिति और युगांतर पार्टी के माध्यम से स्वतंत्रता आंदोलन को आजीवन ऊर्जा प्रदान की।

नानाखेड़ा क्षेत्र में सी-21 माल के समीप सड़क पर

# स्पीड ब्रेकर नहीं होने से वाहनों की रफ्तार पर नहीं लग रहा ब्रेक

### सड़क पर हुए डामरीकरण के दौरान एक साइड के स्पीड ब्रेकर हटाए

### तेज गति से वाहन दौड़ा रहे चालक



**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

शहर के प्रमुख मार्गो की सड़क पर स्पीड ब्रेकर नहीं होने से वाहनों की रफ्तार पर ब्रेक नहीं लग पा रहे हैं। इसके चलते वाहन चालक अपने वाहन को तेज गति से दौड़ा रहे हैं। वाहनों की तेज रफ्तार राहगीरों व क्षेत्र वासियों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। इस कारण हमेशा दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है।

नानाखेड़ा क्षेत्र में सी-21 माल के समीप बढ़ती दुर्घटनाओं को देखते हुए यहां की सड़क पर पिछले दिनों दोनों तरफ स्पीड ब्रेकर बनाए गए थे लेकिन यहां पर सड़क निर्माण के दौरान एक तरफ के स्पीड ब्रेकर हटा दिये ।जिससे आए दिन हादसे हो रहे हैं। इंदौर की तरफ से आने वाले वाहन की रफ्तार पर ब्रेक नहीं लग पा रहे हैं। प्रमुख मार्ग होने की वजह से आए दिन हादसे हो रहे हैं। जब से स्पीड ब्रेकर हटाया है तब से दुर्घटनाएं हो रही है और विवाद का कारण भी बन रही है। नानाखेड़ा क्षेत्र में सी-21 माल से लेकर महामृत्युंजय द्वार तक की सड़क का डामरीकरण किया गया था इस दौरान एक तरफ का स्पीड ब्रेकर हटा दिया गया। जब से यहां का स्पीड बेकार हटाया गया है तब से दुर्घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। स्पीड ब्रेकर नहीं होने से वाहनों की रफ्तार पर ब्रेक नहीं लग पा रहे हैं इसके चलते वाहन चालक अपने वाहन को तेज गति से दौड़ा रहे हैं। वाहनों की तेज रफ्तार राहगीरों व क्षेत्र वासियों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है।

### बढ़ती दुर्घटना को देखते हुए बनाया था स्पीड ब्रेकर

नानाखेड़ा सी-21 माल के समीप जो स्पीड ब्रेकर बनाए गए थे। वहां पर आए दिन दुर्घटना होती थी अभी तक इस जगह पर कई लोगों की दुर्घटना में जान जा चुकी है इसी को देखते हुए इस जगह पर स्पीड ब्रेकर बनाए गए थे। लेकिन जब सड़क पर डामरीकरण किया गया तो यहां बना एक तरफ का स्पीड ब्रेकर हटा दिया। जिससे आए दिन दुर्घटना हो रही है और वाहनों की रफ्तार पर ब्रेक नहीं लग पा रहा है।

### सिग्नल पर भी नहीं रूक रहे वाहन

इस जगह की व्यवस्था सुधारने के लिए सिग्नल लगाए गए हैं लेकिन सिग्नल पर भी वाहनों के ब्रेक नहीं लग रहे हैं। इस कारण हमेशा यहां की यातायात व्यवस्था बिगड़ी रहती है जबकि क्षेत्र में अधिकांश कालोनियां है। और ऐसे में इस चौराहे से अक्सर लोग सड़क पारकर कॉलोनी में जाते हैं। लेकिन सड़क पार करते समय वह हादसे के शिकार हो जाते हैं। अभी तक इस चौराहे पर इस तरह की कई दुर्घटनाएं हो चुकी है। लेकिन उसके बाद भी यहां की यातायात व्यवस्था में सुधार नहीं हो पाया है।

# शहर में आवारा कुत्तों के आतंक से लोगों में दहशत

### डर की वजह से अभिभावक बच्चों को खुद स्कूल व बस स्टॉप पर लेने व छोड़ने जा रहे



**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

शहर में आवारा कुत्तों के झुंड से लोग परेशान हैं। गलियों, बाजारों, बस अड्डे पर आवारा कुत्ते लोगों को काटने के लिए दौड़ते हैं और कई बार दोपहिया वाहन चालक दुर्घटनाओं का शिकार भी हो चुके हैं। आवारा कुत्तों की संख्या बढ़ती जा रही है। स्कूल पैदल आने-जाने वाले बच्चों के पीछे दौड़ते हैं। इससे अभिभावक बच्चों को खुद स्कूल लेने व छोड़ने जा रहे हैं। कॉलोनियों में आवारा कुत्तों का इस कदर आतंक छाया हुआ है कि लोग अपने बच्चों को आसपास की दुकान पर सामान खरीदने के लिए भी अकेला पहुंचाने में डरते हैं। शहर में आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ता जा रहा है। कुत्ते लगातार मासूम और बुजुर्गों को शिकार बना रहे हैं।

### इन्होंने यह कहा

नानाखेड़ा क्षेत्र में रहने वाली रेखा पाटीदार ने बताया कि आवारा कुत्तों की संख्या क्षेत्र में लगातार बढ़ती जा रही है कई बार पैदल या वाहन से जाते समय कुत्ते काटने के लिए दौड़ते हैं ऐसे में बच्चों को खुद बस स्टॉप व स्कूल छोड़ने के लिए जा रहे हैं इस डर की वजह से बच्चों को घर से बाहर जरा भी अकेला नहीं छोड़ रहे हैं।

इस क्षेत्र में रहने वाली सरिता वर्मा ने बताया कि क्षेत्र में कुत्तों का आतंक इस कदर बढ़ गया है कि 1 महीने में एक ही कुत्ते ने आधा दर्जन लोगों को काटकर जख्मी कर दिया था हालांकि बाद में उस कुत्ते को नगर निगम की गैंग पकड़ कर ले गई थी लेकिन एक महीने बाद वापस छोड़ दिया अब फिर से वही कुत्ता लोगों को काटकर नुकसान पहुंचा रहा है।

### बढ़ते जा रहे कुत्तों के झुंड

शहर में हजार से ज्यादा कुत्ते सक्रिय हैं। नगर निगम कुत्तों को पकड़ने में सफल नहीं हो पा रहा है। ऐसे में लगातार इनकी संख्या बढ़ती ही जा रही है। आलम यह है कि शहर के लगभग हर मोहल्ले में कुत्तों के बड़े-बड़े झुंड हैं, जो खासतौर पर रात के समय में आतंक मचाते हैं और लोगों को दौड़ाने के साथ काटते हैं। शहर क्षेत्र में हर दिन कुत्तों के काटने के मामले सामने आ रहे हैं, जिनका इलाज चरक अस्पताल में किया जाता है।

## निगम अध्यक्ष ने डामरीकरण कार्य का भूमि पूजन किया



**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

रविवार को वार्ड क्रमांक 51 अंतर्गत क्षेत्रीय पार्षद आशिमा गौरव सेंगर के प्रयासों से महानंदा नगर अंतर्गत विशेष निधि के तहत किए जाने वाले डामरीकरण कार्य का भूमि पूजन निगम अध्यक्ष कलावती यादव द्वारा नगर भाजपा अध्यक्ष संजय अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष परेश कुलकर्णी की उपस्थिति में किया गया। उल्लेखनीय है कि वार्ड क्रमांक 51 महानंदा नगर अंतर्गत सेक्टर बी की विभिन्न गलियों में विशेष निधि की राशि से डामरीकरण का कार्य किया जाएगा जिससे क्षेत्र के नागरिकों को आवागमन में सुविधा होगी।

इस दौरान महामंत्री आनंद खींची, कमल बैरवा, मंडल महामंत्री सचिन गोसर, मधुकर राव, पार्षद निर्मला करण परमार उपस्थित रहे।

## उद्यान सौन्दर्यीकरण कार्य का निगम अध्यक्ष ने किया भूमि पूजन



**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

वार्ड क्रमांक 42 अंतर्गत कन्हैया परिसर के पास स्थित दुर्गा माता उद्यान में क्षेत्रीय पार्षद अंजलि बालकृष्ण पटेल के प्रयासों से उद्यान का संधारण एवं सौंदर्यकरण कार्य नगर निगम द्वारा करवाया जा रहा है उक्त कार्य का भूमि पूजन रविवार को निगम अध्यक्ष कलावती यादव द्वारा नगर भाजपा अध्यक्ष संजय अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष मुकेश पोरवाल की उपस्थिति में किया गया।

उल्लेखनीय है कि राशि रुपए लगभग 06 लाख की लागत से उद्यान में सौंदर्यकरण कार्य के अंतर्गत पाथवे निर्माण, ब्लॉक लगाए जाने का कार्य, झूलों का संधारण, बाउंड्री वालों की रंगाई पुताई, विद्युत पोल लगाने इत्यादि आवश्यक कार्य करवाए जाएंगे जिससे क्षेत्र के नागरिकों को उद्यान में घूमने में सुविधा होगी एवं उद्यान का रखरखाव अच्छे से हो सकेगा। इस दौरान नगर उपाध्यक्ष आनंद सिंह खींची, पार्षद प्रतिनिधि बालकृष्ण पटेल, महेश खंडेलवाल, देवेंद्र शर्मा, वरुण गुप्ता, यशवंत अग्निहोत्री, प्रवीण चौहान, कुलदीप पांचाल, कल्याण शिवहरे, सुहास वैध्य, राजेंद्र शर्मा, प्रियंका सेंगर एवं क्षेत्र के सम्माननीय नागरिक उपस्थित रहे।

## नल-जल की योजना बनी परेशानी, पाइप तो बिछे पर नहीं आया पानी

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

महिदपुर गांव में करोड़ों की लागत से नल जल योजना का काम शुरू हुआ था। यह योजना लोगों के लिए उम्मीद नहीं बल्कि मुसीबत बनकर रह गई है। ठेकेदार की मनमानी और विभागीय अनदेखी के चलते पिछले कई महीनों से योजना का काम अधूरा पड़ा है। आलम यह है कि कस्बे में पानी की टंकी का निर्माण आज तक पूरा नहीं हो सका है। नतीजतन, लोगों को बूंद-बूंद पानी के लिए तरसना पड़ रहा है।

स्थानीय निवासियों ने बताया कि ठेकेदार ने जल्दबाजी में पाइप लाइन बिछाने का काम तो निपटा दिया, लेकिन पाइपों में आज तक पानी नहीं आया। इससे भी बड़ी परेशानी गली-मोहल्लों में है, जहां सड़कों को खोदकर छोड़ दिया गया है। मरम्मत न होने के कारण बारिश और निकासी के पानी से हर तरफ कीचड़ और धूल पसरी हुई है। पानी निकासी के लिए बनी पुरानी नालियां भी दम तोड़ चुकी हैं। इनकी नियमित सफाई न होने से वे टूट-फूट गई हैं, जिससे गंदा पानी सड़कों पर जमा हो रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह योजना सुविधा देने से ज्यादा परेशानी दे रही है। पानी के लिए लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है

# भारत के भविष्य को नई दिशा देने की दूरदर्शी कार्य योजना है राष्ट्रीय शिक्षा नीति : राज्यपाल श्री पटेल

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**





राज्यपाल मंगुभाई पटेल के मुख्य आतिथ्य और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में "राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020: क्रियान्वयन, चुनौतियां एवं संभावनाएं" विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में राष्ट्रगान की धुन के साथ आरंभ हुई। कार्यशाला में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार, स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्यमंत्री(स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर विशेष रूप से उपस्थित थीं।

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि मध्यप्रदेश को शिक्षा-परिवर्तन की दिशा में देश का अग्रणी राज्य बनाने के लिए नीति की दिशा, लक्ष्य और समन्वित कार्य संस्कृति के द्वारा प्रयास करने होंगे। युवाओं के द्वारा प्रदेश और देश समाज को बदलने के विश्वास का प्रतीक राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 है। यह भारत के भविष्य को नई दिशा देने की दूरदर्शी कार्ययोजना है, जिसका मूल स्वभाव ह्यसमग्रताह्न है। उन्होंने नीति के लक्ष्यों समग्र शिक्षा, समग्र विकास और समग्र राष्ट्र-निर्माण से जुड़ी चुनौतियों और मध्यप्रदेश की विशेष परिस्थितियों में उपलब्ध संभावनाओं पर प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सामूहिक विचार की पहल की सराहना की। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि नीति के एकीकृत स्नातक कार्यक्रम, बहु प्रवेश बहु निर्गम व्यवस्था, शैक्षणिक बैंक ऑफ क्रेडिट और अनुसंधान-केंद्रित वातावरण आदि प्रावधान उच्च शिक्षा को अधिक लचीला, आधुनिक और वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता से समृद्ध बनाने का अवसर है। इसके लिए प्रदेश के उच्च शिक्षण संस्थानों को नवाचार, गुणवत्तापूर्ण संकाय विकास, डिजिटल अवसंरचना और उद्योगझशिक्षा सहभागिता के सुदृढ़ीकरण के कार्य समयबद्ध तरीके से करने होंगे। विद्यालयीन शिक्षा में बच्चों को मातृभाषा में अनुभवात्मक शिक्षण के द्वारा मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान देने के लिए शिक्षक-प्रशिक्षण, आधुनिक तकनीक और नवाचारशील पद्धतियों के द्वारा विद्यालय तंत्र को अग्रणी बनाना होगा।

## जल संरक्षण में जन मानस की अहम भूमिका - व्यास

**उज्जैन।** रविवार को मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड उज्जैन जिला उज्जैन चयनित नवांकुर संस्था देवी अवंतिका सामाजिक युवा कल्याण समिति सेक्टर पंथ पिपलाई एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति राघो पिपलिया द्वारा जल संचय अभियान के अंतर्गत बोरी बंधान किया गया। इस अवसर पर जन अभियान परिषद विकासखंड समन्वयक अरुण व्यास ने कहा कि जल संरक्षण के लिए बोरी बंधान से कूप आदि रिचार्ज होते हैं। पशुओं के लिए पीने का पानी उपलब्ध होता है एवं खेतों के लिए भी यह उपयोगी है। इस प्रकार के कार्य से ग्रामीणों में जल संरक्षण के प्रति महत्व की भावना का जागृत होती है। ग्राम प्रस्फुटन समिति से अध्यक्ष मनोज पाटीदार, सियाराम पाटीदार, जितेंद्र पाटीदार, महेश पाटीदार, लखन ठाकुर, धीरज पाटीदार, गौरव पाटीदार, सुमन पाटीदार, महिमा पाटीदार, मिलन पाटीदार सहित ग्रामीणजन एवं सामाजिक कार्यकर्ता, परामर्शदाता विकेंद्र शर्मा एवं स्वास्थ्य विभाग के मिथलेश शर्मा, नगर समिति से छवि कदम आदि उपस्थित रहे एवं जल सरंक्षण की शपथ दिलवाई गई। मनोज पाटीदार ने संचालन किया। करुणा शितोले आभार माना।

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्रीमती नंदकंवर पति स्व. श्री द्वारकाधीश पोरवाल निवासी-278 जैन कॉलोनी, जवाहर मार्ग, नागदा से उनके स्वामित्व से जैन कॉलोनी, नागदा स्थित गृह क्रमांक 278 को उनके पुत्र आदित्य की सहमति से दिनांक 26.05.2024 को क्रय करने का अनुबंध कर बयाना पेटे राशि अदा कर दी है। श्रीमती नंदकंवर ने मेरे पक्षकार के पक्ष में उसी दिनांक को एक अनुबंध पत्र भी निष्पादित कर दिया है व अपने पुत्र आदित्य की सहमति स्वरुप हस्ताक्षर भी करवा दिए हैं। उपरोक्त वर्णित मकान पर AU Small Finance Bank का ऋण बकाया है। विक्रेता ने यह शर्त तय की थी कि वे बैंक का ऋण अदा कर विक्रय पत्र का पंजीयन मेरे पक्षकार के पक्ष में निष्पादित करवा देवेंगे, किन्तु श्रीमती नंदकंवर द्वारा आज दिनांक तक बैंक का कर्ज.अदा नहीं किया है व उक्त अनुबंधित मकान को अन्यत्र विक्रय करने का प्रयास कर रहे हैं। अतः सूचित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति अथवा संस्था श्रीमती नंदकंवर से जैन कॉलोनी, नागदा स्थित गृह क्रमांक 278 को क्रय, रहन अथवा भारग्रस्त किये जाने सम्बन्धी कोई व्यवहार न करें अन्यथा होने वाले परिणाम के प्रति वे स्वयं उत्तरदायी होंगे।

**राजवर्धन सिंह रघुवंशी, हाई कोर्ट एडववोकेट, F-10/19, MIG, शिप्रा विहार, कॉलोनी, नागझिरी, उज्जैन, Mob. 9977434171**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्रीमती मानकुँवर पति रतनलाल एवं रतनलाल पिता नारायण निवासीगण ग्राम ताजपूर, तहसील व जिला उज्जैन म.प्र. द्वारा कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 836 रकबा 1.98 हेक्टयर स्थित ग्राम ताजपुर, तहसील व जिला उज्जैन म.प्र. के संबंध में एक वाद माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया है जिसका प्रकरण क्रमांक आरसीएसए 418 ए/2025 है जो कि, माननीय न्यायालय नवम व्यवहार न्यायाधीश महोदय, कनिष्ठ खंड, उज्जैन म.प्र. के न्यायालय में विचाराधीन है। इसलिये उक्त जाहिर सूचना के माध्यम से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, कोई भी व्यक्ति, संस्था, सहकारी संस्था अथवा बैंक या फायनेंस कम्पनी आदि कोई भी उक्त कृषि भूमि को क्रय विक्रय व भारग्रस्त न करें और ना ही किसी भी प्रकार का अंतरण संबंधी कोई संव्यवहार करें और ना ही उक्त कृषि भूमि को भारग्रस्त करें, अन्यथा अन्तरण संबंधी एवं भार संबंधी सभी संव्यवहार शून्य माने जावेगे और मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं रहेंगे। सूचित हो।

इति दिनांक - 07/12/2025

**जितेन्द्र सिंह जाधव, अधिवक्ता, कार्यालय नवीन न्यायालय भवन सर्विस बिल्डिंग, हाल नं. 2, उज्जैन (म.प्र.) मोबाईल नं. 8435933704**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि मैरे पक्षकार ने भवन स्वामी से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य का भवन कमांक 166 का उत्तर दिशा वाला भाग जो की वर्तमान में कृष्णा पार्क कॉलोनी में स्थित है (जो पूर्व में " मालविकस धाम" कॉलोनी कहलाई जाती थी)। जिसका क्षेत्रफल 45 वर्गमीटर को मय जमीन तल एवं हवाई हक सहित खाली हालात में सभी प्रकार के विवाद एवं ऋण भार से मुक्त अवस्था में क्रय करने का अनुबंध किया होकर बयाना राशी के दि गई है। मेरें पक्षकार द्वारा नियत अवधि में शेष धनराशि अदा कर अपने हित में विक्रय पत्र का निष्पादन कराया जावेगा। इस सूचना प्रकाशन के द्वारा सूचित किया जाता हैं कि उपरोक्त भवन के विक्रय बाबत किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या किसी विभाग कि कोई आपत्ति हो या उक्त प्रकार का कोई ऋण भार टैक्स मेंटेनेंन्स बकाया हो या उक्त संपत्ति पर कोई स्वत्व हित या अधिकार रखते हो ऐसे संबंधित व्यक्ति, संस्था, विभाग आदि इस सूचना प्रकाशन से 7 दिवस कि अवधि में अपनी आपत्ति मय लिखीत प्रमाण के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सकें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधीवत उपरोक्त वर्णित भवन के विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व किसी कि कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

इति दिनांक 06/12/25 उज्जैन

**महेश त्रिपाठी एडव्होकेट उज्जैन कार्यलय सी एफ-8 भरतपुरी उज्जैन (म.प्र.) मोबाईल नं. 98260-71074**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार रामकिशन प्रजापत पिता श्री हरिशचन्द्र प्रजापत्त निवासी ग्राम नरवर तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) ने 1- मानवेन्द्रसिंह पिता श्री देवीसिंह जाति राजपूत 2- जयराजकुमारी पिता श्री देवीसिंह जाति राजपूत निवासीगण 3/2, राधागंज, देवास (म.प्र.) से उनके संयुक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि में से सर्वे नंबर 1328/2/3 रकबा 0-550 हेक्टर स्थित ग्राम नरवर प.ह.नं. 44 तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) में है को क्रय करने का सौदा किया होकर आंशिक बयाना राशि अदा कर दी है तथा सौदा चिट्ठी का निष्पादन करवा लिया होकर अनुबंध-पत्र का निष्पादन करवा जाना शेष है तथा अनुबंध अनुसार शेष राशि अदा कर विक्रय-पत्र का पंजीयन करवाया जाना है। यदि उक्त भूमि में कोई अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त भूमि पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक अथवा सरकारी, साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग/व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नही होगी।

इति दिनांकः- 07/12/2025 उज्जैन
कार्यालयीन समय
सुबह 11-00 से सांय 6-00 बजे तक

**रितिक बंसल (सर्विस प्रोवाईडर), सी-7 भरतपुरी कॉम्पलेक्स, उज्जैन (म.प्र.) बंसल टायपिंग सर्विस कंठाल चौराहा मो. 94250-92149, 90093-04444**

## खास न्यूज

## बेडमिंटन खेलने की बात पर युवक से माररपीट

**उज्जैन।** घट्टिया तहसील के ग्राम जलवा में विशाल पिता गेंदालाल चौधरी 23 साल घर के बाहर बेडमिंटन खेल रहा था। उसी दौरान समीप रहने वाले विक्रम पिता पूरालाल चौधरी 45 साल ने मना किया। इसी बात पर दोनों के बीच विवाद हो गया। विक्रम ने अपने साथियों के साथ मिलकर विशाल के साथ मारपीट की। विशाल ने विक्रम के साथ मारपीट करते हुए चोंट पहुंचाई। मामला थाने पहुंचने पर पुलिस ने क्रॉस प्रकरण दर्ज किया है। दोनों पक्षों को हिदायत दी गई और नोटिस तामिल कराकर छोड़ा गया।

## पार्किंग में मारपीट करने वाले बदमाशों की हुई पहचान

**उज्जैन।** रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर 8 की पार्किंग में 3 दिसंबर की रात 11 बजे कुछ बदमाश प्रवृति के युवकों द्वारा एक युवक के साथ मारपीट की जा रही थी। तभी पार्किंग में काम करने वाले आशीष पिता औंकारलाल देवड़ा ने मारपीट का वीडियो बनाना शुरू कर दिया। युवक के साथ मारपीट करने वालों ने आशीष को वीडियो बनाते देखा तो उसके साथ भी मारपीट कर घायल कर दिया था। जीआरपी ने मामले में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर स्टेशन परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे थे। थाना प्रभारी अमित कुमार भावसार के अनुसार फुटेज में दिखाई दिये मारपीट करने वाले 2 युवकों की पहचान कर ली गई है, जिनके नाम सौरभ और सिद्धू होना सामने आये है। जो नीलगंगा क्षेत्र की कालोनी के बताये जा रहे है। जिनकी तलाश करने पर पता चला कि शहर छोड़कर भाग निकले है। जिनकी गिरफ्ताी के प्रयास किये जा रहे है।

## अस्पताल पहुंचने से पहले युवकी की रास्ते में हुई मौत

उज्जैन। माकडोन के ग्राम रत्नाखेड़ी में रहने वाले विक्रम पिता जोरावरसिंह परमार 27 वर्ष की रविवार सुबह अचानक तबीयत बिगड़ गई। उसने सीने में दर्द होना परिजनों को बताया। परिजन स्थानीय अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने चैकअप के पास उज्जैन रैफर कर दिया। परिजन विक्रम को उज्जैन लेकर पहुंचते उससे पहले रास्ते में मौत हो गई। चरक अस्पताल में डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद हार्ट अटैक की संभावना व्यक्त कर शव को पोस्टमार्टम कक्ष भेज दिया। अस्पताल पुलिस चौकी ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। परिजनों ने बताया कि विक्रम एक बच्चे का पिता था और गांव की सोसायटी में ऑपरेटर का काम करता था।

### एसडीएम पहुंचे अस्पताल, सेवानिवृत्त डॉक्टरों को बुलाया

# महिदपुर बालिका छात्रावास में 15 छात्राओं की बिगड़ी हालत





दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

महिदपुर कस्तुरबा गांधी बालिका छात्रावास में रविवार रात 9 बजे के लगभग अचानक 15 के लगभग छात्राओं की हालत बिगड़ गई। छात्राओं को सांस लेने में दिक्कत हो रही थी, गले में जलन महसूस होने और घबराहट होने लगी थी। सभी को शासकीय अस्पताल में भर्ती किया गया है।

दशहरा मैदान स्थित कस्तुबा गांधी बालिका छात्रावास में 150 छात्रा रह रहती है। देर शाम सभी भोजन के लिये आई थी। 9 बजे के लगभग ऊपरी तल पर रहने वाली 13 से 15 छात्रा खाना खाने के बाद अपने रूम में पहुंची थी। कुछ देर बाद सभी को सांस लेने में दिक्कत होने लगी, गले में जलन होने और घबराहट के साथ उल्टी जैसा होने पर छात्रावास के अधिकारियों को जानकारी दी गई। सभी छात्राओं को तत्काल शासकीय अस्पताल ले जाया गया। जहां हालत देख डॉक्टरों ने सेवानिवृत्त हो चुके 2 डॉक्टरों को चैकअप और उपचार के लिये बुलाया गया। घटनाक्रम की जानकारी लगने पर एसडीएम अजय हिंगे भी अस्पताल पहुंच गये थे।

छात्राओं का कहना था कि गैस फैलने से उनकी हालत बिगड़ी है। लेकिन संभावना जताई कि छात्राओं को फूड पॉयजनिंग हुई होगी, लेकिन उनके साथ खाना खाने वाली अन्य छात्राएं पूरी तरह से ठीक थी। जिसके चलते फूड पॉयजनिंग की संभावना क्षीण हो गई। एसडीएम अस्पताल से छात्रावास के लिये रवाना हो गये थे। आशंका जताई जा रही है कि छात्राओं ने मच्छर भगाने के लिये कोई मॉस्किटो क्वाइल तो नहीं जताई थी, या फिर छात्रावास के आसपास किसने कुछ जलाया होगा जिससे ऊपरी तल के कमरे में गैस भरा धुआं पहुंचा है। फिलहाल छात्राओं की बिगड़ी हालत का पता लगाने के प्रयास देर रात तक जारी थे।

सभी छात्राओं का अस्पताल में उपचार चल रहा था, डॉक्टरों ने सांस लेने में दिक्कत और घबराहट अधिक होने पर अधिकांश छात्राओं को ऑक्सीजन लगा दिया था।

# शादी के दूसरे दिन रुपए, जेवर लेकर लूटेरी दुल्हन फरार

### सर्व कल्याण बजरंग दल ने दिया ज्ञापन





दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शादी के दूसरे ही दिन महिला जेवर, रुपए लेकर फरार हो गई। लूटेरी दुल्हन शौचालय का बोलकर निकली और घर में रखे सोने चांदी के जेवर व नगदी लेकर फरार हो गई। मामले में सर्व कल्याण बजरंग दल अध्यक्ष मुरली निगम, उदय सिंह राणा की अगुवाई में पुलिस थाना नानाखेड़ा को ज्ञापन देकर शिकायत की गई है।

जिसमें महिला का नाम बदलकर विवाह करा दिया गया। शादी के दूसरे ही दिन महिला गहने, रुपए लेकर फरार हो गई। मामले में सर्व कल्याण बजरंग दल अध्यक्ष मुरली निगम, उदय सिंह राणा की अगुवाई में पुलिस थाना नानाखेड़ा को ज्ञापन देकर कहा कि राजू खान ने वर्ग विशेष की महिला का नाम बदलकर जितेंद्र पिता किशनलाल निवासी पिपलौ खुर्द आगर मालवा से 140000 रुपए लेकर शादी करवा दी बाद में दुल्हन घर के पैसे, रकम, कीमती सामान लेकर फरार हो गई।

मुरली निगम ने बताया कि राजू खान ने जितेंद्र की शादी 13 अक्टूबर 2025 को मानवी नामक महिला निवासी झालावाड़ से कराई थी। अगले दिन सुबह 9 बजे शौचालय का बोलकर लुटेरी दुल्हन घर में रखे कीमती सामान सोने चांदी की रकम, नगद राशि लेकर फरार हो गई। लुटेरी दुल्हन का साथी राजू खान भी फरार है। राजू खान के खिलाफ पहले भी अपराधी मामले दर्ज है।

# हिरासत में आये देवास से शराब लेकर आ रहे युवक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

रात में स्कूटी पर झोले में छुपाकर शराब ला रहे 2 युवको को पुलिस ने सूचना मिलने के बाद घेराबंदी कर हिरासत में लिया। 24 हजार से अधिक की शराब बरामद होने पर दोनों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। दोनों को कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है।

नरवर थाना प्रभारी बल्लू मंडलोई ने बताया कि शनिवार रात खबर मिली थी कि देवास की ओर से स्कूटी क्रमांक एमपी 13 ईवी 2242 पर सवार दो युवक झोले में अवैध शराब छुपाकर पालखंदा की ओर आ रहे है। तत्काल अवैध शराब का परिवहन करने वालों की धरपकड़ के लिये ग्राम मुंजाखेड़ी मोड़, नॉलेज सिटी रोड पर घेराबंदी की गई। स्कूटी के आते ही पुलिस ने दोनों को रोका और उनके पास मौजूद झोलों की तलाशी ली। जिसमें देशी शराब के क्वार्टर भरे थे। दोनों को हिरासत में लिया गया और शराब के साथ स्कूटी थाने लाई गई।

जहां पूछताछ में दोनों के नाम अमन पिता राकेश रायकवार 21 वर्ष निवासी कंचनपुरा, मक्सी रोड उज्जैन और अमन पिता राजू श्रीवास्तव 23 वर्ष निवासी शास्त्री नगर सामने आये। उनके पास से बरामद शराब 310 क्वार्टर कीमत 24 हजार 800 और स्कूटी 45 हजार कीमत की होना पाई गई। दोनों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा में प्रकरण दर्ज किया गया। दोनों का कहना था कि शराब कचनारिया हाईवे पुलिया के नीचे एक अज्ञात व्यक्ति को देने जा रहे थे। जिसे पहचानते नहीं है, उनके पहुंचने पर वह खुद संपर्क करने वाला था। थाना प्रभारी के अनुसार दोनों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

## टूटे ढाबे में छुपा रखी थी शराब की पेटियां

अवैध शराब के मामले में नीलगंगा थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। सर्कल भ्रमण के दौरान पलिस को खबर मिली थी कि एक व्यक्ति वाकणकर ब्रिज के पास बने एक टूटे हुए ढाबे के समीप बैग में अंग्रेजी शराब बेचने के लिये खड़ा है। खबर मिलने पर दबिश दी गई, बेग लेकर खड़े व्यक्ति ने पुलिस को देख भागने का प्रयास किया, जिसे पीछा कर पकड़ा तो उसके बेग में से 8 बोतल अंग्रेजी शराब की बरामद हो गई। पूछताछ करने पर उसने बताया कि टूटे ढाबे में ओर शराब रखी हुई है। पुलिस ने ढाबे में सर्चिंग की तो वहां से 2 पेटी अंग्रेजी शराब की ओर बरामद हो गई। थाना प्रभारी तरूण कुरील ने बताया कि बरामद शराब 85 हजार रूपये के लगभग है। हिरासत में आया आरोपी जगदीश पिता रामचंद्र माली 49 साल निवासी ग्राम दाऊदखेड़ी का रहने वाला है। प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# लिवइन में रहने वाला युवक छत से नाले में गिरा, मौत

### परिवार ने लगाये आरोप, युवती मांग रही थी रूपये

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

परिवार से अलग लिवइन में रहने वाला युवक शनिवार-रविवार रात घर की छत से नाले में गिर गया। उसे युवती अस्पताल लेकर पहुंची। युवक की मौत हो चुकी थी। युवक के परिवार ने युवती पर रूपयों के लिये प्रताड़ित करने के आरोप लगाये है। पुलिस बयान दर्ज कर मामले की जांच शुरू करेगी।

नीलगंगा थाना एएसआई उद्यमसिंह राठौर ने बताया कि रात में चरक अस्पताल के ड्युटी कम्पाउंडर ने सूचना दी थी कि हनुमान नाका चौराहा शिवाजीनगर से मनीष पिता दिलीप मालवीय 25 साल को मृत अवस्था में लाया गया है। छत से गिरने पर मौत होने की बात उसे लेकर आये लोगों ने बताई है। मामले में मर्ग कायम किया गया और घटनास्थल तस्दीक के लिये पहुंचे। इस दौरान सामने आया कि मृतक घर की छत से पीछे नाले में गिरा था। उसने शराब पी रखी थी। आसपास के लोगों ने देखा था और उसके साथ रहने वाली युवती छाया को घटना बताई थी। छाया होटल में खाना बनाने का काम करती है। उसके आने पर छाया और आसपास के लोग अस्पताल लेकर पहुंचे थे। छाया ने मनीष के परिजनों को सूचना दी है। रविवार सुबह शाजापुर से मनीष के पिता और भाई मनोज उज्जैन पहुंचे। जिन्होने बताया कि मनीष की शादी नहीं हुई थी। जिस युवती के साथ रहता था वह रूपयों के लिये प्रताड़ित कर रही थी। भाई का कहना था कि यह हत्या है। एएसआई राठौर के अनुसार जिस युवती पर आरोप लगाया गया है, वह घटनास्थल पर मौजूद नहीं थी। फिलहाल मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया है। परिजनों और छाया नामक युवती के बयान दर्ज कर जांच शुरू की जायेगी। प्रथमदृष्टता मामला छत से नाले में गिरने पर मौत होने का सामने आया है।

# भस्मआरती की ऑनलाइन बुकिंग 25 दिसंबर से 5 जनवरी तक बंद रहेगी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

दिसंबर के आखिरी सप्ताह और नए साल के पहले दिनों में बढ़ने वाली भारी भीड़ को देखते हुए मंदिर प्रबंध समिति ने यह निर्णय लिया है। इस अवधि में श्रद्धालु ऑफलाइन अनुमति लेकर ही भस्मआरती में शामिल हो सकेंगे। समिति ने सुझाव दिया है कि श्रद्धालु कम से कम एक दिन पहले ऑफलाइन अनुमति ले लें। जिन्हें अनुमति नहीं मिल पाएगी, उनके लिए चलित भस्मआरती की व्यवस्था रहेगी। 31 से 2 जनवरी तक 3 लाख श्रद्धालुओं के आने का अनुमान... प्रशासक प्रथम कौशिक के अनुसार, 31 दिसंबर से 2 जनवरी के बीच करीब 10 लाख श्रद्धालुओं के उज्जैन पहुंचने का अनुमान है, इसलिए सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह बदलाव किया गया है।

### दर्शन व्यवस्था में भी संशोधन

सामान्य श्रद्धालु त्रिवेणी संग्रहालय से प्रवेश कर महाकाल लोक, मानसरोवर और फैसिलिटी सेंटर होते हुए गणेश मंडपम से दर्शन कर सकेंगे।

# बीमारी की वजह से नहीं चुका पा रहा था कर्ज

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शनिवार रात आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज में भर्ती ओनअली पिता शब्बीर हुसैन 42 साल निवासी बिलोटीपुरा बोहरा जमात का बाग की मौत हो गई थी। जीवाजीगंज थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर रविवार सुबह पोस्टमार्टम कराया। इस दौरान परिजनों ने बताया कि ओनअली पर काफी कर्ज हो गया था। उसने समूह लोन ले रखा था, जिसे बीमार होने की वजह से नहीं लौटा नहीं पा रहा था।

4 दिसंबर को जहरीला पदार्थ खाया था, उसे पहले चरक में भर्ती किया गया था, हालत में सुधार नहीं होने पर आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज लेकर गये थे। थाना प्रभारी विवेक कनोड़िया ने बताया कि परिवार ओनअली का पोस्टमार्टम नहीं करना चाहते थे। लेकिन डॉक्टरी रिपोर्ट जहरीला पदार्थ खाने की सामने आने पर परिजनों को समझाईश देकर पोस्टमार्टम कराया गया।

# निगम उपायुक्त ने उपस्थित विद्यार्थियो को 24 घंटे एवं साल के 365 दिन की प्लानिंग समझाई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के इनिशिएटिव पर प्रारंभ हुए संकल्प क्लब में आज अपर कलेक्टर एवं प्रशासक महाकाल मंदिर और नगर निगम उपायुक्त संतोष टैगोर का व्याख्यान जिला ग्रन्थालय स्कूल शिक्षा विभाग में हुआ । उक्त दोनों ने उपस्थित 120 प्रतियोगी को परीक्षा के प्रतिभागी एवं स्कूली बच्चों को मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने विद्यार्थियों के प्रश्नों का उत्तर देकर विद्यार्थियो को प्रेरित किया ।

नगर निगम उपायुक्त श्री टैगोर ने विद्यार्थियों को दिन के 24 घंटे एवं साल के 365 दिन की प्लानिंग समझाई ।उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में सर्वप्रथम अपना लक्ष्य निर्धारण कर और जिज्ञासा को हमेशा जगा के रखकर लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। यह उल्लेखनीय हे कि श्री टैगोर मार्गदर्शन के क्षेत्र पूर्व से ही सक्रिय है और उन्होंने इस संकल्प क्लब के लिए भी मेंटर की भूमिका को स्वीकार कर , आगे भी अपनी उपलब्धता कोर टीम की सुनिश्चित की है।

श्री महाकाल मंदिर प्रशासक ने विद्यार्थियों को जीवन के प्रारंभिक समय का उपयोग करने ,एक ही परिवेश में रह रहे व्यक्ति भी अनुशासन द्वारा अपने जीवन की दिशा प्रशस्त करने के लिए कहा।

उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित समाचार पत्र पढ़ना शुरू करने, पढ़ने से धीरे धीरे काम की बातें धीरे धीरे ध्यान में आने लगेगी और लॉजिकल रीजनिंग, मैथ्स से एक अप्रत्यक्ष नींव तैयार होगी। उन्होंने कहा कि प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी में यह ध्यान रखना चाहिए कि जो तात्कालिक नियमित अध्यापन हम कक्षा में कर रहे है, सबसे पहले उसमें सफल होने पर ध्यान देना है । जो तात्कालिक लक्ष्य है उस पर ध्यान देना है जिससे एक अच्छी नींव तैयार होती है ।उन्होंने कहा कि केवल वहीं बंधनों से मुक्त है , जो अनुशासन का पालन करता है। अपनी दिनचर्या का अनुशासन से पालन करना है । बको ध्यानम्‍ जो कार्य हम कर रहे है उसमें पूर्ण सम्मिलित होना है, नियमित रूप से ध्यान, व्यायाम एवं खेल के लिए समय निकलना है ।

पठन सामग्री अपनी पठन सामग्री कंठस्थ होना चाहिए, परीक्षा के पैटर्न को समझने, जानने, मानसिकता एवं दृष्टिकोण बनाने के लिए पिछले वर्षों के प्रश्न पत्र का अभ्यास करना चाहिए। अपनी पठन सामग्री को लेकर एक बार रिसर्च कर ले । निष्काम कर्म झ अपने हाथ में है अध्ययन करना , मेहनत करना , निष्काम भाव से अपना कर्म करना चाहिए। जितना अध्ययन पर ध्यान देंगे, उतना अच्छा परिणाम मिलेगा । हमारे सोचने का तरीका यही होना चाहिए कि मैं मेहनत करूंगा, फल अपने आप अच्छा मिलेगा । इसे अपने मन में आए नकारात्मक बातों से , तथा नकारात्मक वातावरण से दूरी बनती है। अल्पाहारी एवं श्वान निद्रा झ शरीर की आवश्यकता अनुरूप सुपाच्य भोजन करना चाहिए, अधिक भोजन आलस्य बढ़ाता है । निद्रा श्वान की तरह होनी चाहिए, सदैव सजग ।

अंत में यूपीएससी, पीएससी एवं अन्य परीक्षाओं के एस्पिरेंट्स से जिला पंचायत सीईओ श्रेयांश कूमट एवं उपायुक्त नगर निगम श्री टैगोर ने पृथक चर्चा कर आगे की प्लानिंग पर विचार विमर्श किया । अगले सप्ताह सभी विद्यार्थियो से निबंध लेखन करवाना तय किया है। अंत में सीईओ जिला पंचायत श्री कुमूट ने अतिथियों को आभार व्यक्त किया । कार्यशाला का संचालन एडीपीसी तिवारी द्वारा किया गया ।इस अवसर पर श्री महाकाल मंदिर की ओर से 102 पुस्तकों के तीन सेट ग्रन्थालय को प्रदान किए गए । दानदाता श्री खंडेलवाल का भी स्वागत किया गया ।

## पत्नी से विवाद के बाद पति ने गटका एसिड

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

पत्नी से विवाद के बाद शाजापुर के ग्राम कपेली में रहने वाले बंटी पिता ओमप्रकाश 30 साल ने एसिड गटक लिया। हालत बिगड़ने पर उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने उज्जैन रैफर कर दिया। चरक अस्पताल लाने पर डॉक्टरों ने उपचार के लिये भर्ती किया है।

## भट्टा संचालक को कार ने मारी टक्कर, घायल

**उज्जैन।** जानसापुरा का रहने वाला शिवलाल पिता कन्हैयालाल रंजीत हनुमान क्षेत्र में ईंट भट्टा संचालित करता है। रविवार सुबह मजदूरों को लेने बाइक से जवासिया जा रहा था, रास्ते में तेजगति से आई कार ने टक्कर मार दी। शिवलाल गंभीर घायल हुआ है। जिसे लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। टक्कर मारने के बाद चालक कार लेकर भाग निकला था। जिसकी तलाश पुलिस द्वारा की जा रही है।

### राज्य स्तरीय युवा उत्सव अब जनवरी में

# सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय की मेजबानी, सीएम होंगे शामिल



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में 8 से 10 दिसंबर तक प्रस्तावित राज्य स्तरीय युवा उत्सव अब अगले वर्ष 8 से 10 जनवरी तक आयोजित किया जाएगा। जानकारी के अनुसार, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में शामिल होंगे, जिसके चलते तारीख बदलने का निर्णय लिया गया है।

विश्वविद्यालय को लगभग पांच वर्ष बाद राज्य स्तरीय युवा उत्सव की मेजबानी मिली है। इस जिम्मेदारी के बाद से ही तैयारियां प्रारंभ हो गई थीं। आयोजन के लिए पहले 8, 9 और 10 दिसंबर की तिथियां तय की गई थीं।

तीन दिवसीय युवा उत्सव में प्रदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों से चयनित करीब 500 विद्यार्थी भाग लेंगे। प्रतिभागी 22 सांस्कृतिक व साहित्यिक विधाओं में प्रतिस्पर्धा करेंगे। कार्यक्रम को लेकर विश्वविद्यालय परिसर में पहले से ही तैयारी का दौर जारी है। कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज ने बताया कि युवा उत्सव अब 8 से 10 जनवरी को आयोजित किया जाएगा। इसके लिए उच्च शिक्षा विभाग को औपचारिक रूप से पत्र भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की उपस्थिति में कार्यक्रम और भी भव्य रूप में आयोजित किया जाएगा, इसलिए आयोजन को दिसंबर की बजाय जनवरी में शिफ्ट किया गया है।

# बुरे वक्त में भी जो विश्वास न खोए, उसे मिलेगी सफलता



राजाराम एक बहुत बड़े व्यापारी थे। उन्होंने अपनी जिंदगी में हमेशा कठिनाइयों का सामना किया था। पर मुश्किलों से हारना उन्होंने कभी सीखा नहीं था। उनका एक बेटा था रमन। रमन डॉक्टर बनना चाहता था। वह दसवीं से ही पीएमटी परीक्षा के लिए तैयारी कर रहा था, ताकि उसे किसी अच्छे मेडिकल कॉलेज में दाखिला मिल जाए।

बारहवीं के बाद रमन ने पहली बार पीएमटी परीक्षा दी, पर उसमें उसका चयन नहीं हो पाया। काफी से तैयारी करने के बाद भी चयन न होने से रमन एकदम टूट गया। उसने एक बार फिर डटकर पढ़ाई की। लेकिन एक बार फिर उसका चयन नहीं हुआ। अब उसकी हिम्मत जवाब दे चुकी थी। पांच साल तैयारी करने के बाद भी उसे कुछ हासिल नहीं हुआ। उसने अपने पिता से कहा, अब मेरा डॉक्टर बन पाना मुश्किल है।

शायद मेरे अंदर वह बात नहीं। रमन के पिता बोले, तुम सही कह रहे हो बेटा। मैंने भी यही सोचा था, जब मैंने नया-नया व्यापार शुरू किया था। रमन हक्का-बक्का अपने पिता को देखने लगा। वह बोले, अपनी सारी जमा पूंजी लगाकर जब मैंने यह व्यापार शुरू किया, तो पहले तीन-चार साल मेरा बहुत नुकसान हुआ। मेरी गाड़ी, मेरा घर सब कुछ बिक गया।

यह हालत हो गई कि दो वक्त की रोटी भी मैं तुम्हें और तुम्हारी मां को नहीं खिला पाया। उस वक्त मेरे पास दो विकल्प थे, जो मैं आज तुम्हें दे रहा हूं। पहला, जो हुआ उसे भूलकर नई राह चुनो और नए सिरे से शुरूआत करो। और दूसरा, अपने ऊपर विश्वास रखो और अपनी विफलताओं को आने वाली सफलता के लिए सीढ़ी बनाओ। उस दिन से रमन ने खुद को पीएमटी की अपनी आखिरी परीक्षा की तैयारी में झोंक दिया। इस बार उसकी ऊर्जा, उसका संकल्प पहले से कहीं ज्यादा दृढ़ और मजबूत था।



## सम्पादकीय

# यात्रियों का दर्द

अलग-अलग एयरपोर्टों पर अगर लगभग एक लाख से ज्यादा यात्री केवल फ्लाइटें न उड़ने की वजह से फंसे रहे तो उनकी हालत क्या होगी? अगर एयरपोर्टों पर यात्रियों की भीड़भाड़ में किसी को पानी की बोतल के लिए सौ रुपया देना पड़े और किसी पिता को अपनी बच्ची के सेनेट्री पेड के लिए एयरपोर्ट पर मिन्नत करनी पड़े। इंडिगो एयरलाइंस के ऑपरेशनल सिस्टम के बिगड़ जाने से पिछले पांच दिन से लगभग 2000 से ज्यादा फ्लाइटें रद्द कर दी गईं। 25-25 घंटे तक लोग एयरपोर्टों पर फंसे रहने के बाद वापस घर पहुंच रहे हैं। लोगों ने वीडियो भेजे और वीडियो काल कर-के एयरपोर्ट पर अपने हालात दिखाए। लोगों का दर्द जब छलकता है तो आंसू निकल आते हैं। ऐसी कोई?भी एयरलाइंस हो उसके खिलाफ सख्त एक्शन होना चाहिए। सोशल मीडिया पर अनेक लोगों ने लिखा कि उन्हें ऐसा महसूस हो रहा है कि इंडिगो एयरलाइन ने लाखों यात्रियों को पिछले पांच दिनों से बंधक बनाकर रख दिया है। इनके खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज किया जाना चाहिए।

अब कहीं जाकर सरकार ने लाखों लोगों की टिकट का रिफंड करने के लिए इंडिगो को कहा है लेकिन नियमों के चलते इंडिगो ने जो खेल लोगों को सुविधा देने के नाम पर खेला उसे लेकर इनके खिलाफ एक्शन तो बनता है। हालत यह है कि दिल्ली से जयपुर का टिकट 90000 में बिक रहा है, दिल्ली से मुंबई का टिकट 70000 रुपये पर पहुंच गया। लोग दस गुना कीमत ज्यादा देकर अपने गंतव्य पर अगर पहुंच रहे हैं तो ज्यादा किराया वसूलने वालों पर भी एक्शन होना चाहिए। सारे एयरपोर्ट यात्रियों की भीड़ का ऐसा नजारा पेश कर रहे हैं मानो कोई लोकल बस अड्डा हो। दिल्ली एयरपोर्ट पर हजारों लोग जमीन पर ही सामान समेत बैठे रहे लेकिन इंडिगो ने 24 घंटे तक उन्हें कोई सूचना नहीं दी तो क्यों? इंडिगो संकट के चलते कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक हर बड़े एयरपोर्ट चाहे वह दिल्ली, बैंगलुरु, चैन्नई, जयपुर, मुम्बई या कोलकाता हो इंडिगो की उड़ानें रद्द होती गईं और हजारों लोग एयरपोर्ट पर फंस गए। आप्रेशनल सिस्टम बिगड़ चुका है लेकिन बेचारे लोग भारी कीमत देकर भी यात्रा नहीं कर पाते हैं तो सारा कसूर इंडिगो का है और कड़ा एक्शन उससे भी ज्यादा जरूरी है। इन हवाई यात्रियों को इंडिगो की तरफ से ना कोई मदद मिल पाई है, ना ही उड़ान से संबंधित कोई सटीक जानकारी मिल पा रही है।

## मोदी की चुनौती से घबराहट

# बिहार में हार और एसआईआर ने उड़ाई ममता की नींद

याद कीजिए बिहार चुनाव परिणाम के बाद दिल्ली में भाजपा कार्यालय पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि बीजेपी की जीत गंगा नदी की धारा के साथ-साथ बहकर बिहार से बंगाल तक जंगल राज खत्म करेगी। उन्होंने कहा था गंगा जी बिहार से बहते हुए बंगाल तक जाती हैं, बिहार की जीत ने बंगाल में भाजपा की जीत का रास्ता बना दिया है। मैं पश्चिम बंगाल के लोगों को आश्वस्त करता हूं कि आपके समर्थन से बीजेपी बंगाल से भी जंगल राज को उखाड़ फेंकेगी। यह ऐसी खुली चुनौती है जो पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को दी गई। स्वाभाविक है ममता इसे सुनने के बाद न केवल विचलित हुई होंगी बल्कि उनके अंदर एक डर समा गया होगा जो बंगाल में उनकी सत्ता को हिलाने की दिशा में मोदी का एक कारगर बयान माना जा सकता है। वैसे यह कोई छिपी बात नहीं है कि ममता बनर्जी बेहद महत्वाकांक्षी और कुछ अंशों में तानाशाह नेत्री है। कौन नहीं जानता कि वे देश का प्रधानमंत्री बनने की हसरत रखती हैं। पश्चिम बंगाल में नवंबर 2024 में हुए विधानसभा उपचुनाव में सभी पांच सीटों पर जीत के बाद टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने ममता को इंडिया गठबंधन की कमान सौंपने की बात कहते हुए कहा था कि ममता बनर्जी पूरे भारत में एक योद्धा के रूप में जानी जाती हैं। उनका नेतृत्व और जनता से जुड़ने की क्षमता उन्हें इंडिया गठबंधन का आदर्श चेहरा बनाती है। यह बयान भी स्पष्ट करता है कि तृणमूल कांग्रेस एनडीए के विरुद्ध इंडी गठबंधन की सभी पार्टियों का नेतृत्व संभाल कर देश के प्रधानमंत्री बनने की राह प्रशस्त करना चाहती थीं किंतु ऐसा हो ना सका। आज ठीक एक साल बाद ममता के सामने प्रधानमंत्री बनने का सपना तो दूर बंगाल की चौथी बार मुख्यमंत्री बने रहने पर ही प्रश्न खड़ा हो गया है क्योंकि बिहार में विपक्ष की हार और मोदी के वक्तव्य ने उनकी नींद उड़ा दी है। इसका सबसे बड़ा कारण जहां एक ओर बिहार में भाजपा नीत एनडीए की एक तरफा जीत है तो बिहार में मतदाता सूची का स्पेशल इंसेंटिव रिवीजन अर्थात एसआईआर की सफलतम परिणति है। बिहार की जनता ने जहां एक ओर एसआईआर का विरोध ना करते हुए इसका पुरजोर समर्थन किया वहीं भाजपा नीत एनडीए को 243 में से 202 सीटों पर जीत देकर बंगाल ही नहीं बल्कि 2026 में होने वाले असम, तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी के चुनावों में एनडीए गठबंधन की जीत की संभावनाओं को चमकदार बनाने का काम किया है। यही कारण है की ममता न केवल एसआईआर का विरोध कर रही हैं बल्कि इसे लेकर खुलेआम भाजपा को धमकी दे रही हैं। ममता बनर्जी एसआईआर से इतनी डरी हुई हैं कि उन्होंने इसके विरोध के लिए बड़ा मोर्चा खोल दिया है। उन्हें यह डर सता रहा है कि जिस तरह से बिहार से 65 लाख फर्जी मतदाताओं के नाम कटे और वास्तविक नए मतदाताओं को जोड़ा गया उसने एनडीए की प्रचंड जीत की आधारशिला रखी अगर ऐसा ही बंगाल में हुआ तो टीएमसी की पराजय निश्चित है। यह डर ही उन्हें सड़क पर ले आया है। हाल ही में 25 नवंबर को उन्होंने चुनौती देते हुए कहा अगर बीजेपी बंगाल में (चुनाव में) मुझे चोट पहुंचाने की कोशिश करेगी तो मैं पूरे भारत में उसकी नींव हिला दूंगी। यह धमकी उस डर को स्पष्ट कर रही है जो दीवार पर लिखी उस इबारत की तरह है जो 2026 में ममता को बंगाल की कुर्सी से हटाने का काम कर सकती है। जो ममता अपने राजनीतिक जीवन में सुविधा की राजनीति करने के लिए जानी जाती हैं 2002 में जब चुनाव आयोग ने इसी तरह मतदाता शुद्धिकरण के एसआईआर का अभियान चलाकर फर्जी मतदाताओं को बाहर किया था तब ममता बनर्जी ने उसका समर्थन किया था क्योंकि उनका मानना था कि बांग्लादेशी घुसपैठियों को मार्क्सवादियों ने घुसपैठ करा कर अपना वोट बैंक तैयार कर लिया है। लेकिन 2011 में जब यही बांग्लादेशी घुसपैठिए टीएमसी के खेमे में शिफ्ट हो गए तो वह ममता का वोट बैंक बन गए और उसके बाद लगातार बांग्लादेशी घुसपैठियों को ममता राज्य सरकार से मिलने वाली सुविधाओं यथा राशन कार्ड, वोटर आईडी और आधार कार्ड बनाकर उपकृत कर उन्हें अपने पाले में बनाए रखती रही हैं। उनकी लगातार जीत का ये घुसपैठिए मतदाता अहम हिस्सा हैं। ममता इसीलिए परेशान हैं। ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि इस एसआईआर से पश्चिम बंगाल से लगभग 43 लाख से ज्यादा मतदाताओं के नाम कट सकते हैं तथा अब तक एक लाख फर्जी वोटर मिले हैं जिससे ममता बनर्जी बेहद डरी हुई हैं क्योंकि यही वोट बैंक उनकी लगातार जीत का प्रमुख आधार है। पश्चिम बंगाल में अभी लगभग 7 करोड़ 66 लाख मतदाता हैं और यदि 5 से 10 फीसदी वोटर भी सूचियों से विलोपित हो जाते हैं तो टीएमसी के मुस्लिम वोट बैंक पर गहरा प्रभाव पड़ेगा। इसमें कोई शक नहीं कि पश्चिम बंगाल में बीजेपी लगातार मजबूत हो रही है। बिहार के चुनाव में एनडीए की जीत ने ममता को चिंता ग्रस्त किया है। अगर बंगाल में भी फर्जी वोटर निकाल दिए जाएंगे तो ममता का वोट बैंक खत्म हो जाएगा और टीएमसी की हार निश्चित हो जाएगी इसी वजह से ममता एसआईआर का पुरजोर विरोध कर रही हैं। कौन नहीं जानता 2019 में भाजपा ने लोकसभा में 18 सीटों पर जीत हासिल कर ममता को हिला दिया था। वहीं 2021 के विधानसभा चुनाव में ममता के खेला होवे नारे ने 77 सीटों पर बीजेपी को रोककर 215 सीटें जीत ली थीन और तीसरी बार सरकार बनाई थी। इस चुनाव में दोनों दलों के बीच 10 फीसदी वोटो का अंतर था। टीएमसी को 48 प्रतिशत और भाजपा को 38 प्रतिशत वोट मिले थे। ममता की जीत का एक बड़ा कारण हिंसा की राजनीति भी है। राज्य में पंचायत से लेकर लोकसभा तक ऐसा कोई चुनाव नहीं होता जब इंसानों की बली ना चढ़ती हो। टीएमसी के गुंडे ममता के लिए अपनी जान देने और दूसरों की जान लेने पर आमादा रहते हैं। तब टीएमसी के लिए वोट ना देना मतदाताओं के लिए जोखिम भरा होता है क्योंकि चुनाव के उपरांत उन मतदाताओं को प्रताड़ित किया जाता देखा गया है जिन पर टीएमसी को वोट न देने का शक रहता है। यदि एसआईआर से मतदाता सूची से फर्जी वोटर हटा दिए गए तो ममता की जीत का गणित गड़बड़ाने की पूरी संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। हाल ही में मालदा में ममता बनर्जी ने एसआईआर का विरोध करते हुए कहा कि भाजपा एसआईआर कराकर अपनी कब्र खोद रही है और वह उसे कभी सफल नहीं होने देंगी। हार का डर कदम कदम पर उनके वक्तव्य से झलक रहा था।



डॉ. हरिकृष्ण बडोदिया
(दैनिक अवन्तिका)

## डॉ. की दुकान

कभी शिक्षा मंदिर हुआ करती थी, अब मेले का स्टॉल है– ले लीजिए ज्ञान, एक के साथ मानद उपाधि मुफ्त! पहले लोग विद्या अर्जित करते थे, अब विद्या अर्जक को ही अर्जन का साधन बना लिया गया है। अब तो हालत यह है कि गाँव का हलवाई भी सोचता है – लड्डू छोड़ो, कोई मानद डिग्री ही बना लूँ। हर रविवार को फेसबुक पर कोई न कोई दोस्त नए डॉ. अवतार में दिखता है। लगता है ज्ञान की नहीं, फोटो की क्रांति चल रही है।

हमारे गली के पांडे जी कल तक चौकीदारी करते थे, आज डॉ. पांडे एम.फील-सूफी बन गए हैं। किसी ने पूछा – कब इतना पढ़ लिए? बोले – कंप्यूटर से! असल में किसी विद्वान वेबसाइट ने मेल भेजा था – आपके समाज-सेवा के लिए मानद डिग्री दे रहे हैं। पांडे जी बोले – भैया, समाज सेवा तो नहीं की, पर बीवी की खूब सेवा की है! उधर से तुरंत उत्तर आया – वही तो सबसे बड़ी सेवा है। अगले सप्ताह उनकी उपाधि आ गई। अब वे लोगों को बिजली कटने पर व्याख्यान देते हैं – ज्ञान अंदर से जलाइए!

शर्मा जी और आगे निकले। उनके पास तो डिग्री नहीं, पूरी मालगाड़ी आ गई। ड्रॉइंगरूम में दीवार भर फ्रेम टंगे हैं – मानद शोधकर्ता, अंतरराष्ट्रीय साहित्यामृत सम्मान, विश्व गुरु अलंकरण। किसी ने पूछा, आपने कौन-सा शोध किया? बोले – हमारा जीवन ही शोध है! पत्नी ने धीमे से कहा, हाँ, दाल में नमक कितना हो, ये भी रोज शोध करते हैं। अब मोहल्ले में बच्चे उन्हें देखकर कहते हैं – देखो मम्मी, वो वाई-फाई वाले डॉक्टर जा रहे हैं, जिनकी डिग्री ई-मेल से आती है।

अब सम्मेलन भी नाम के रह गए हैं। पहले विश्वविद्यालय शिक्षा का मंदिर था, अब मानदालय बन गया है। हर कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ. साहब करते हैं, जिनकी खुद की ट्यूशन मेडम अब उनकी पत्नी बन चुकी है। मंच पर पहुँचते हैं, हाथ हिलाते हैं जैसे देश की अर्थव्यवस्था हिल रही हो। भाषण शुरू करते हैं, मित्रो, शिक्षा का पतन रुकना चाहिए। जनता तालियाँ बजाती है, क्योंकि वही पंचलाइन हर मंच की मसालेदार सब्जी है। मानद डॉक्टरों की एक खास पहचान होती है – उन्हें कोई विषय नहीं, बस अवसर चाहिए। विषय होता है कुछ भी, परिणाम होता है सम्मान; और सामने झुकी भीड़ को देखकर मन में एक आवाज आती है – वाह, डॉ.! तू बड़ा आदमी बन गया।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 08 दिसंबर 2025 सोमवार
सूर्योदय - 07:00 सूर्यास्त 17:39
पौष मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 07:30 से 09:00 तक
तिथि - चतुर्थी 16:04 उपरांत पंचमी
नक्षत्र - पुष्य 02:53 उपरांत अश्लेषा
योग - ब्रह्म 17:02 उपरांत ऐन्द्र
करण - बालव
चन्द्रमा - दिन पूर्ण कर्क में रहेगा।
मुस्लिम मास - जमादि उस्मानी मास 16 तारिख

**मेष-** व्यावसायिक यात्रा मनोनुकूल लाभ देगी। लाभ के मौके बार-बार प्राप्त होंगे। विवेक का प्रयोग करें।
**वृषभ-** बेकार बातों में समय नष्ट न करें। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में तरक्की के योग हैं।
**मिथुन-** व्यापार की गति बढ़ेगी। लाभ में वृद्धि होगी। प्रमाद न करें। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।
**कर्क-** जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।
**सिंह-** संचित कोष में वृद्धि होगी। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। शेयर मार्केट में सोच-समज्कर निवेश करें।
**कन्या-** संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। झंझटों से दूर रहें। घर-बाहर प्रसन्नता बनी रहेगी।
**तुला-** रोजगार में वृद्धि तथा बेरोजगारी दूर होगी। आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। लेन-देन में सावधानी रखें।
**वृश्चिक-** प्रयास अधिक करना पड़ेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में कमी रह सकती है। दुःखद समाचार की प्राप्ति संभव है।
**धनु-** व्यर्थ भागदौड़ रहेगी। काम में मन नहीं लगेगा। दूसरों के उकसाने में न आकर महत्वपूर्ण निर्णय स्वयं लें, लाभ होगा।
**मकर-** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है।
**कुंभ-** कारोबार में मनोनुकूल लाभ होगा। प्रमाद न करें। किसी भी निर्णय को लेने में जल्दबाजी न करें। व्यवसाय मनोनुकूल चलेगा।
**मीन-** भ्रम की स्थिति बन सकती है। लेन-देन में सावधानी रखें। थकान व कमजोरी महसूस होगी।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा
( भरदीवाले ) 9926034545

## सर्वोच्च सैन्य अफसर पर विशेष

# जनरल रावत सैन्य शक्ति के साहसी एवं सरल ईसान थे

देश की सुरक्षा और फौज की बेहतरीन की बात करने वाले जनरल बिपिन रावत को पहला चीफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस)का पद मिला। सीडीएस का पद तीनों सेनाओं के बीच तालमेल के साथ रणनीति तय करने के लिए गठित किया गया। 2019 में लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की घोषणा के बाद सीडीएस नियुक्त करने की प्रक्रिया तेज हो गई थी। तय किया गया कि चार स्टार जनरल को चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ बनाया जाएगा। देश का पहला चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ बनने के पहले जनरल रावत थल सेना प्रमुख थे। 1 जनवरी 2020 को जनरल बिपिन चंद्र रावत को देश के पहले सीडीएस का पदभार दिया गया। इस पद पर रहते हुए कई अहम फैसले लिए और उन्हें अंजाम तक पहुंचाया। फरवरी 2019 में जब पाकिस्तान में घुसकर आतंकी कैंपों को नष्ट किया गया था तब थल सेवा की कमान जनरल रावत के हाथों में ही थी ।



डॉ. बी.आर. नलवाया,
(दैनिक अवन्तिका)

देश के तीनों सेनाओं के सर्वोच्च पद पर तैनात रहे जनरल रावत का जन्म उत्तराखंड के पौड़ी में 16 मार्च 1958 को हुआ था । उनके पहले परिवार की दो पीढ़ियों ने भारतीय सेना में सेवाएं दे चुकी थी। रावत दिसम्बर 1978 में सेना में शामिल हुए थे। उनके पिता लक्ष्मणसिंह लेफ्टिनेंट जनरल के पद से रिटायर हुए थे। जनरल रावत सैकेंड लेफ्टिनेंट के पद पर सेना में शामिल हुए और सीडीएस के पद पर पहली बार जो बनाया गया ,उस पर आसीन हुए।

जनरल रावत को उनके दो बड़े मिलिट्री ऑपरेशन के लिए भी वे हमेशा याद रहेंगे।ये वो ऑपरेशन थे, जिनमें वे फैसला लेने में कभी पीछे नहीं हटे-पहना- म्यांमार में घुसकर सैन्य कारवाई और दूसरा -पाकिस्तान के खिलाफ बालाकोट स्ट्राइक और पीओके पर सर्जिकल स्ट्राइक । वे इतने सिद्धान्तवादी थे, कि एक सुप्रीम कोर्ट के एडल्टरी पर दिए फैसले पर उन्होंने खुलकर आपत्ति जताई थी। क्योंकि जनरल रावत एक दूरदर्शी नेता, विद्धवान सैनिक और सैन्य सुधारक भी थे। जो अपनी व्यावसायिकता, सिद्धान्तों, दृढ़ विश्वास और निर्णायक के लिए जाने जाते थे। इन्हीं व्यक्तित्व व कृतित्व के आधार पर उन्हें तीनो सेनाओं थल, वायु और नभ का पहली बार मुखिया नियुक्त किया गया था।


जनरल रावत को परम विशिष्ट सेवा मेडल, उत्तम युद्ध सेवा मेडल, अतिविशिष्ट सेवा मेडल, विशिष्ट सेवा मैडल : युद्ध सेवा मेडल, सेना मेडल के सम्मानों से नवाजा गया था। संयोग दिसंबर का यह रहा है ,कि दिसंबर में सेना की कमान और दिसंबर में ही बलिदान । 8 दिसंबर, 2021 बुधवार को दोपहर 12.20 बजे एक हेलिकाप्टर हादसे में उनकी मृत्यु हो गई। वे तमिलनाडु से कोर्यबटूर जिले के मूलुर एयर फोर्स स्टेशन से वेलिंगटन स्थित डिफैंस स्टाफ कालेज जा रहे थे। उनके साथ उन?की पत्नी मधुलिका रावत समेत कुल 14 लोग सवार थे। 2021 से छः साल पूर्व तमिलनाडू में बुधवार को ही दुर्घटना में जनरल रावत बाल बाल बचे थे।**देश के एक कुशल योद्धा अदभूत रणनीतिकार और अनुभवी नेतृत्वकर्ता को खो दिया अब उनकी याद बहुत आएेगी, जब कठिन चुनौतियों में उनकी रणनीति और उत्कृष्ट नेतृत्व ने देश को गौरवान्वित किया था। और सुरक्षा प्रणाली के उन्होने हमारे सशस्त्र दलो और सुरक्षा आधुनिकीकरण में महत्वपूर्ण योगदान दिया। देश सैन्य और हरिको मामलों में उनकी समझ और दृष्टिकोण असाधारण थी। भारत के पहले सीडीएस के तौर पर उन्होंने रक्षा सुधारों समेत हमारे सशस्त्र बलों से जुड़े से विभिन्न पहलुओ पर काम किया। उक्त उद्बोधन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिया। जब उनका निधन हुआ था, तब भारतीय सैन्यः बलों के लिए बहुत बड़ा झटका लगा था, क्योंकि वह सैन्य बलों के बीच अपनी साहसी और मुखर रुख के कारण लोकप्रिय थे।

# एक महीने चावल छोड़ा, तो शरीर में दिखे ये बड़े बदलाव आप भी हो जाएंगे हैरान!

एक महीने तक चावल छोड़ने पर शरीर में पांच बड़े बदलाव देखे जा सकते हैं, जैसे वजन में कमी, शुगर लेवल कंट्रोल, और पेट में हल्कापन। शुरूआती 10 दिनों में ये असर दिखते हैं, हालांकि तीसरे हफ्ते तक चावल की क्रेविंग हो सकती है। क्या आपने कभी सोचा है कि 1 महीने तक चावल छोड़ने के बाद शरीर पर कैसा प्रभाव होगा। अगर आप एक महीने तक चावल का सेवन नहीं करेंगे तो इसका असर आपके ओवरऑल वॉडी पर जरुर दिखता है। अक्सर होता है कि थकान, चेहरे पर सूजन , अचानक से भूख लगना और हमेशा से सुस्ती महसूस करना कई बार चावल खाने से भी हो सकता है। अगर आप 1 महीने के लिए चावल छोड़ देंगे तो यह आपको काफी आसान लग सकता है, लेकिन जैसे-जैसे दिन बढ़ते गए तो मन में आया कि क्यों न एक कटोरी चावल खा लें। आइए आपको बताते हैं चावल न खाने से क्या होता है। पहले 10 दिन में दिखेंगे ये असर

### वजन में तुरंत हल्की कमी

जब पहले हफ्ते में वजन मशीन पर वेट चेक करोंगे तो आपको अपना वजन से पहले से कम दिखेगा। क्योंकि चावल में सबसे ज्यादा कार्ब होते हैं, जो शरीर में पानी



रोकते हैं। इसे हटाते ही शरीर हल्का होने लगता है।

### शुगर लेवल हुआ कंट्रोल

पहले 10 दिन चावल न खाने से आपको आपके शरीर में ब्लड शुगर अचानक से ऊपर-नीचे नहीं होगा। यह शुगल लेवल को कंट्रोल करेगा।

### पेट में हल्कापन

जब आप पेट भर के खाना खाते हैं, तो भारीपन जरुर महसूस होता है, हालांकि चावल छोड़ने के बाद पेट एकदम हल्का महसूस होने लगा।

### चावल छोड़ना इतना आसान नहीं

चावल खाना हर किसी के बेहद पसंद है। तीसरा हफ्ते तक रात में गर्मा-गरम चावल चावल की क्रेविंग्स होने लगती है। चावल की खुशबू याद आने लगती है। चावल न खाने से कई बार मूड स्विंग्स और चिड़चिड़ापन तो कभी-कभी बिना वजह गुस्सा, कभी उदासी महसूस होती है।

### चावल के हेल्दी ऑप्शन

आप चाहे तो चावल के जगह पर क्विनोआ, ओट्स,मल्टीग्रेन दलिया जैसे ऑप्शन अपनाने शुरू किए, तब शरीर में काफी बदलाव देखने को मिलेगा।

- पेट अच्छे से साफ होता है।
- सुबह उठना भी आसान रहता है।
- थकान गायब होने लगी।
- वजन कम होने लगा।

एक महीन के बाद आप शारीरिक और मानसिक दोनों रुप से हल्का महसूस करेंगे। वहीं, डाइटिशियन ने बताया है कि वैसे चावल सेहत का दुश्मन नहीं है। बस सही मात्रा और सही समय पर खाना जरूरी है।

## धर्म-आस्था

# स्वयं का भाग्य स्वयं ही संवारे

प्रत्येक मनुष्य अपने जीवन में अनेक परेशानियों से जूझते हैं।अनेक मनुष्य तथाकथित साधुओं एवं ऋषियों के साथ-साथ अनेक प्रकार के संतों के पास जाते हैं।ओर समस्या से निवारण का रास्ता बताने का प्रयास करते हैं।जबकि वास्तविक संत हमें यह शिक्षा एवं संदेश देते हैं कि समस्या जीवन का अभिन्न अंग है यह अनवरत आती रहती एवं जाती रहती है।किंतु अपने विवेक से इन समस्याओं से कैसे समाधान की ओर जाया जा सकता है। वर्तमान समय में ऋषि मुनि के नाम पर अनेक अपने-अपने धंधे चला रहे हैं। आम जन को भ्रमित करते हुए धन संपत्ति से नुकसान करवा देते हैं । एक साधारण मनुष्य को यदि अपने जीवन की समस्याओं से निजात पाना है तो उसे स्वयं ही अपना रास्ता ढूंढना पड़ेगा स्वयं को ही आदर्श स्थापित करने होंगे । साथ ही स्वयं को ही अपना भाग्य संवरना होगा।



पं.रामगोपाल शर्मा
(दैनिक अवन्तिका)

### समस्या क्या है..?

आज लाखों लोग जी रहे हैं-पर जीवन को जी नहीं रहे। हर दिन वही भागदौड़, वही थकान, वही आदतें, वही बातें– और मन के भीतर एक धीमी फुसफुसाहटः

क्या यही मेरा जीवन है? क्या मैं इससे ज्यादा नहीं बन सकता.?

हम दूसरों की अपेक्षाओं में उलझकर अपने ही जीवन के डिजाइनर बनना भूल जाते हैं। जीवन बहता जाता है और हम बस बहते जाते हैं।

### समाधान क्या है..?

रामायण हमें सिखाती है कि जीवन संयोग से नहीं, संकल्प से बनता है। जैसे श्रीराम ने अपना हर कदम धर्म, उद्देश्य और स्पष्टता के साथ रखा, वैसे ही हम भी अपना भविष्य गढ़ सकते हैं। रामायणजी बताती हैं कि आप अपने जीवन के वास्तुकार कैसे बनेंगे-:

1. स्पष्ट दृष्टि – आपका आदर्श जीवन कैसा दिखता है? जिस तरह राम वनवास में भी अपना धैर्य और मयार्दा नहीं भूले, वैसे ही पहले यह तय करें–आप किस तरह का जीवन जीना चाहते हैं? किस तरह के व्यक्ति बनना चाहते हैं? दृष्टि के बिना दिशा नहीं मिलती।

2. अपने मूल मूल्य तय करें। राम के मूल्य स्पष्ट थे–सत्य, करुणा, कर्तव्य। सीता के मूल्य स्पष्ट थे–धैर्य, प्रेम, त्याग। लक्ष्मण के मूल्य स्पष्ट थे–निष्ठा, सेवा, समर्पण। जब आपके मूल्य स्पष्ट होते हैं, तो निर्णय आसान हो जाते हैं।

3. दीर्घकालीन लक्ष्य – जो आपकी दृष्टि से मेल खाएँ। महान कार्य एक दिन में नहीं होते।

हनुमान जी ने भी समुद्र-लांघन आकस्मिक नहीं किया– वह उनके भीतर के वर्षों के अभ्यास, चरित्र और विश्वास का परिणाम था। छोटे-छोटे कदम जोड़कर ही महान यात्राएँ बनती हैं।

4. अपने सपनों को छोटे-छोटे कार्यों में बदलें।

राम ने लंका पर विजय एक ही दिन में नहीं पाई। पहले सेतु बना, फिर योजना बनी, फिर युद्ध हुआ। बड़ा सपना –छोटे कदम–बड़ी जीत

5. अपने जीवन से ऊर्जा-चूसने वाली चीजें हटाएँ। कुंभकरण की तरह कुछ लोग, कुछ आदतें, कुछ विचार हमारी ऊर्जा खा जाते हैं। सीता जी का अशोक वाटिका में दुख–रावण या लंका नहीं था–वह अकेलापन और नकारात्मक वातावरण था। अपने जीवन में उन सबको पहचानें जो आपकी रोशनी को मंद करते हैं।

6. अपना मानसिक ढांचा उन्नत करें। हनुमान जी अपनी शक्ति भूल गए थे और जाम्बवंत ने उन्हें याद दिलाया- तुममें जितनी शक्ति है, तुम कल्पना भी नहीं कर सकते। अपने मन को रोज यह याद दिलाना सीखें– मैं सीख सकता हूँ। मैं बेहतर बन सकता हूँ। मैं अपने जीवन को बदल सकता हूँ।

7. ऐसी दिनचर्या बनाएँ जो हमको अपने सपनों के व्यक्तित्व में ढाले। हम भविष्य से नहीं बदलते, हम आदतों से बदलते हैं।

लक्ष्मणजी की तपस्या, हनुमानजी की निष्ठा, सीताजी का धैर्य, रामजी का अनुशासन–सब आदतें थीं, चमत्कार नहीं।

8. अपने आसपास प्रेरक लोग रखें

हमारा वातावरण हमारा भविष्य तय करता है। राम के पास लक्ष्मण थे, हनुमान थे, विभीषण जैसे मार्गदर्शक थे।

## इन्दौर मंडी भाव

### अनाज भाव

सोयाबीन- 4066 (औसत), गेहूं- 2420, गेहूं सुजाता- 1100, मक्का- 1,350 (औसत), डॉलर चना- 6,055 (औसत), देसी चना- 4,510 (औसत), चना कांटा- 4470 (औसत), आमचूर- 7,155 प्रति क्विंटल, मसूर- 5,500 (औसत), मूंग- 6,105 (औसत), मूंग एवरेज- 4043 से 6200, तुअर- 1470 से 6100, तुअर सफेद महाराष्ट्र- 1100 से 6600

### सब्जी भाव

सेब- 410-500, केला- 110-320, टमाटर- 210 से 400, कद्दू- 100 से 500, खीरा- 374 से 810, करेला- 220 से 710, लौकी- 100 से 500, बेंगन- 200 से 340, , फुल गोभी- 270 से 1000, अदरक- 532 से 700, हरी मिर्च-1280 से 3100

### आलू भाव (औसत मूल्य)

एक्स्ट्रा सुपर आलू- 2350, गुल्ला आलू- 2550, ज्योति आलू- 1450, चिप्सोना आलू- 860, छांटन आलू- 1075,

### प्याज भाव (औसत मूल्य)

एक्स्ट्रा सुपर प्याज- 2,350, सुपर प्याज- 3,100, एवरेज प्याज- 3,000

### लहसुन भाव (औसत मूल्य)

एक्स्ट्रा सुपर लहसुन- 16,025, सुपर लहसुन- 10,600, एवरेज लहसुन- 11,000

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1941-2185, चना काबली- 3730-9212, चना देशी- 3501-5512, बटला- 3501-800, धनियाा- 6600-8000, मसूर- 6061-6121, सोयाबीन- 1900-5450, मौथीदाना- 4140, मावा- 280 प्रतिकिलो। सोना-चाँदी- सोना- स्टेण्र्ड- 1,29,100, रवा- 1,29,000 चांदी- टंच- 1,73,200 पाट- 1,73,100।

## उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130,तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com

न्यूज-कॉलम



## अखिल भारतीय सर्व ब्राह्मण युवक-युवती वैवाहिक परिचय सम्मेलन

**नागदा।** नागदा में श्री परशुराम कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज उज्जैन द्वारा आयोजित अखिल भारतीय सर्वब्राह्मण युवक युवती वैवाहिक परिचय सम्मेलन में वैवाहिक प्रविष्टियों के निमित्त कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज उज्जैन के अध्यक्ष ईश्वरचंद्र दुबे, महामंत्री अतुल दुबे, कोषाध्यक्ष दिनेश शुक्ला शनिवार को नागदा पहुंचे।

## भाजपा की आंतरिक गुटबाजी से नागदा जिला नहीं बना

**नागदा।** वर्ष 2023 में नागदा को जिला बनाने की मुहिम तेज हुई



पक्ष और विपक्ष दोनो की ओर से नागदा को जिला बनाने के सकारात्मक और पुरजोर प्रयास किये जा रहे है। जिसका नतीजा हुआ कि नागदा में 20 जुलाई 2023 को आयोजित एक सभा में तात्कालिक मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने नागदा को जिला बनाने की घोषणा की और जिला बनाने का नोटिफिकेशन भी सरकार द्वारा जारी किया गया।

## नागदा में खेतान टायर के मालिक व गुर्गो ने ट्रकों से बैट्री व पार्ट्स निकाले



**नागदा ।** दबंगों का कहर देखने को मिला, बड़ी बात तो यह ही की पुलिस पीड़ित की मदद नहीं कर उलटा दबंगों का पक्ष ले रही है। कोटा निवासी हरदेव यादव के ट्रक कोटा से माल लेकर नागदा की लैक्सस फैक्ट्री आते हे । नागदा मे राधा मदन पार्किंग में ट्रक खड़े थे ,जहाँ पर कुछ लोग आए ट्रक की बैटरी ,सेल्फ ए अन्य सामान खोल लेकर ले गये।

## मुक्ति धाम विकास समिति न्यास सारंगपुर की बैठक 11 दिसम्बर को

**सारंगपुर।** मुक्ति धाम विकास समिति सारंगपुर की बैठक 11 दिसंबर बुधवार आयोजित होगी। उक्त जानकारी देते हुए मुक्ति धाम विकास समिति अध्यक्ष अनिल बारकिया ने बताया कि बैठक में मुक्ति धाम के विकास निर्माण और सौंदर्यकरण संबंधी मार्गदर्शन, सुझाव, परामर्श प्राप्त किए जाएंगे। बैठक का आयोजन बालरूप हनुमान मंदिर पुराना बस स्टैंड सारंगपुर में ११ दिसंबर रात्रि 8 बजे होगा। मुक्ति धाम विकास समिति न्यास सारंगपुर अध्यक्ष बारकिया ने सभी समाजजनों से बैठक में आवश्यक रुप से उपस्थित होने का आग्रह किया है।

## छात्र-छात्राओं ने प्राणी संग्रहालय एवं रीजनल पार्क का किया शैक्षणिक भ्रमण



**सारंगपुर।** शासकीय हाई स्कूल धनोरा के छात्र-छात्राओं ने प्राणी संग्रहालय एवं रीजनल पार्क इंदौर का शैक्षणिक भ्रमण किया। जिसमें बच्चों ने प्राणी संग्रहालय में प्राणियों को देखा तथा उनकी दिनचयाओं पर विशेष चर्चा की और उनके जीवन से संबंधित अनेक गतिविधियों को जाना। छात्र-छात्राओं के साथ हाई स्कूल धनोरा के प्राचार्य हिम्मत सिंह भिलाला, छगनलाल मालवीय, रामेश्वर प्रसाद लोधा, मोहन सिंह भिलाला, बीएल वर्मा, माया चौहान, अनीता चौहान, सविता चौहान आदि उपस्थित रहे।

## आवास विभाग द्वारा आवासहीन व्यक्तियों को आवासीय पट्टे जारी किए जावेंगे

**महिदपुर।** मध्यप्रदेश शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल तथा राजस्व विभाग मंत्रालय, वल्लभ भवन भोपाल के पत्र क्रमांक एफ. 4209/2025/18-3 भोपाल दिनांक 17 नवम्बर के अनुसार मध्यप्रदेश नगरीय क्षेत्र के भूमिहीन व्यक्ति (पट्टाधृति अधिकारों का प्रदान किया जाना) अधिनियम, 1984 के अन्तर्गत आवासीय भूमि के पट्टे दिये जाने के निर्देश प्राप्त हुए हैं। प्राप्त निदेर्शों के पालन में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) महिदपुर द्वारा राजस्व एवं नगरपालिका का संयुक्त दल गठित कर नगरीय क्षेत्र के आवासहीन पात्र हितग्राहियों का सर्वे कार्य दिनांक 13 दिसम्बर 2025 तक करवाये जाने हेतु आदेश जारी किया है। नगरीय क्षेत्र के समस्त पात्र हितग्राही जो दिनांक 31 दिसम्बर की स्थिति में शासकीय/नगरीय निकाय की भूमि पर वास्तविक रूप से काबिज हैं वह अपने दस्तावेज (दिनांक 31 दिसम्बर के पूर्व का बिजली बिल, नगरपालिका की टैक्स रसीद, अपने परिवार के सभी सदस्यों के आधार कार्ड एवं समग्र आई.डी.) संबंधित दल प्रभारी या नगरपालिका राजस्व शाखा कक्ष क्रमांक 2 में 13 दिसम्बर से पूर्व जमा कर सकते हैं। उक्त दिनांक के पश्चात प्राप्त आवेदनों परविचार नहीं किया जावेगा।

## राधेश्याम सोमतिया बने जिला संगठन महासचिव

**सारंगपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के आदेशानुसार एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी की अनुशंसा पर कांग्रेस के मध्य प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी के द्वारा जिलों में जिला संगठन महासचिवों की नियुक्तियाँ तत्काल प्रभाव से जारी की है। जिसमें सारंगपुर विस के वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व जिला संगठन मंत्री राधेश्याम सोमतियां को जिला संगठन महासचिव पद पर नियुक्ति प्रदान की है। इनकी नियुक्ति पर जिलाध्यक्ष प्रियव्रत सिंह खींची, नंदलाल नागर, मोहम्मद अली, हेमेंद्र सिंह सोलंकी, पप्पु कलमोदिया, शफीक अंसारी, निजाम कुरैशी, चंद्रर सिंह परमार सहित अन्य ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

# शहर में बिना एक्सपायरी व बिना आईएसआईएस मार्क के बेचा जा रहा पानी

## सारंगपुर में रोज बिक रहा हजारों लीटर पानी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर

शहर में पानी का कारोबार दिन व दिन बढ़ता जा रहा है। वर्तमान में हर दिन हजारों लीटर पानी की बिक्री की जाती है। खासबात यह है कि जो लोग पानी बेच रहे है, उनमें से अधिकांश के पास न को आईएसआई मार्का है और न ही पानी टेस्ट करने के लिए लैब। बावजूद इसके कार्रवाई न होने से दिन व दिन पानी बेचने वालों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। हैरानी की बात यह है कि पिछले माह खाद्य एवं औषधि विभाग द्वारा शहर में खाद्य सामग्री की शुद्धता की जांच मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब के माध्यम से मौके पर ही की गई थी, लेकिन पानी को इससे दूर रखा गया है।

**यह है नियम**



शासन का नियम है कि पैक कर कोई भी वस्तु बेचने पर पैकिंग पैकेट पर आईएसआई मार्का होने के साथ उस पर पैकिंग डेट के साथ एक्सपायरी डेट व कंपनी का पता होना आवश्यक है। बावजूद इसके पानी के पाउचों व जारों पर इस नियम का पालन नहीं किया जा रहा है। स्थिति यह कि बाजार में बिक रहे अधिकांश पाउचों पर सिर्फ कंपनी का फर्जी नाम लिखा है। न तो उसमें कंपनी का पता लिखा है और न ही पैकिंग व एक्सपायरी डेट।

### शहर में पाउच, कैंपर, जार, टैंकर से बेच रहे पानी

शहर में कैंपरों के माध्यम से हजारों लीटर पानी बेचा जा रहा है। एक अनुमान के अनुसार शहर में लगभग ढाई से तीन हजार कैंपर पानी की प्रतिदिन खपत है। 20 लीटर के जार में भी पानी बेचा जा रहा है। लगभग 500 जार प्रतिदिन की खपत है। यानि 10 हजार लीटर पानी। वर्तमान में सैकड़ो पानी के पाउच प्रतिदिन बेचे जा रहे हैं। गर्मी में यह आंकड़ा हजारों से भी पार कर जाता है।

**चिलर, आरओ प्लांट लगाया और शुरू हो गया धंधा**

शहर में पानी का व्यापार तेजी के साथ बढ़ रहा है। पैक्ड पानी बेचने के लिए फैक्ट्री पानी की जांच के लिए लैब होना आवश्यक है। लेकिन अधिकांश पानी का व्यापार करने वाले लोग एक आरओ प्लांट पानी को फिल्टर करने के लिए व एक चिलर प्लांट गर्मी में ठंडा पानी करने के लिए लगा कर व्यापार शुरू कर देते है। चूंकि विभाग किसी प्रकार की जांच या कार्रवाई नहीं करता, इसलिए यह व्यापार फलफूल रहा है।

**बोले जिम्मेदार**

पानी में कोई बड़बड़ी की शिकायत मिलती है तो आगे हम सारंगपुर में आकर पानी की गुणवत्ता की भी जांच की जाएगी और कार्रवाई की जाएगी।

**शिवराज पावक, खाद्य एवं औषधि अधिकारी, राजगढ़.**

# विभागीय कर्मचारी अपने कार्य में सुधार लाए, लापरवाही करने पर होंगी कड़ी कार्रवाई - सीएमएचओं देहरवाल

## तीन घण्टे की समीक्षा बैठक में अच्छे कार्य पर मिली प्रशंसा, लापरवाही पर नोटिस के निर्देश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर



स्वास्थ्य कर्मचारी काम की गुणवत्ता बढ़ाए, समय पर सेवा दे, लापरवाही न बरतने की चेतावनी के बाद भी अगर कार्य में सुधार नही आया तो कार्रवाई होंगी। उक्त बात शनिवार को सुसनेर सिविल अस्पताल में सीएमएचओ डॉ.दिनेश देहरवाल ने समीक्षा बैठक के दौरान कही। राष्ट्रीय कार्यक्रमों में ५० प्रतिशत से कम उपलब्धि वाले कर्मचारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश सीबीएमओं डॉ.राजीव कुमार बरसेना को दिए। उन्होंने ने स्पष्ट कहा है कि स्वास्थ्यकर्मियों को अपना काम ठीक करना होगा वरना कार्रवाई होगी। अभी तो ठीक है, मैं जनवरी-फरवरी में फिर आऊंगा तब तक कार्य मे सुधार हो जाए। बैठक में जिले के अधिकारियों ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की गहन समीक्षा की। बैठक का मुख्य उद्देश्य इन कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में आ रही बाधाओं की पहचान करना और जिले के स्वास्थ्य संकेतकों में अपेक्षित सुधार लाना था।

**राष्ट्रीय कार्यकर्मो व योजनाओं की हुई समीक्षाः-**

करीब तीन घंटे तक चली इस समीक्षा बैठक में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, मलेरिया नियंत्रण, टीबी उन्मूलन कार्यक्रम, और परिवार नियोजन जैसी प्रमुख योजनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई। पाया गया कि कुछ क्षेत्रों में प्रदर्शन अपेक्षा के अनुरूप नहीं है। उन्होंने संबंधितो को निर्देशित किया कि उप-स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं सिविल अस्पताल हर स्तर पर साप्ताहिक उपलब्धियों में सुधार सुनिश्चित करें।

सीएमएचओ ने विशेष रूप से टीबी अभियान में एक्सरे एवं आईडीएसपी की रिपोर्ट दिसम्बर तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने लाभार्थियों को मिलने वाले वित्तीय लाभों को समय पर उनके खातों में पहुँचाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उपस्वास्थ केंद्रों के निरीक्षण हेतु जिला स्तरीय टीम का गठन किया गया।

**यूनिव पोर्टल इंन्ट्री करे, नही तो होगी कार्रवाईः-**

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. नरेंद्र सिंह परिहार ने यूनिव पोर्टल पर बच्चों की इंन्ट्री शतप्रतिशत करने के निर्देश दिए। डेटा एंट्री में देरी करने पर कार्रवाई की बात कही। सीएमएचओं ने सभी विकासखंड अधिकारियों और स्वास्थ्य अमले को नियमित रूप से फील्ड विजिट और शत-प्रतिशत लक्ष्य के लिए तत्परता से कार्य करने के निर्देश दिए। एनिमिया मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत स्कूलों में जाकर बच्चों की स्क्रेनिंग करने के निर्देश दिए। राष्ट्रीय कार्यक्रमों में अच्छे कार्य करने वालें उपस्वास्थ्य केंद्र पायली, बडिया, गणेशपुरा के कर्मचारियों की सराहना की। राष्ट्रीय कार्यक्रमों में लापरवाही के लिए सोयत एएनएम मनोरमा कुभंकार एवं पूजा शाक्य को शोकाज नोटिस जारी करने के निर्देश व एएनएम, सीएचओ, आशा सुपरवाइजर,आशा कार्यकर्ता की सराहना की।

**ये रहे मौजूदः-**

सिविल सर्जन डॉ.मनीष कुरील, डीपीएम राकेश सिंह चौहान,डीसीएम जगन सिंह सोलंकी, एमएनडी हेमंत गुप्ता,आरबीएसके समन्वयक मांगु सिंह पंवार, एसटीएलएस, रामकिशन योगी, एसटीएस राजेश चतुवेर्दी, स्थापना शाखा से एलविन साल्वे, वेक्सीन कोल्ड चेन मेनेजर अविनाश गेहलोत, सोयत एमओ मुकेश जाट, बीपीएम दौलत मुजाल्दे, बीसीएम मुकेश सुर्यवंशी, प्रभारी बीईई भरत भावसार, सुपरवाईजर, एमपीडब्लु, सीएचओं, एएनएम, आशा सुपरवाईजर सहित स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे।

**सिविल अस्पताल का किया निरीक्षणः-**

सीएमएचओं ने टीम के साथ सिविल अस्पताल के नवीन भवन का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

## सरपंच के साथ मारपीट करने वाले पाँच आरोपी गिरफ्तार

**जीरापुर पुलिस की त्वरित कार्रवाई—डंडे व मोटरसाइकिल जप्त।**

**जीरापुर ।** थाना क्षेत्र में सरपंच विक्रम सौंध्या पर हमला करने वाले पाँच आरोपियों को पुलिस ने चंद घंटों में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के.एल. बंजारे, एसडीओपी डी.वी.एस. नागर एवं थाना प्रभारी निरीक्षक रवि ठाकुर के नेतृत्व में गठित टीम ने सीसीटीवी फुटेज व तकनीकी विश्लेषण के आधार पर आरोपियों की घेराबंदी कर पकड़ की। घटना 5 दिसंबर को पिपल्दा रोड पर हुई, जहाँ फरियादी की बुलेट रोककर आरोपियों ने डंडों से हमला कर चोट पहुंचाई और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने प्रकरण में विभिन्न धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज किया है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने घटना में प्रयुक्त 4 डंडे और 2 मोटरसाइकिलें जप्त कीं। गिरफ्तार आरोपियों में देवराज सिंह, अंकित उर्फ कान्हा, पवन तंवर, नितेश तंवर और जितेन्द्र सौंधिया शामिल हैं। कार्रवाई में जीरापुर थाना, माचलपुर थाना एवं साइबर सेल की टीमों का विशेष योगदान रहा। जीरापुर पुलिस ने कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु ऐसी त्वरित और कठोर कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## मलावर में डॉ अम्बेडकर की पुण्यतिथि के अवसर पर संविधान बचाने की शपथ ली

**ब्यावरा।** ब्यावरा के समीप ग्राम मलावर में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गादीया के द्वारा मलावर एव आगर मंडल की संयुक्त बैठक का आयोजन मुख्य बाजार में किया गया बैठक में मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रभारी सचिन गिरी, ब्लॉक अध्यक्ष गोपाल बना शामिल हुए संयुक्त बैठक का मुख्य उपदेश घर-घर और हर चौपाल पर संविधान के महत्व की जानकारी पहुंचाना उद्देशय है इसमे अभियान को जन-जन तक ले जाने के लिए रणनीति पर चर्चा की गई बैठक के प्रारंभ में संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की पुण्य तिथि मनाई गई बैठक में मंडलम अध्यक्ष मोहन यादव, आगर मंडलम अध्यक्ष राजकुमार जाट, सरपंच रोड़सिंह ठाकुर, जनपद सदस्य विष्णु गुर्जर, युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश दांगी, के पी बना, मोहन जाट, पिछड़ा वर्ग कांग्रेस पूर्व जिला अध्यक्ष चंदरसिंह गुर्जर, एनएसयूआई विधानसभा अध्यक्ष ईश्वर गुर्जर, महेंद्र गुर्जर भगवान सिंह गोस्वामी, महेश गुर्जर, लक्ष्मी नारायण चौहान, बब्लू भिलाला उपसरपंच, हेमराज भिलाला, बृजमोहन वर्मा आगर हेमराज मेहर आदि बड़ी संख्या में आमजन और कार्यकर्ता शामिल हुए हैं।

## एचडीएफसी बैंक एवं भारत एकता ग्रुप ब्यावरा के संयुक्त तत्वाधान में विशाल रक्तदान शिविर आयोजित

**ब्यावरा।** एचडीएफसी बैंक एवं भारत एकता ग्रुप ब्यावरा के संयुक्त तत्वाधान में विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया गया।



प्रातः 11 बजे से शाम 4.30 बजे तक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया इसमें तकरीबन 41 युवाओं और मातृशक्ति ने रक्तदान किया। भारत एकता ग्रुप ब्यावरा द्वारा यह 1119वां रक्तदान शिविर संपन्न हुआ। रक्तदान करने वाले रक्तदाता एवं मातृशक्ति रूत्वी शर्मा, निहारिका भट्ट , नेहा सक्सेना, शानू शर्मा, लक्ष्मी सेन, रक्तदाता बंटी परिहार ब्रांच मैनेजर, बंसत श्रीवास्तव, राहुल बंसल, प्रवेश दुबे, खूबचंद नामदेव, शैलेन्द्र चौरसिया, राहुल दांगी, रोहित मीना, शाहरुख खान, नाजिर खान, रत्नेश खटीक, साहिल चौहान, कमलेश सक्सेना, डॉ संदीप विश्वकर्मा, जीतेन्द्र शर्मा, तरुण शर्मा ,मयंक आदि ने रक्तदान किया। रक्तदान शिविर मे सहयोग करने वालो में समाजसेवी ओम बैरागी, बंसत श्रीवास्तव, सोनू धनगर, राहुल दांगी, कमलेश वैष्णव, शानू नाहर रहे ब्लड कलेक्शन टीम राजगढ़ से राजकुमार भिलाला ,नरेंद्र वैष्णव, होकम गुर्जर आदि रहे आपका रक्त किसी अनजान व्यक्ति की जान बचा सकता है रक्तदान करके देखिए बहुत अच्छा लगता है।

## कलेक्टर बने श्रवण कुमार वृद्धा आश्रम के 32 वृद्धजनो को उज्जैन महाकाल दर्शन के लिए भेजा

**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले में मानवता और संवेदनशील प्रशासन का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हुए कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने जिला अस्पताल स्थित वृद्धा आश्रम में निवासरत वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष धार्मिक यात्रा की पहल की। कलेक्टर डॉ. मिश्रा स्वयं च्श्रवण कुमारज्ज की भावना के साथ आगे आए और सभी वृद्धजनों को उज्जैन महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन हेतु भेजने की व्यवस्था कराई। वृद्ध आश्रम के वरिष्ठ नागरिकों को सुरक्षित एवं सुखद यात्रा सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा भोजन, आवागमन, स्वास्थ्य सेवाओं तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था की गई। प्रशासन की इस पहल से वृद्धजनों में अत्यंत उत्साह और भावनात्मक प्रसन्नता देखने को मिली। डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने कहा कि च्वृद्धजन समाज की सबसे अमूल्य धरोहर हैं। उनके चेहरे पर मुस्कान लाना हमारी जिम्मेदारी ही नहीं, बल्कि सौभाग्य है।ज्ज जिला प्रशासन द्वारा आगे भी इसी प्रकार मानवीय और जनहितकारी कार्यों को निरंतर जारी रखने की बात कही गई है।

## सामाजिक समरसता समाज को एकात्मता के सूत्र में बांधती है-सोंधिया



**ब्यावरा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ब्यावरा इकाई द्वारा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर विद्यालय में डॉ.भीमराव अम्बेडकर की पुण्यतिथि के उपलक्ष में सामाजिक समरसता दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे मुख्य वक्ता नगर मंत्री राकेश सोंधिया ने बताया सामाजिक समरसता का अर्थ समाज के विभिन्न वर्गो के बीच सौहार्द और प्रेम बड़ाने पर ध्यान केंद्रित करने से है वासुदेव कुटुम्बकम के विचारो से विश्व को सीख देने वाली भारतीय संस्कृति में अस्पृश्यता और भेदभाव एक विकार है इसे हम सबको त्यागना चाहिए, हमारी संस्कृति की विशालता को वैश्विक स्तर पर स्थापित करना है तो आवश्यक है हिंदू समाज संगठित रहे, जातिगत भेदभाव और अस्पृश्यता समाप्त हो, कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती प्रीति गौतम रही उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पंच परिवर्तन से समाज परिवर्तन के विषय के बारे में विद्यार्थियों को विस्तृत जानकारी दी कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्राचार्य राजीव यादव ने किया।

# अधूरे प्रोजेक्ट बढा रहे शहर की परेशानी, कई योजनाओं की रफ्तार धीमी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर

शहर के विकास के लिए अमृत 2, मुख्यमंत्री अधोसंरचना, कायाकल्प योजना में करोडों रुपए स्वीकृत तो जरूर हुए लेकिन इस योजना के अधिकांश विकास कार्य अधूरे पडे है। कई प्रोजेक्ट अधूरे पडे हैं। इतना ही नहीं इनमें से कई तो शुरू ही नहीं हुए। इस वजह से ये योजना के अंतर्गत शुरू किए गए कार्य लोगों की समस्या दूर करने की बजाय ज्यादा बढा रहे हैं। यदि समय रहते ये विकास कार्य पूरे हो जाते तो शहर की तस्वीर बदल जाती। सडक सपाट होती। पेयजल की समस्या कहीं नहीं रहती। सीवरेज की सुविधा मिलने लगती। लेकिन, नेता व अधिकारी बेपरवाह रहे। अब नपा चुनाव के दो साल बचे होने से आनन-फानन में विकास को गति देने की कोशिश हो रही है। बताया जा रहा है की



इन योजना में लापरवाही का असर यह रहा कि लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट जैसा प्रोजेक्ट भी जगह आवंटन न होने के कारण ठंडे बस्ते में चला गया। शहरवासियों को सीवेज वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) की सख्त जरूरत है क्योंकि ये घरों से निकलने वाले गंदे पानी (सीवेज) को साफ करके पर्यावरण प्रदूषण रोकते हैं, बीमारियों से बचाते हैं और पानी के पुनः उपयोग (जैसे सिंचाई) में मदद करते हैं, जिससे स्वच्छ जल सुनिश्चित होता है और अनुपचारित सीवेज नदियों व भूजल को दूषित होने से बचता है।

उल्लेखनीय है की नगर को गंदे पानी से मुक्त करने के लिए सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट व सीवेज लाइनों के निर्माण की डीपीआर को मंजूर कर नगर पालिका परिषद द्वारा मध्य प्रदेश शासन को प्रस्ताव भेजा गया था। इस योजना की डीपीआर को गतवर्ष नपाध्यक्ष पंकज पालीवाल ने अमृत टू जैसी केंद्र योजना में शामिल करा दिया है। लेकिन शासन की तरफ से जगह अलाटमेंट न होने के कारण ये प्रोजेक्ट ठंडे बस्ते में जाता दिखाई दे रहा है। बता दे कि लंबे समय से इंतजार के बाद इस योजना को मंजूरी नही मिलने से शहरवासियों को नगर के गंदे पानी से निजात नही मिल पारही है।

उल्लेखनीय है कि नगर का गंदा पानी नगर की सबसे बडी समस्याओं में से एक है। नगर का दूषित पानी नदी में छोडा जा रहा है। इससे मवेशियों के लिए गंभीर खतरा पैदा होता दिखाई दे रहा है। वही नगर के बूचडखाने व चमडे धोने से निकला गंदा पानी कालीसिंध नदी में मिलता है। इससे नदी का पानी प्रदूषित होकर गंभीर बीमारियों को आमंत्रित कर रहा है। वर्तमान में गंदा पानी को पाइपों के जरिए नदी में डाला जा रहा है, जो कभी भी गंभीर बीमारियों का कारण बन सकता है। वर्तमान में नगर का दूषित जल पाइप लाइन के जरिए नदी में छोडा जा रहा है, अगर कालीसिंध नदी के समीप लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट बनने के बाद ही इस पर अंकुश लगेगा। नपाध्यक्ष पालीवाल ने बताया है की योजना ने अमृत टू योजना का स्वरूप ले लिया है, जिसमें लगभग ११ करोड से निर्माण कार्य किया जाएगा। नपाध्यक्ष का कहना है कि जगह चिन्हित कर शासन की अलाटमेंट करने की मांग की गई है, प्लांट बनने से प्रदूषण से मुक्ति व शहर में खुले गंदे नालों से फैल रही गंदगी से निजात मिलेगी।

अगर सिवरेज लिक्विड वेस्ट प्लांट के लिए शासन द्वारा जल्द ही भूमि नपा को आवंटित की जाती है, तो नगर के समस्त मोहल्लों का गंदा पानी नालों, नालियों के जरिए लाया जाएगा।

न्यूज-कॉलम

## विश्व हिंदू परिषद ने मनाया शौर्य दिवस

**नीमच**। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा 6 दिसंबर शनिवार को शौर्य दिवस मनाया गया, जिला धर्म प्रचार प्रसार प्रमुख विनोद जयसवार ने जानकारी देते हुए बताया कि शौर्य दिवस के उपलक्ष में नीमच भारत माता चौराहे पर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने पहले जमकर आतिशबाजी की, श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया फिर भारत माता की आरती की। विभाग गौ रक्षा प्रमुख लक्ष्मण राठौड़ ने कहा कि इतिहास साक्षी है कि जब जब हिंदू संस्कृति पर विदेशी आक्रांताओं द्वारा आघात हुआ है, तब-तब हिंदू मान बिंदुओं की रक्षा के लिए संत-महात्मा, महापुरुषों हिंदू योद्धा सामने आए हैं। ऐसा ही वाकया गीता जयंती 6 दिसंबर को हुआ जब हमारे स्वाभिमान को विजय मिली । राम जन्मभूमि 600 वर्षों के संघर्ष व हजारों बलिदान के बाद मुक्त हुई। चाहे वह कृष्ण जन्मभूमि हो चाहे काशी विश्वनाथ का मंदिर चाहे सोमनाथ मंदिर हो या फिर अयोध्या की राम जन्म भूमि हो। त्याग और बलिदान की यह परंपरा सदियों से चली आ रही है।

## 714 किलोग्राम अवैध डोडाचुरा की तस्करी करते आरोपी गिरफ्तार

**नीमच**। पुलिस महानिदेशक महोदय पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा मादक पदार्थ तस्करो की धरपकड व गिरफ?तारी हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान कार्यवाही हेतु श्रीमान पुलिस अधीक्षक जिला नीमच श्री अंकित जायसवाल के निर्देशन में श्री नवलसिंह सिसोदिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीमच, श्री रोहित राठौर, अनु. अधिकारी पुलिस जावद के मार्गदर्शन व थाना प्रभारी रतनगढ़ श्री मनोज सिंह जादौन के नेतृत्व में थाना रतनगढ़ पुलिस को मिली बडी में मिली सफलता। दिनांक 6 दिसम्बर को पुलिस चौकी डीकेन थाना रतनगढ़ पर प्राप्त मुखबीर सूचना पर कार्यवाही करते हुए डीकेन रतनगढ रोड पर नाकाबंदी कर संदिग्ध वाहन से आरोपी भरत पिता पन्नालाल धाकड उम्र 32 साल निवासी ग्राम सरसी थाना कनेरा जिला चित्तौड राजस्थान के कब्जे वाली बोलेरो लोडिंग पीकअप वाहन आरजे 21 जीबी 4972 से 36 काले रंग के प्लास्टिक के कट्टो से कुल 714 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचुरा बरामद करने में सफलता प्राप्त हुई है।

## कार की टक्कर से बाईक सवार की मृत्यु

**मंदसौर**। जिले के सुवासरा थाना क्षेत्र के भेरूजी महाराज मंदिर के पास बसई घाटी ग्राम बसई पर शनिवार की रात करीब साढ़े आठ बजे आरोपी ने अपने कार को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर फरियादी के भाई की मोटर साइकिल को टक्कर मार दी जिससे उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस के अनुसार इस घटना की रिपोर्ट सुवासरा थाने पर फरियादी दशरथ पिता प्रभुलाल चौहान निवासी बसई की रिपोर्ट पर आरोपी कार चालक श्यामलाल निवासी मंजुखेड़ी थाना सीतामऊ के खिलाफ बीएनएस की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया। पुलिस ने रविवार को मृतक दिलीप उम्र 42 वर्ष निवासी बसई का पोस्टमार्टम कराकर उसे परिजनों को सौंप दिया।

## तपोभूमि पर मनाया महापरिनिर्वाण दिवस

**नीमच** । भाजपा कार्यालय तपोभूमि पर डॉ. भीमराव अंबेडकर का महा परिनिर्वाण दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। इस दौरान सभी कार्यकताओं, जनप्रतिनिधियों और पार्टी पदाधिकारियों ने बाबा साहब को याद किया और उनके विचारों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती वंदना खंडेलवाल ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन और संघर्षों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि बाबा साहब ने सामाजिक समानता, शिक्षा और स्वतंत्रता के लिए अथक प्रयास किए।

## पानी डालते ही भड़की क्लोरीन गैस

**रतलाम**। जिले के जावरा इंडस्ट्रियल एरिया में शनिवार रात एक फैक्ट्री में क्लोरीन गैस का रिसाव हो गया। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने सिलेंडर पर पानी डाल दिया, जिससे गैस का असर कम होने के बजाय और तेज हो गया। इससे तीन दमकल कर्मचारी समेत ५ लोगों की तबीयत बिगड़ गई। तीनों दमकल कर्मियों को रतलाम मेडिकल कॉलेज के आईसीयू में शिफ्ट किया गया है। रिसाव बंद करने के लिए रतलाम से इफ्का फैक्ट्री और नागदा से टेक्निकल टीम बुलाई गई, जिन्होंने हालात पर काबू पाया।

# अतिक्रमण कार्रवाई को लेकर सांसद श्री गुप्ता ने नगरपालिका और अधिकारियों से मांगे जवाब

## पूछा ठेला व्यवसायियों व निम्न वर्ग व्यापारियों को स्थापित करने की क्या योजना है?

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ मन्दसौर



शहर मंदसौर में मॉडल रोड़ बनाने को लेकर प्रशासन व नगर पालिका अमला 4 दिन से सक्रिय है। बीपीएल चौराहा से लेकर मण्डीगेट तक का अतिक्रमण हटाया जा रहा है। ठेले व गुमठियां हटाई गई वही दुकानों के सीमा से बाहर किये गये अतिक्रमण पर भी जेसीबी चलाई गई है। इधर सांसद सुधीर गुप्ता ने कार्रवाई पर नगरपालिका और अधिकारियों से कहा कि अतिक्रमण से पहले पटरी पर बैठने वाले ठेला व्यवसाय और निम्न वर्ग के व्यापारियों के लिए प्रशासन ने क्या प्लान सोचा और उन्हें कहां स्थापित किया जाए इस बारे में जानकारी चाहिए।

सांसद ने सीएमओ को लिखे पत्र में कहा कि इतने मध्यम वर्गीय व्यापारियों को हटाने से पहले क्या नगर पालिका ने इन्हें कहीं विस्थापित करने की कार्य योजना बनाई है साथ ही उन्होंने बिंदुवार १४ सुझाव और जवाब नगर पालिका सीएमओ से चाहे हैं। सांसद सुधीर गुप्ता ने अधिकारियों को व्यापारियों से संवाद में भी मयार्दाओं का ध्यान रखने की बात कही।

सांसद गुप्ता ने कहा कि हमारा शहर मध्यम श्रेणी व गरीबी से जीवन जीने वालों की बहुतायत वाला शहर है. यहाँ अमीरों की संख्या सीमित है। देश लम्बे समय से स्ट्रीट वेंडरों का सम्मान रख रहा है व स्ट्रीट वेंडरों हेतु सहायता उपलब्ध करा रहा है। जो स्ट्रीट वेण्डर नगर पालिका रिकॉर्ड में रजिस्टर्ड हैं व नियमित न.पा. द्वारा निर्धारित करों को चुकाकर व्यवसाय की अनुमति प्राप्त करते हैं, उनके लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था जुटाई गई है क्या? फूड जोन का स्थान निर्धारित करते वक्त शहर ने ऐसे स्थान का चयन, किया था जहां (56 दुकान इन्दौर) की तर्ज पर परिवार अपने बच्चों के साथ बैठकर नाश्ता वगैरह कर सके। इसी प्रचार के कारण फूड जोन की दुकानें भारी दामों पर व्यवसायियों ने नं.पा. से क्रय की थी, आज उन पर प्रश्न चिन्ह है।

सदर बाजार जैसे स्थान 100-200 वर्ष पुराने बने हैं जहां बरसात व धूप से बचने हेतु दुकानदार को त्रिपाल भी लगाने होते हैं। क्या यह सक्षम अधिकारियों के ध्यान में रहा क्या? दुकानदार अपनी दुकान पर आने-जाने हेतु एक छोटी पत्थर की रपट बनाता है ताकि वृद्ध, बच्चे व महिलाएं दुकान पर आसानी से चढ़ सकें। अधिकतर यह अतिक्रमण श्रेणी में आता है, इसका कोई विकल्प दुकानदारों को सुझाया गया है क्या? व्यावसायिक स्थलों के बाहर सामान्यतः नाली बनी रहती है। सड़क से दुकान के बीच नाली में कई लोग लगातार गिरते हैं। स्थानीय प्रशासन इसकी कोई योजना नहीं बना पाता है। इस कारण दुकानदार नाली की सफाई का स्थान छोड़कर दुकान के बाहर पट्टी का निर्माण करता है। क्या कोई व्यवस्था व्यावसायिक स्थलों हेतु सुधारी गई है क्या? अस्पताल के बाहर फल-फ्रूट, नारियल पानी, सस्ता भोजन उपलब्ध रहे, ऐसे विकल्प तलाशे हैं क्या? फूल विक्रेता व मंदिरों का नाता रिश्ता है। बर्थडे, सम्मान समारोह हेतु फूलों की मांग लगी रहती है। ये शहर के भिन्न-भिन्न स्थानों पर अपनी सेवाएं देते हैं। इन्हें.. हटाकर कहां बिठाना है,

इस पर विचार हुआ ही होगा। यातायात का सुचारू संचालन एक चुनौती है। इस हेतु हमें अनुशासित शहरों को बनाना होगा। नई अनुमतियां, नए निर्माण, नई योजना बनाते समय इन सभी विकल्पों पर ध्यान देने और ट्रेनिंग देने, कठोर कानूनों का पालन कराने हेतु सख्त व्यवहार आवश्यक है। मगर पुरानी बनी हुई सड़कें कैसे श्पूर्ण चौड़ाई की होंगी, यह एक यक्ष प्रश्न है जिसका उत्तर खोजना चाहिये।

उन्होने कहा कि पार्किंग स्थलों का विकास या चयन करना आज बाजारों के नागरिकों, प्रशासन एवं जन प्रतिनिधियों की पहली जवाबदेही है। जब तक हम शहरवासियों को सुव्यवस्थित पार्किंग उपलब्ध नहीं करा देते, तब तक उनसे यह अपेक्षा करना कि वे सड़क के पास वाहन न खड़े करें, अव्यावहारिक है। अतः अतिक्रमण हटाने से पूर्व आपने पार्किंग की वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की ही होगी। हम अतिक्रमण विरोधी अभियान के प्रशंसक हैं, बाधक नहीं हैं।

मगर लोकतांत्रिक व्यवस्था में हम जन प्रतिनिधि हैं। कृपया अच्छे-बुरे कामों की जानकारी आप अधिकारियों के पास ही सीमित रही, हमें नहीं बताया, ना समझाया। इसलिये हम आज आपके अच्छे मन के अच्छे कार्य के समर्थन में कुछ कह नहीं पा रहे हैं। अगर आप जन प्रतिनिधियों से सहयोगी चर्चा करते तो शायद कुछ लोग हमारे आग्रह भर पर ही मार्ग की बाधाएं हटाने पर आपके सहयोगी बनते। जनप्रतिनिधि जनता और प्रशासन के बीच सेतु का कार्य करते हैं। यदि पूर्व में परामर्श एवं सहभागिता बढ़ाई जाती, तो न केवल जनसहयोग मिलता, बल्कि कई स्थानों पर स्वप्रेरणा से व्यवसायी, पथ विक्रेता एवं नागरिक स्वयं मार्ग अवरुद्ध करने वाली संरचनाएँ हटाकर शहर विकास में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करते । सांसद ने कहा कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई आवश्यक है, लेकिन इसके दौरान सड़क किनारे छोटी दुकान लगाने वाले गरीब, मध्यम और निम्न आय वर्ग के लोगों के जीवनयापन का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए।

## बच्चे खेलों को संस्कार के रूप में ले और पुरस्कार प्रेरणा तथा नई ऊर्जा संचारित करें : काश्यप



'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ रतलाम

क्रीड़ा भारती एवं चेतन्य काश्यप फाउण्डेशन द्वारा रजत जयंती वर्ष के अंतर्गत आयोजित 25 वें खेल चेतना मेला का पुरस्कार वितरण एवं धन्यवाद समारोह फाउण्डेशन अध्यक्ष, क्रीड़ा भारती के राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष एवं एमएसएमई मंत्री चेतन्य काश्यप की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इसमें शहर के विभिन्न स्कूलों की विजेता टीम एवं खिलाडि?ों को पुरस्कृत किया गया। विभिन्न खेल स्पधाओं में सर्वश्रेष्ठ स्कूल का पुरस्कार श्री गुरू तेग बहादुर एकेडमी को मिला। समारोह के विशेष अतिथि भाजपा संभाग प्रभारी सुरेश आर्य, जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, क्रीड़ा भारती जिलाध्यक्ष डॉ. गोपाल मजावदिया एवं खेल चेतना मेला आयोजन समिति सचिव मुकेश जैन मंचा सीन रहे।

मंत्री श्री काश्यप ने कहा कि यह पुरस्कार वितरण समारोह के साथ उन सभी साथियों के अभिवादन का समारोह भी है जो इस मेले को सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचाते हैं। बच्चे खेलों को संस्कार के रूप में ले और यह पुरस्कार उनमें प्रेरणा का, एक नई ऊर्जा का कारण बने। उन्होने कहा कि खेल चेतना मेला के माध्यम से हर स्कूल में खेल के कोच की भूमिका तय हुई है और हर स्कूल प्रतिस्पर्धा में आया है। बच्चों को खेल के प्रति आकर्षित करने एवं मैदान पर लाने के उद्देश्य से वर्ष 1999 में खेल चेतना मेला प्रारंभ किया गया था। रतलाम के बाद मंदसौर, नीमच सहित 1-17 स्थानों तक इसका विस्तार हुआ, जिससे इसमें 60 हजार से अधिक बच्चों की भागीदारी रही है।


श्री काश्यप ने कहा कि सौभाग्य से खेल चेतना मेला में वर्ष 2008 के दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्कालीन सरकार्यवाह श्री भैयाजी जोशी नीमच के उद्घाटन समारोह में आए थे और उसके बाद उनके द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर क्रीड़ा भारती की स्थापना अगले ही वर्ष 2009 में की गई, जिसमें वे सदस्य रहे और वर्तमान में राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष है। उन्हे यह दायित्व भी खेल चेतना मेला के कारण प्राप्त हुआ। उन्होने कहा कि रतलाम में आगामी कुछ माह में स्पोट्र्स कॉम्प्लेक्स तैयार हो जाएगा। हॉकी का एस्ट्रोटर्फ भी सालभर में बन जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने नेहरू स्टेडियम के लिए 5 करोड़ देने की घोषणा की थी, जिसका प्रस्ताव तैयार हो गया है। इसमें कुछ खेलों के लिए हाल आदि भी बनाए जाएंगे।विशेष अतिथि भाजपा संभाग प्रभारी सुरेश आर्य ने कहा कि 25 वर्षों से चेतन्य काश्यप फाउंडेशन की पहल पर खेल मेला का आयोजन गर्व की बात है। खेल की अलग-अलग प्रकार की विधाएं होती है और उनमें खिलाडियों को उचित अवसर दिलाना महत्वपूर्ण काम होता है। रतलाम के खिलाड़ी दुनिया में देश का नाम रोशन करें।



## राज्य शिक्षक संघ म.प्र. ने जिले के सभी ब्लॉकों में वरिष्ठता एवं ई अटेंडेंस को लेकर दिया ज्ञापन

**मन्दसौर**। राज्य शिक्षक संघ मध्य प्रदेश द्वारा प्रांतीय आव्हान पर वरिष्ठता एवं ई अटेंडेंस को लेकर जिले के सभी ब्लॉकों में तहसीलदार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम ज्ञापन दिया। प्रांतीय महासचिव दिनेश शुक्ला ने बताया कि संघ द्वारा विगत दिवसों में वरिष्ठता बहाली एवं ईअटेंडेंस को लेकर प्रदेश के शिक्षा मंत्री को निराकरण का अनुरोध किया गया किंतु शिक्षा विभाग द्वारा सकारात्मक पहल न करने से पुनः संघ ने आगामी चरणबद्ध ज्ञापन का कार्यक्रम करने का निर्णय लिया है अगर फिर भी शासन स्तर से सकारात्मक पहल नहीं होने पर पूरे प्रदेश के अध्यापक आगामी दिवसों में भोपाल में प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे। ज्ञापन मुख्य रूप से मांग की गई कि राज्य शिक्षा सेवा में अध्यापक संवर्ग की नियुक्ति एक जुलाई 2018 से की गई है उस दिन के बाद से आज दिनांक तक अध्यापक संवर्ग से नियुक्त शिक्षकों की वरिष्ठ तिथि को लेकर असमंजस की स्थिति बरकरार है, अतः अध्यापक संवर्ग को नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता का लाभ दिया जाए। तथा नियमित उपस्थिति के लिए अव्यवहारिक ई अटेंडेंस व्यवस्था को बंद किया जाए। अध्यापक/शिक्षकों की सेवा निवृत्ति की आयु सीमा बढ़ाई जाये। इस अवसर पर मंदसौर में गोपाल सिंह आंजना, नेपाल सिंह राणावत, भगवती शर्मा, सुनील धनोतिया, हरि सिंह राठौड़, मनीष बैरागी, आशीष बंसल, लक्ष्मी नारायण पाटीदार, श्रीमती रेखा बघेरवाल, मधुबाला नागर, शैलेंद्र आचार्य बद्रीलाल किटकर, प्रभुलाल पाटीदार, गोपाल जोशी, अशोक शर्मा, राजेंद्र सिंह चौहान, सतीश नागर महेश रेटा, आदि उपस्थित थे।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पिपलियामंडी में प्रबंध कार्यकारिणी की बैठक सम्पन्न




**पिपलियामंडी**। नगर के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में आज विद्यालय को संचालित करने वाली प्रबंध कार्यकारिणी समिति की बैठक श्री राघवेंद्र देराश्री ( विभाग समन्वयक, मंदसौर विभाग) एवं श्रीमती बंटू भूत (अध्यक्ष राष्ट्रीय आदर्श शिक्षण समिति) के मार्गदर्शन में आयोजित हुई! बैठक में निम्नलिखित विषयों पर ठहराव प्रस्ताव हुआ। गत बैठक की कार्यवाही का वाचन सह सचिव महोदय श्री अर्पित जी लक्ष्यकार द्वारा किया गया । सभी समिति महानुभावों द्वारा सवार्नुमति से अनुमोदन किया गया। विद्यालय का अर्धवार्षिक प्रगति प्रतिवेदन प्राचार्य श्री प्रकाश धाकड़ द्वारा पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत किया गया , जिसमें माह नवंबर तक आय व्यय, प्रांत सहयोग राशि, विविध कार्यक्रम,प्रावीण्यता के प्रयास, समिति के साथ समीक्षा आदि विषयों को प्रस्तुत किया गया। प्रांतीय योजना से आगामी विद्यालय अवलोकन की चर्चा की गई साथ ही आगामी विद्यालय वार्षिक उत्सव, 23 जनवरी पथ संचलन एवं 26 जनवरी गणतंत्र दिवस कार्यक्रम की योजना बनाई गई। बैठक में विभाग समन्वयक एवं अध्यक्ष महोदय का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

## फेरिक सल्फेट बनाने वाली फैक्ट्री में क्लोरीन गैस का रिसाव से हड़कंप मची

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ जावरा





औद्योगिक क्षेत्र रतलाम नाका स्थित एरिये में फेरिक सल्फेट पाउडर बनाने की फैक्ट्री में शनिवार शाम को एक सिलेंडर से क्लोरीन गैस का रिसाव होने से भगदड मच गई। मजदूर इधर-उधर भागते नजर आए फैक्ट्री में मौजूद तीन कर्मचारियों को घबराहट हुई तो वह तुरंत फैक्ट्री से बाहर निकले आसपास की करीब 8-10 फैक्ट्री के श्रमिक भी काम बन्द कर अपनी जान बचाकर भागे ।फिर एक सार टैक्स फैक्ट्री के दो कर्मचारी बीमार हो गए जिन्हें निजी नर्सिंग होम में भर्ती किया गया। मौके पर दमकल पहुंची तो उसके भी कर्मचारी बुरी तरह प्रभावित हुए जिन्हें रतलाम रेफर किया गया ।सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन अधिकारी जिलाधीश मिशा सिंह एसपी अमित कुमार विधायक डॉ राजेंद्र पांडे भी मौके पर पहुंचे।

इंडस्ट्रियल एरिया के आसपास रहवासी क्षेत्र भी है ।केमिक लैबोरेट्रीज के नाम से संचालित फैक्ट्री मालिक शाहिद खान रतलाम का होना बताया ।गैस का रिसाव पुराने सिलेंडर होने से हुआ फैक्ट्री में जैसे ही रिसाव हुआ वहां के कर्मचारियों को घबराहट होने लगी वह फैक्ट्री से बाहर निकले और गेट बंद कर दिया। फिर हवा के कारण गैस एरिये में फैलने लगी ।

इससे हाहा कर मच गया प्रशासन भी त्वरित काबू नहीं कर पाया ।दमकल के कर्मचारी पायलट सहित चार की तबीयत बिगड़ी जिन्हें शासकीय चिकित्सालय भेजा लेकिन फिर मेडिकल कॉलेज रतलाम रेफर किया गया ।

आश्चर्य है कि उक्त केमिक लैबोरेट्रीज में इतनी लापरवाही है कि वह प्रशिक्षित स्टाफ भी नहीं था ना कोई सुरक्षा के इंतजाम थे। ऐसे में प्रशासन भी त्वरित लगाम नहीं लग सका। देर रात्रि में ईफ्का फैक्ट्री रतलाम व नागदा ग्रासिम से भी टीम पहुंची और पुराने सिलेंडर से रिसाव को रोका। सूचना मिलने पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष युसूफ कडपा ने अस्पताल पहुंचकर पीड़ितों से स्वास्थ्य लाभ की जानकारी ली।

**विधायक डॉक्टर पांडे ने दिए जांच के आदेश**

गैस रिसाव की सूचना मिलने पर डॉक्टर राजेंद्र पांडे भी मौके पर तुरंत पहुंचे एसडीम एव सीएसपी से मामले की विस्तृत जानकारी लेकर एसडीएम को तत्काल फैक्ट्री के पुराने सिलेंडर वह सुरक्षा प्रबंधन की जांच शुरू करने के निर्देश दिए।



## राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में पांच खिलाड़ियों का चयन

**मन्दसौर**। मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत राज्य स्तरीय पुरुष वर्ग वॉलीबॉल प्रतियोगिता रीवा में आयोजित होगी, जिसमें भाग लेने वाली विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन वॉलीबॉल पुरुष टीम मे मंदसौर जिला वॉलीबॉल एसोसिएशन की खिलाड़ियों कुणाल राठौड़ अनिलदास बैरागी, विवेक हाडा , अभिषेक गोस्वामी, शुभम , का चयन हुआ है यह सभी खिलाड़ी रीवा में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय अंतर विश्वविद्यालय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## 74 वें दिन भी चला शिवना शुद्धिकरण अभियान, एक ट्राली कचरा निकाला

**मंदसौर** । शिवना शुद्धिकरण अभियान 74 वें दिन भी निरंतर जारी रहा। नदी का जलस्तर कम होने के बाद रविवार को शिवना योद्धाओं ने सफाई अभियान चलाया इस दौरान नदी में जमी गाद,कांजी और कचरा बड़ी मात्रा में बाहर निकाला गया । विधायक श्री विपिन जैन ने बताया कि अब तक अभियान के परिणाम उत्साहजनक हैं और आने वाले दिनों में कार्य को और गति दी जाएगी । श्रमदान करने वालों में विधायक विपिन जैन, समाजसेवी सेवियों में सर्वश्री हेमराज खाबिया, भंवरलाल प्रजापत, रमेश सोनी, बालकृष्ण पोरवाल,इरशाद खान,विजय आनंद, राकेश जैन पिंटू, रफत पयामी, इष्टा भाचावत,अनीता भदोरिया, राखी सत्रावाला,वर्षा सांखला,वर्षा धोसरिया, मीना चौहान,सुनीता माली, स्नेहलता सोनी, राजनारायण लाड़, विकास दशोरा, दिलीप देवड़ा, संजय नाहर,अजय सोनी, महेश गुप्ता,सादिक गौरी आदि उपस्थित रहे।

## मेडिकल स्टोर में आग शार्ट सर्किट से लगी आग, लाखों का नुकसान

**मंदसौर** । शनिवार व रविवार की मध्य रात्रि स्थानीय गोल चौराहा के पास स्थित राधा कृष्ण मेडिकल स्टोर में शार्ट सर्किट से आग लग गई। मेडिकल संचालक पंकज पाटीदार रात करीब 9 बजे दुकान बंद करके घर पहुंचे थे, तभी कुछ देर बाद उन्हें दुकान में आग लगने की जानकारी मिली। आसपास के रहवासियों ने धुआँ और लपटें उठते देख फायर ब्रिगेड को सूचित किया जिसके बाद दमकल विभाग की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया। लेकिन आग की लपटों ने मेडिकल में रखी दवाईयां को राख कर दिया। मेडिकल संचालक के अनुसार इस हादसे में लगभग पांच लाख रुपए के नुकसान की आशंका है। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची है और घटना की जांच की जा रही है।

## खेत से घर जा रहे पति-पत्नी को डंपर ने मारी टक्कर, दोनों की मृत्यु

**मंदसौर**। जिले के भावगढ़ थाना क्षेत्र के मजेसरा नाली की पुलिया के पास डम्पर की टक्कर से बाईक पर सवार पति-पत्नी की मौके पर मृत्यु हो गई। पुलिस ने मर्ग की जांच पर आरोपी डम्पर क्र. एमपी 14 एचई 0437 के चालक के विरुद्ध बीएनएस की धारा 106(1) में प्रकरण दर्ज किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार की शाम करीब 4.20 बजे यह घटना हुई। मृतकों की पहचान दलौदा थाना क्षेत्र के ग्राम पाडलिया लालमुआं निवासी गोपालसिंह पिता उदयसिंह राजपूत उम्र 45 वर्ष और उसकी पत्नी प्रेमकुंवर उम्र 42 वर्ष के रूप में की गई। घटना के समय मोटर साइकिल पर सवार पति-पत्नी भावगढ़ थाना क्षेत्र के धंधोड़ा गांव स्थित खेत से अपने घर जा रहे थे। इसी दौरान आरोपी डम्पर के चालक ने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर मोटर साइकिल को टक्कर मार दी जिससे दोनों की मृत्यु हो गई।

## महावीर इंटरनेशनल प्रियदर्शिनी ने नवजात शिशुओं को दिए कंबल

**नीमच** ।महावीर इंटरनेशनल प्रियदर्शिनी संस्था निरंतर सबकी सेवा, सबको प्यार एवं च्जियो और जीने दो के सिद्धांतों पर चलते हुए जरूरतमंदों की सहायता के लिए अग्रसर है। इसी क्रम में संस्था द्वारा चलाए जा रहे सुकून भरी सर्दी अभियान के तहत शुक्रवार को जिला चिकित्सालय में एक सेवा कार्य किया गया ।रतलाम-नीमच जोन की चेयरपर्सन रेखा अनुराग जैन, डिप्टी डायरेक्टर वुमन्स एम्पायर आशा सांभर एवं जोन सेक्रेटरी संतरा विरवाल के सानिध्य में, महावीर इंटरनेशनल प्रियदर्शिनी की अध्यक्ष रजिया अहमद के सहयोग से नवजात शिशुओं के लिए 60 कंबलों का वितरण किया गया। यह सेवा कार्य रजिया अहमद की पौत्री हैजल के जन्म के शुभ अवसर पर किया गया, ताकि अस्पताल में भर्ती नवजात बच्चे सर्द मौसम में गर्म एवं सुरक्षित रह सकें ।संस्था के सदस्यों ने बताया कि ठंड के मौसम में नवजात शिशुओं को विशेष देखभाल की आवश्यकता होती है और एक छोटा सा सहयोग भी उनके स्वास्थ्य की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए यह अभियान चलाया जा रहा है।

## अंकिता पंड्या ने आंगनवाड़ी केंद्र एवं शिशु गृह का निरीक्षण किया

**नीमच**। महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी सुश्री अंकिता पंड्या ने शनिवार को परियोजना जावद और नीमच ग्रामीण के कुल 7 आंगनवाड़ी केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया । परियोजना जावद के आंगनवाड़ी केंद्र नयागांव क्रमांक 01, 02, 04 व 05 में बच्चों की उपस्थिति कम पाई जाने पर बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के निर्देश कार्यकर्ताओ को दिए गए। केंद्र पर नाश्ता व भोजन की गुणवत्ता सुधार करने के लिए स्व सहायता समूह को निर्देशित किया गया। परियोजना नीमच ग्रामीण के आंगनवाड़ी केंद्र चैनपुरा खदान में एक भी बच्चा उपस्थित नहीं पाया गया,सहायिका भी निर्धारित यूनिफॉर्म में नहीं थी ।इस पर आंगनवाड़ी सहायिका का मानदेय कटौत्रा करने के निर्देश दिए व कार्यकर्ता को चेतावनी जारी की जा रही है। आंगनवाड़ी केंद्र बामन बर्डी क्रमांक 01 में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका दोनों उपस्थित पाई गई तथा बच्चे भी भोजन करते पाए गये। आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 02 बामनबर्डी में आंगनवाड़ी सहायिका यूनिफॉर्म में नहीं मिली जिसके लिए चेतावनी जारी की जा रही है व बच्चों की उपस्थिति भी कम पाई गई। किचन शेड का अवलोकन व बामनबर्डी कर रसोइयों को आवश्यक निर्देश दिए गये।



## सड़क सुरक्षा रथ से नागरिकों को किया जागरूक

**सुसनेर।** पुलिस की सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान रथ शुक्रवार को सुसनेर डाक बंगले चौराहे पर पहुचा और वहां मौजूद नागरिकों को सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के पालन के महत्व के बारे में जानकारी दी। रथ में छएऊ स्क्रीन लगाई गई थी। जिनके माध्यम से हेलमेट न पहनने, सीट बेल्ट न लगाने, तेज गति से वाहन चलाने और मोबाइल का उपयोग करने के दुष्परिणामों के बारे में वीडियो लगातार प्रदर्शित किए गए। थाना प्रभारी केसर राजपूत ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में समय पर उपचार और नियमों का पालन जीवन बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। रथ के माध्यम से नागरिकों को नकदी रहित उपचार योजना और राह-वीर योजना के लाभों के बारे में भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर पुलिस ने नागरिकों से अपील की कि वे हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग करें। निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाएँ और सभी यातायात नियमों का पालन कर स्वयं तथा अन्य नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करें।

## पारदर्शिता और जवाबदेही के मुद्दे पर ठेकेदारों का भुगतान जारी



**सुसनेर।** नगर परिषद में 15वीं वित्त आयोग की राशि के उपयोग और लंबित ठेकेदारों के भुगतान को लेकर विवाद की स्थिति बन गई थी। नगर परिषद के उपाध्यक्ष ममता जैन और अन्य पार्षदों ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को पत्र लिखकर कहा था कि किसी भी निर्माण कार्य का भुगतान उनकी सहमति के बिना नहीं किया जाना चाहिए। पत्र में उल्लेख था कि वर्तमान में निर्वाचित अध्यक्ष के खिलाफ शासन स्तर पर राशि के उपयोग को लेकर शिकायत जांचाधीन है। इसलिए पारदर्शिता बनाए रखने के लिए भुगतान तब ही किया जाना चाहिए जब सभी पार्षद इसकी स्वीकृति दें। इस विवाद के बीच ठेकेदारों का भुगतान लंबे समय से लंबित था। ठेकेदारों ने ज्ञापन देकर तुरंत भुगतान की मांग की और चेतावनी दी कि यदि राशि जारी नहीं हुई तो वे कलेक्टर आगर मालवा के समक्ष शिकायत करेंगे। ठेकेदारों का कहना था कि नगर परिषद को फंड प्राप्त हो चुका है बावजूद इसके भुगतान रोका गया था। इस मामले में नगर परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी सिसोदिया ने हस्ताक्षर करके लंबित भुगतान जारी कर दिया। इससे ठेकेदारों की आर्थिक परेशानियाँ कम हुई और नगर परिषद में पारदर्शिता और जवाबदेही के मुद्दे पर थोड़ी राहत मिली। नगर परिषद में यह विवाद पारदर्शिता, वित्तीय जवाबदेही और प्रशासनिक निर्णयों के महत्व को उजागर करता है। अब शहर की निगाहें यह देख रही हैं कि भविष्य में ऐसी परिस्थितियों में पार्षदों और प्रशासन के बीच किस प्रकार का तालमेल बनेगा।

## जनपद पंचायत खिलचीपुर में योग प्रशिक्षण हुआ



**खिलचीपुर।** पंडित दीनदयाल योग संस्थान द्वारा खिलचीपुर जनपद पंचायत में 15 दिन का योग प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें हर रोज सुबह 7 बजे से 9.30 तक 15 दिवसीय योग शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें राजगढ़ से आए योग ट्रेनर अजीत दुर्गेश ने प्रशिक्षण दिया जिसमें खिलचीपुर ब्लॉक के लगभग 70,80 युवक युवतियों को योग क्रियाएं कराई गई, योग की शिक्षा दी। करो योग रहो निरोग का नारा दिया॥

## श्रद्धांजलि कार्यक्रम में कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने दिलाई सद्भावना की शपथ



**सुसनेर।** भारत रत्न, संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव आंबेडकर की पुण्यतिथि पर शनिवार को आंबेडकर पार्क, कोर्ट के सामने सुसनेर में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष विजय लक्ष्मी तंवर ने उपस्थित जनसमूह को सामाजिक समरसता, समानता, संविधान की रक्षा और सद्भाव बनाए रखने की शपथ दिलाई। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सरदार सिंह सारखा सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी बाबा साहब के आदर्शों पर चलने का संकल्प व्यक्त किया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय नागरिकों ने भी बाबा साहब के योगदान को नमन करते हुए सक्रिय सहभागिता निभाई। इस अवसर पर राणा लवराज सिंह, पूर्व जनपद अध्यक्ष मांगीलाल कजलास, आशिक हुसैन बोहरा, इरशाद कुरेशी, नक्कू लाला, चन्द्र सिंह कजलास, जावेद कुरेशी, नोशाद खान, डीएल समरावत सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

निर्माण एजेंसी सीमेंट घोल और केमिकल से दरारें भरने का काम हुआ शुरू

# खिलचीपुर में 49 करोड़ रुपये की सड़क 2 साल में खराब, कई जगह दरारें और गड्ढे

दैनिक अवन्तिका ▶▶ खिलचीपुर



नगर में शहर सिटी पोर्शन रोड में पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा 49 करोड़ रुपये की लागत से बनाई गई रोड दो साल में ही टूटने लगी है। धामनिया जोड़ बाईपास से ओंकारेश्वर मंदिर बाईपास तक बनी इस सड़क पर जगह-जगह दरारें और गिट्टियां दिखने लगी हैं। वही सड़क की खराब हालत को देखकर लोग इसकी गुणवत्ता पर सवाल उठा रहे हैं। वही कई स्थानों पर सड़क की ऊपरी परत उखड़ चुकी है और गिट्टियां बाहर आ गई हैं। निर्धारित उम्र पूरी होने से पहले ही सड़क का यु खराब होना चिंता का विषय बन गया है। हालात बिगड़ते देखकर इमली स्टैंड से तहसील चौराहे तक एक पट्टी की मरम्मत शुरू कर दी गई है। निर्माण एजेंसी सीमेंट घोल और केमिकल से सतह को मजबूत करने और दरारें भरने का काम कर रही है।

### लोगों ने बताया अस्थायी उपाय

नागरिकों का कहना है कि यह मरम्मत सिर्फ अस्थायी समाधान है। उनके अनुसार सड़क की बेस लेयर ही कमजोर है, इसलिए ऊपरी मरम्मत ज्यादा समय तक नहीं टिकेगी। लोगों ने आरोप लगाया कि निर्माण के दौरान घटिया सामग्री का उपयोग किया गया था, जिसके कारण सड़क बनते ही उखड़ने लगी।

### पूर्व पार्षद ने की कार्रवाई की मांग

पूर्व पार्षद राकेश जायसवाल ने कहा कि करोड़ों खर्च कर बनी सड़क का दो साल में खराब होना गैरजिम्मेदारी का संकेत है। उन्होंने बताया कि शिकायतें कई बार की गईं, लेकिन कार्रवाई न होने से स्थिति और बिगड़ती गई। जायसवाल ने सड़क की तकनीकी जांच कराने, जिम्मेदारों पर कार्रवाई करने और स्थायी समाधान की मांग की है।

अतिक्रमण रोकने का नगर परिषद का केवल नोटिस अभियान

# दुकानदारों को चेतावनी तक सीमित रोड पर अतिक्रमण अब भी जारी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सुसनेर



नगर में सड़कों पर अतिक्रमण की समस्या लगातार बनी हुई है। लेकिन नगर परिषद की कार्रवाई अभी केवल नोटिस देने तक ही सीमित है। शुक्रवार को मिली शिकायत के बाद मुख्य नगर परिषद अधिकारी ओपी नागर ने सराफा बाजार रोड से हनुमान छतरी चौक तक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि दुकानदार दिलीप कुमार मित्तल, राजेश कुमार जैन और अशोक कुमार जैन ने अपनी दुकानों के सामने समान रखकर रोड पर अतिक्रमण किया हुआ था।

नगर परिषद के अधिकारियों ने दुकानदारों से बातचीत कर उन्हें चेतावनी दी जिसमें सभी ने कहा कि वे अगले दिन से समान नहीं रखेंगे। इसी तरह, हाथी दरवाजे से साईं चौराहे तक कई दुकानदारों ने टीन सेट लगाकर सड़क पर अतिक्रमण किया हुआ था। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने पुनः अपील की कि तत्काल प्रभाव से अतिक्रमण हटाया जाए, अन्यथा शासन स्तर से कार्रवाई की जाएगी। हालांकि नगर परिषद ने अभी तक कोई वास्तविक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू नहीं की है और सभी कदम केवल नोटिस वितरण तक ही सीमित रहे।नगर में साई चौराहे से हाथी दरवाजा तक लगभग 180 से 200 दुकानदारों को नोटिस देकर चेतावनी दी गई है। इसके अलावा बस स्टैंड स्थित तालाब के पास गुमटी संचालकों को भी नोटिस थमाए गए हैं। और शहीद पार्क के पास रखी गुमटियां और टिन शेड हटाने की मांग की जा रही है। नगर परिषद के केवल नोटिस देने तक सीमित रहने से शहरवासियों में नाराजगी व्याप्त है। लोग मानते हैं कि नोटिस केवल कागजों तक ही सीमित रह जाएंगे और वास्तविक सड़क सुधार नहीं होगा। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि अतिक्रमण हटाने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए गए तो सड़कों पर आवागमन और दुर्घटना की स्थिति गंभीर बनी रहेगी।

नगर परिषद का यह अभियान फिलहाल केवल चेतावनी तक सीमित है और यह देखना बाकी है कि वास्तविक कार्रवाई कब शुरू होगी। शहरवासियों और व्यापारियों की नजर अब नगर परिषद की ठोस कार्रवाई पर टिकी हुई है।

**इनका कहना**

नगर में मुख्य बाजार का निरीक्षण कर दुकानदारों को चेतावनी दी गई है। अतिक्रमण हटाने की कारवाई की जाएगी।

**ओपी नागर**
**सीएमओ न.पं. सुसनेर**



पुलिस ने चोरी का किया पर्दाफाश


# 26 लाख रुपये का सामान किया बरामद

दैनिक अवन्तिका ▶▶ ब्यावरा।

राजगढ़ जिले में चोरों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी के निर्देशन तथा एसडीओपी ब्यावरा प्रकाश शर्मा के मार्गदर्शन में थाना देहात ब्यावरा एवं थाना प्रभारी धर्मेन्द्र शर्मा द्वारा अंतर्राज्यीय चोरी गैंग को गिरफ्तार कर भारी सामान बरामद किया गया। फरियादिया पवित्रा बाई पति रूपसिंह नागर 50 वर्ष निवासी ग्राम बरोटा जिला देवास ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि मक्सी से चार्टेड बस में यात्रा के दौरान उसके बैग में रखे सोने-चांदी के जेवरात एवं नगद 80 हजार रु. को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा चोरी कर लिया गया। शिकायत पर थाना देहात ब्यावरा में अपराध क्रमांक 330/25, धारा 305(5) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। घटना को गंभीरता से लेते हुए विशेष टीम गठित कर सीसीटीवी फुटेज, मुखबिर सूचना और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर आरोपी टिंकू उर्फ टिंका अहेरिया, धर्मेन्द्र अहेरिया, अनमोल अहेरिया, बंटी अहेरिया, भूपेन्द्र अहेरिया सभी निवासी मिजार्पुर, उ.प्र. के निवासी एवं आरोपी नूरसिंह अहेरिया निवासी मोहदीनपुर ऐटा उ.प्र. को पुलिस टीम ने मिजार्पुर में दबिश दी गई, परंतु आरोपी बाहर होने से पकड़े नहीं गए। तकनीकी लोकेशन पर आधारित ट्रैकिंग के बाद तीन आरोपी जौरा बस स्टैंड श्योपुर- मुरैना मार्ग से गिरफ्तार किए गए। पूछताछ पर आरोपियों ने अपने तीन फरार साथियों के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किया। आरोपियों से बरामद माल कुल 26 लाख रु के सोने के 21 तोले आभूषण, चांदी के 1 किलो 300 ग्राम के आभूषण, नगदी 80 हजार रु. आरोपियों के कब्जे से पूरा सामान जप्त किया गया।

## रोहित शर्मा का हृदयाघात से निधन

**जगोटी।** मारु औदिच्य ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ सदस्य गोकुल प्रसाद शर्मा ताजपुर वाले के पुत्र पंडित रोहित शर्मा 33 का हृदयाघात से शुक्रवार शाम निधन हो गया। शनिवार प्रातः उनके आवास से निकली अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में क्षेत्र के ग्रामीणों व समाजजनों ने भाग लेकर शोक श्रद्धांजलि दी।



## भोपाल रोड पर वाहन की टक्कर से युवक की मौत, पीपलरॉंवा लौटते समय हादसा

**देवास।** देवास में भोपाल रोड पर शनिवार रात हुए एक सड़क हादसे में पीपलरावां निवासी एक युवक दीपक पिता जगन्नाथ की मौत हो गई। अज्ञात वाहन ने उसकी दोपहिया वाहन को टक्कर मार दी थी। गंभीर रूप से घायल दीपक को भौंरासा टोल एम्बुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसा भोपाल रोड स्थित सालिग्राम ढाबे के समीप हुआ। जानकारी के अनुसार, रात को दीपक देवास की ओर से अपने घर पीपलरावां जा रहा था। खटांबा के पास सालिग्राम ढाबे के समीप उसे एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।

71 साल के बुजुर्ग व्यापारी और पोते से लूट की कोशिश, बुजुर्ग और पोता लुटेरों से भिड़े

# शोर सुनकर आए लोगों से डर कर बदमाश भागते समय दूसरी बाइक से टकराए, उठकर लगाई दौड़

दैनिक अवन्तिका ▶▶ खिलचीपुर



खिलचीपुर बस स्टैंड स्थित चर्चित किराना व्यापारी 71 वर्षीय श्याम सुंदर गुप्ता (काला भाटा वाले) पर बुधवार रात करीब 8 बजे लूट की कोशिश हुई। बस स्टैंड पर उनकी थोक किराना दुकान है। रोज की तरह वे दुकान बंद कर करीब सवा लाख रुपये नकद एक थैले में रखकर अपने पोते मधुर गुप्ता के साथ घर लौट रहे थे। दोनों मोटरसाइकिल से पुराने सब्जी बाजार वाले रास्ते से होते हुए पिपली बाजार स्थित घर की ओर बढ़ रहे थे।

71 साल की उम्र के बावजूद श्याम सुंदर गुप्ता ने हिम्मत नहीं हारी। करीब दो मिनट तक व्यापारी, उनका पोता और बदमाश के बीच छीना-झपटी, धक्का-मुक्की चली। संघर्ष में थैले की एक कसी टूट गई, लेकिन गुप्ता ने थैला नहीं छोड़ा। आखिरकार उन्होंने बदमाश को एक जोरदार लात मारी, जिससे वह नीचे जा गिरा और फिर भाग निकला।

शोर सुनकर आसपास के लोग घरों से बाहर निकलने लगे। घबराए बदमाश घाटी के नीचे खड़ी अपनी बाइक पर बैठकर तेजी से भागे, लेकिन जल्दबाजी में उनकी बाइक इमली स्टैंड के पास रिलायंस टावर के पास सामने से आ रही दो युवकों की बाइक से टकरा गई। टक्कर में बदमाश गिर पड़े, फिर जल्दी से बाइक उठाई और भाग निकले।

लेकिन सामने से आ रहे दो युवकों की बाइक को टक्कर मारी थी, शोर सुनकर वे भी बदमाशों के पीछे लग गए। पीछा करते हुए दोनों युवक खिलचीपुर कृषि उपज मंडी परिसर तक पहुंच गए जहां धक्का-मुक्की के बाद बदमाश अपनी बाइक वहीं छोड़कर भागे। युवक बाइक को उठाकर सीधे खिलचीपुर थाने ले आए।

### व्यापारी ने थाने पर कराई शिकायत दर्ज

इधर लूट की कोशिश से बचने के बाद व्यापारी श्याम सुंदर गुप्ता ने कुछ लोगों के साथ थाने पहुंचे और पूरी घटना बताई। पुलिस ने उनकी शिकायत पर लूट की कोशिश की धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रात करीब 10 बजे टीआई उमाशंकर मुकाती खुद टीम के साथ आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

**इनका कहना है**

व्यापारी की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। मौके पर जाकर जांच की है। सीसीटीवी फुटेज देख रहे हैं। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

**टीआई उमाशंकर मुकाती**
**खिलचीपुर**

### सीसीटीवी में कैद हुए फुटेज

भागते समय जिस जगह बदमाशों ने बाइक सवार युवकों को टक्कर मारी, वहां मौजूद सीसीटीवी कैमरों में फुटेज कैद हुए हैं, जिनके आधार पर पुलिस संदिग्धों की पहचान कर रही है।

व्यापारी श्याम सुंदर गुप्ता ने कहा- दो बदमाश बाइक से हमारा पीछा कर रहे थे। मेरे पास सवा लाख रुपए थे। एक बदमाश के चेहरे पर लाल गमछा बंधा था। उसने थैला झपटने की कोशिश की, हमने दो मिनट तक संघर्ष किया। मैंने उसका गमछा खींच लिया था और उसे लात मारी थी। शोर सुनकर आस पास के लोग आए तो वह भाग निकले तब हम थाने में आकर शिकायत की।



## पौधारोपण एवं पौधा वितरण

**मक्सी।** पर्यावरण प्रेमी शिक्षक देवी सिंह परिहार द्वारा शुक्रवार को बीएलओ कार्य से तराना से आते समय शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय दिलोद्री परिसर में स्टाफ के सहयोग से 11 पौधे रोपे गए एवं विद्यार्थियों एवं स्टाफ को विभिन्न किस्म के 25 पौधे भेंट किए गए पौधों में आम अमरूद मधु कामिनी जामुन गूलर मोगरा चमेली चांदनी कनेर अशोक आदि सम्मिलित रहे। इस अवसर पर प्रधान अध्यापक विजय कुमार मकोडिया सुनील कुमार वर्मा जीवन कुमार सुनानिया विष्णु प्रसाद वाघेला मयंक वर्मा अर्जुन खराडिया सहित संपूर्ण स्टाफ उपस्थित रहे। परिहार ने विद्यार्थियों को पौध रोपण एवं पौधों के महत्व के बारे में अवगत कराया। स्मरणीय है कि देवी सिंह परिहार द्वारा क्षेत्र में पिछले 27 वर्षों से वृक्षारोपण एवं पौध वितरण कार्यक्रम चलाया जा रहा है श्री परिहार द्वारा अभी तक 51155 पौधे लगाए गए हैं। श्री परिहार का यह कार्य अन्य के लिए भी अनुकरणीय है।

## शिशु मंदिर के द्वार पर विद्युत डीपी लगाने का विरोध, कार्य रोकने के आदेश



**सुसनेर।** नगर में पहले से डाली गई विद्युत लाइन के दौरान निजी भूमि में स्थापित डीपी को अब शासकीय भूमि सरस्वती शिशु मंदिर के मुख्य द्वार के पास लगाया जाने लगा। जैसे ही बाल कल्याण शिक्षा समिति और हिंदू समाज को इसकी जानकारी हुई बड़ी संख्या में लोग एकत्रित होकर विरोध करने लगे। विरोध को देखते हुए कनिष्ठ यंत्री इमरान खान ने तुरंत ठेकेदार मेहरबान को कार्य नहीं करने के निर्देश दिए। वहीं, प्राचार्य सुनील सोनी ने डीपी नहीं लगाने हेतु विद्युत वितरण कंपनी के कनिष्ठ अभियंता और कार्यपालन अभियंता को आवेदन भी सौंपा है। नगरवासियों का कहना है कि निजी भूमि में पहले से लगी डीपी को हटाकर शासकीय भूमि पर लगाने से विवाद उत्पन्न हो सकता था। प्रशासन की त्वरित कार्रवाई से स्थिति नियंत्रण में रही।

## स्व. बंसल की स्मृति में नेत्रदान किया



**तराना।** स्व. मदनलाल बंसल के पुत्र नरेन्द्र बंसल हाल ही में निधन हो गया था। उनकी स्मृति में परिवार द्वारा नेत्रदान किया गया। परिवार के युवा सौरभ बंसल की तत्परता एवं सहमति से यह मानवीय कार्य संभव हो पाया। नेत्रदान की संपूर्ण प्रक्रिया केशव माधव सेवा समिति, तराना के सहयोग से संपन्न हुई। इस दौरान समिति द्वारा परिवार को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## विधायक जैन के मुख्य आतिथ्य में महा-परिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धा सुमन अर्पित



**महिदपुर।** बिरसा अंबेडकर फूले समाज कल्याण समिति के द्वारा संविधान निमार्ता डॉ बी आर अंबेडकर के 70 वे महापरिनिर्वाण दिवस 6 दिसंबर को महिदपुर जिला उज्जैन के डॉ अंबेडकर मांगलिक भवन में विभिन्न संगठनों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता दिनेश चौहान ने की विशिष्ट अतिथि में भाजपा के नगर महामंत्री भीमसिंह दावरे, यूथ कांग्रेस के प्रदेश सचिव नागूलाल मालवीय एवं डीओएमए परिसंघ प्रदेश महासचिव जे के मालवीय थे। कार्यक्रम की शुरूआत बोधिसत्व, महामानव, भारत रत्न डॉक्टर बी आर अंबेडकर के चित्र पर अतिथियों द्वारा माल्यार्पण एवं श्रद्धा सुमन अर्पित करने से हुई । उपस्थित सभी संगठनों के द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित कर अतिथियों का पुष्पमाला पहनाकर अभिनंदन किया । विधायक बोस ने बाबा साहब के महापरिनिर्वाण दिवस पर बाबा साहब के विचारों से सभी को अवगत करवाया साथ ही यह घोषणा की 11 अप्रैल को महात्मा फुले जयंती पर तीनों महापुरुषों भगवान बिरसा मुंडा, संविधान निमार्ता डॉ बी आर अंबेडकर एवं क्रांति ज्योति महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमाएं डॉक्टर बी आर अम्बेडकर मांगलिक भवन परिसर में लगेगी ओर भवन पर शेष आवश्यक कार्य करवाने के लिए डोमा परिसंघ के महासचिव जे के मालवीय से कहा आप अपनी रुपरेखा बना लेवें जितनी भी राशि लगेंगी में समिति को विधायक निधि के साथ अपनी व्यक्तिगत निधि 500000 अतिरिक्त दूंगा।



संयुक्त राष्ट्र के एफएओ के अनुसार नवंबर में वैश्विक खाद्य कीमतों में लगातार तीसरे महीने गिरावट दर्ज की गई। दूध, तेल, चीनी और मीट सस्ते हुए, जबकि अनाज में 1.8% की बढ़ोतरी रही। एफएओ का वैश्विक खाद्य मूल्य सूचकांक नवंबर में 125.1 पॉइंट पर आया, जो मार्च 2022 के रिकॉर्ड स्तर से 22% कम है।

# वैश्विक खाद्य कीमतों में गिरावट, दूध-तेल चीनी सस्ता; लगातार तीसरे माह कीमतों में गिरावट दर्ज

**नई दिल्ली।** वैश्विक महंगाई के दबाव के बीच नवंबर उपभोक्ताओं के लिए राहत भरा महीना साबित हुआ। संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) के मुताबिक लगातार तीसरे महीने विश्व स्तर पर खाद्य कीमतों में गिरावट दर्ज की गई। दूध, तेल, चीनी और मीट जैसी प्रमुख वस्तुएं सस्ती हुईं, जबकि अनाज समूह में बढ़ोतरी देखी गई। एफएओ का वैश्विक खाद्य मूल्य सूचकांक नवंबर में 125.1 पॉइंट रहा, जो अक्तूबर 2025 की तुलना में 1.2 फीसदी कम है और मार्च 2022 के रिकॉर्ड स्तर से करीब 22 फीसदी नीचे आ चुका है।

एफएओ की सितंबर 2025 की ताजा रिपोर्ट बताती है कि दुनिया भर में बढ़ती महंगाई के बीच खाद्य वस्तुओं की कीमतों में नवंबर में बड़ी नरमी दर्ज हुई। सूचकांक अक्टूबर के मुकाबले गिरा और वर्ष दर वर्ष आधार पर भी यह नवंबर 2024 की तुलना में 2.1 फीसदी नीचे रहा। अनाज को छोड़कर लगभग सभी प्रमुख श्रेणियों दूध, तेल, चीनी और मीट में कीमतें घटीं, जिसने उपभोक्ताओं को काफी राहत प्रदान की।



### चीनी में तीखी गिरावट, उत्पादन बढ़ने की उम्मीद

चीनी मूल्य सूचकांक नवंबर में 88.6 अंक रहा जो अक्टूबर से 5.9 और पिछले साल से 29.9 फीसदी कम है। लगातार तीसरे महीने चीनी सस्ती हुई और लगातार दूसरे महीने इंडेक्स दिसंबर 2020 के बाद के सबसे निचले स्तर पर रहा। ब्राजील में गन्ने का बड़ा हिस्सा इस बार इथेनॉल की जगह चीनी उत्पादन में गया, जिससे वैश्विक आपूर्ति मजबूत हुई। भारत में 2025-26 फसल वर्ष की अच्छी शुरूआत और थाईलैंड में अनुकूल मौसम ने भी उत्पादन बढ़ने के अनुमान को मजबूती दी, जिससे कीमतों पर दबाव और बढ़ा।

### गेहूं और मक्के में उछाल

दूसरी ओर अनाज मूल्य सूचकांक नवंबर में 105.5 अंक रहा जो अक्टूबर की तुलना में 1.8 और कुल मिलाकर 1.3 फीसदी ऊपर है। हालांकि यह अभी भी पिछले वर्ष की तुलना में 5.3 फीसदी नीचे बना हुआ है। गेहूं के दाम वैश्विक स्तर पर 2.5 फीसदी बढ़े। इसकी वजह चीन द्वारा अमेरिका से बड़े आयात, ब्लैक सी क्षेत्र में तनाव और रूस में अगले वर्ष की फसल के लिए कम बुवाई का अनुमान रहा।

मक्के के दाम ब्राजील में मजबूत मांग और अर्जेंटीना-ब्राजील में बारिश से आपूर्ति बाधित होने के कारण बढ़े। जौ और ज्वार के भाव भी ऊपर गए, जिन पर सोयाबीन की बढ़ती वैश्विक कीमतों का सीधा असर दिखा। इसके विपरीत, चावल मूल्य सूचकांक नवंबर में 1.5 फीसदी घटा। उत्तरी गोलार्ध में फसल कटाई की शुरूआत और इंडिका व सुगंधित चावल की कमजोर आयात मांग ने कीमतों को नीचे खींचा।

### पाम, सूरजमुखी और डेयरी में गिरावट

खाद्य तेल मूल्य सूचकांक नवंबर में 165 अंक पर रहा और इसमें 2.6 फीसदी की कमी आई। पाम, सूरजमुखी और रेपसीड तेल के दाम घटे, जबकि सोया तेल ब्राजील में बायोडीजल की मांग बढ़ने से थोड़ा महंगा हुआ।मलेशिया में पाम तेल का उत्पादन अपेक्षा से अधिक रहने और क्रूड ऑयल के सस्ते होने का स्पष्ट प्रभाव वैश्विक तेल बाजार पर दिखा।

# विमानन बाजार के लिए चेतावनी

## उपभोक्ता अधिकारों पर प्रहार, स्टाफ संरचना और बाजार प्रभुत्व के स्तरों पर संकट

इंडिगो के प्रभुत्व और नए एफडीटीएल नियमों के बाद घरेलू उड़ानों में भारी व्यवधान ने भारतीय विमानन की कमजोरियां उजागर की हैं। उड़ान रद्द और किराए आसमान छूने से यात्रियों, निवेशकों और नियामकों पर असर पड़ा। विश्लेषकों का कहना है कि विकेंद्रीकरण की कमी और सीमित विकल्पों के कारण एयरफेयर में अचानक वृद्धि हुई, जिससे इंडस्ट्री में संतुलन बिगड़ा और प्रतिस्पर्धा कमजोर साबित हुई।



**नई दिल्ली।** देश के घरेलू आसमान में इंडिगो की विशाल उपस्थिति ने जहां भारतीय विमानन को गति दी थी, वहीं मौजूदा व्यवधान ने यह भी स्पष्ट किया है कि अत्यधिक केंद्रीकरण किसी भी उद्योग के लिए कितना जोखिमपूर्ण साबित हो सकता है। पिछले कुछ दिनों की उथल-पुथल ने सामान्य यात्रियों, निवेशकों, नियामकों और प्रतिस्पर्धी कंपनियों को समान रूप से प्रभावित किया है। यह स्थिति इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह सिर्फ एक एयरलाइन का परिचालन संकट नहीं बल्कि भारतीय विमानन प्रणाली की संरचनात्मक कमजोरियों को उजागर करने वाला परिदृश्य बन गया है।

इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन (आईएटीए) की रिपोर्ट के अनुसार भारतीय घरेलू उड़ानों में इंडिगो का प्रभुत्व वर्षों से बढ़ता रहा है। मगर यही ताकत अब बाजार की कमजोरी बनकर सामने आई। जब अमेरिकी या यूरोपीय बाजार में कोई बड़ी एयरलाइन अवरोध का सामना करती है, वहां प्रतिस्पर्धी कंपनियां तुरंत दबाव कम कर पाती हैं। लेकिन भारतीय व्यवस्था में हाल ही में विलय, फ्लीट की कमी और नए विमानों की धीमी आपूर्ति ने संतुलन की क्षमता लगभग समाप्त कर दी है।

### क्या कहना है विश्लेषकों का?

इंडस्ट्री विश्लेषकों का मानना है कि भारतीय बाजार में यात्रियों के लिए विकल्प का दायरा अत्यंत सीमित हो चुका है। इसलिए जैसे ही इंडिगो के नेटवर्क में लय टूटी, पूरे सेक्टर में एयरफेयर अप्रत्याशित रूप से बढ़ गए। कई रूट्स पर प्रतिस्पर्धी एयरलाइंस ने अवसर देखते हुए डायनेमिक प्राइसिंग इतनी तेजी से बढ़ाई कि सामान्य दिनों में उपलब्ध 5 से 7 हजार की टिकटें लगभग 8 से 10 गुना बढ़ गईं। यह संकेत है कि भारत में घरेलू विमानन विकेंद्रीकृत प्रतिस्पर्धा के अभाव का सामना कर रहा है।

रिपोर्ट के अनुसार संकट के दौरान सबसे अधिक नुकसान यात्रियों को हुआ, परंतु उनका संरक्षण लगभग नगण्य रहा। यही कारण है कि हालिया अव्यवस्था ने तीन बड़े सवाल खड़े किए हैं। पहला, क्या भारत को यूरोपीय देशों की तरह मजबूत पैसेंजर कंपेनसेशन कोड अपनाना चाहिए। दूसरा,क्या एयरलाइंस को फ्लाइट रद्द होने के समय स्पष्ट कारण बताना अनिवार्य होना चाहिए और क्या यात्रियों को वास्तविक समय में रोस्टरिंग व स्टाफिंग स्थिति की जानकारी देने का कोई पारदर्शी तंत्र बनना चाहिए।


### उपभोक्ता समूहों का आरोप

उपभोक्ता समूहों का आरोप है कि कंपनियां रद्दीकरण का बोझ हमेशा यात्रियों पर डालती हैं, जबकि परिचालन जोखिम उनकी अपनी जिम्मेदारी है। आईएटीए की रिपोर्ट कहती है कि स्टाफ संरचना, प्रशिक्षण क्षमता और नियामक संकेत लंबी अवधि की समस्या का शुरूआती संकेत है। गहराई में जाएं तो यह संकट अचानक नहीं आया। यह स्टाफिंग मॉडल से उपजा संकट है।




ऑस्ट्रेलिया टीम ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए इंग्लैंड को दूसरे टेस्ट मैच में मात दी और पांच मैचों की एशेज सीरीज में बढ़त हासिल कर ली।

# ऑस्ट्रेलिया ने ब्रिसबेन टेस्ट आठ विकेट से जीता, इंग्लैंड के खिलाफ हासिल की बढ़त



ब्रिसबेन। मिचेल स्टार्क और माइकल नेसर के शानदार प्रदर्शन के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को एशेज सीरीज के दूसरे टेस्ट मैच में आठ विकेट से हराया। इंग्लैंड ने दूसरी पारी में 241 रन बनाए और 64 रनों की बढ़त हासिल की। ऑस्ट्रेलिया ने चौथे दिन दूसरी पारी में दो विकेट पर 69 रन बनाकर जीत दर्ज की। ऑस्ट्रेलिया ने इस तरह पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में 2-0 की बढ़त बना ली है।

### इंग्लैंड के बल्लेबाजों पर भारी पड़े स्टार्क और नेसर

इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले गए डे-नाइट टेस्ट मैच में इंग्लैंड ने पहली पारी में 334 रन बनाए थे। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 511 रन बनाकर 177 रनों की बढ़त हासिल कर ली थी। दूसरी पारी में इंग्लैंड की बल्लेबाजी खराब रही और एक समय लगा कि टीम को पारी से हार का सामना करना पड़ेगा, लेकिन चौथे दिन कप्तान बेन स्टोक्स और विल जैक्स ने पारी को संभाला। स्टोक्स ने अर्धशतक लगाया जिससे इंग्लैंड की टीम मामूली बढ़त हासिल करने में सफल रही। ऑस्ट्रेलिया को 69 रनों का लक्ष्य हासिल करने में कोई दिक्कत नहीं हुई। ऑस्ट्रेलिया ने इससे पहले पर्थ टेस्ट में भी जीत दर्ज की थी। दोनों टीमों के बीच अब सीरीज का तीसरा मैच एडिलेड में 17 दिसंबर से खेला जाएगा। स्टार्क ने कुल आठ विकेट झटके जिसमें पहली पारी में छह विकेट लेना शामिल है। वहीं, नेसर ने पहली पारी में एक विकेट लिया और दूसरी पारी में पांच विकेट झटके।

### स्मिथ की आक्रामक बल्लेबाजी

लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया को गस एटकिंसन ने दो झटके दिए। हालांकि, ट्रैविस हेड और जैक वीदरएल्ड ने अच्छी शुरूआत दिलाई, लेकिन एटकिंसन ने हेड को बोल्ड कर दिया। हेड 22 गेंदों पर दो चौकों एक छक्के की मदद से 22 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद एटकिंसन ने मार्नस लाबुशेन को जैमी स्मिथ के हाथों कैच कराया जो तीन रन बनाकर आउट हुए। फिल वीदरएल्ड और कप्तान स्टीव स्मिथ ने ऑस्ट्रेलिया को जीत दिलाई। स्मिथ ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की और नौ गेंदों पर दो चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद 23 रन बनाए, जबकि वीदरएल्ड ने 23 गेंदों पर दो चौकों की मदद से नाबाद 17 रन बनाए।

### स्टोक्स-जैक्स की साझेदारी

इंग्लैंड ने चौथे दिन दूसरी पारी छह विकेट पर 134 रन से आगे बढ़ाई। स्टोक्स और जैक्स ने चार-चार रन से आगे खेलना शुरू किया। इन दोनों बल्लेबाजों ने ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजों को कुछ हद तक परेशान किया। स्टोक्स ने इस दौरान अर्धशतक पूरा किया, लेकिन जैक्स पचासा लगाने से पहले अपना विकेट गंवा बैठे। जैक्स और स्टोक्स के बीच सातवें विकेट के लिए 96 रनों की साझेदारी हुई। जैक्स को नेसर ने अपना शिकार बनाया और वह 92 गेंदों पर दो चौकों की मदद से 41 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद नेसर ने स्टोक्स को भी पवेलियन की राह दिखाई जो 152 गेंदों पर चार चौकों की मदद से 50 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद इंग्लैंड की दूसरी पारी ऑलआउट होने में ज्यादा समय नहीं लगा।

### स्मिथ और आर्चर के बीच तीखी बहस

ऑस्ट्रेलिया के कप्तान स्टीव स्मिथ और इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर के बीच रविवार को एशेज सीरीज के दूसरे टेस्ट के दौरान तीखी नोकझोंक देखने को मिली। ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी के नौवें ओवर में स्मिथ ने लेग साइड पर एक शानदार चौका लगाया, जिस पर आर्चर भड़कते हुए नजर आए।


**हेल्पर लडको की आवश्यकता**
रेस्टोरेंट में कार्य करने हेतु हेल्पर लडको की आवश्यकता है वेतन योग्यतानुसार
संपर्क 9827820470




**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर
किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**अमरूद बेचना है**
अमरूद का बगीचा जवासिया कुमार, लालपुर, उज्जैन में चार बीघा में करीब 400 अमरूद के पेड़ अच्छी बहार आई फल बेचना है।
: संपर्क :
7746856444

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें 9300405252

**कृषि भूमि बेचना है**
- उज्जैन से मात्र 16 किमी पर 5 बीघा ग्राम आँवलिया में मात्र 22 लाख रुपये बीघा
- 25X60 का प्लॉट बेचना है एमपी नगर में
- 13X50 का मकान बेचना है मक्सी रोड एम आर 5 रोड पर
- 17X30 तीन मंजिला मकान बेचना है मेन रोड पर सांदीपनी नगर एम आर 5 रोड पर

मो. 9301388290, 9340903559

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है । प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696




**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**दैनिक अवन्तिका वर्गीकृत**

| | | |
|---|---|---|
| 10 दिन | 1000/- | - सम्पर्क करें- |
| 20 दिन | 1500/- | 0734-4041777 0731-4085777 |
| 1 माह | 2000/- | 77710-90777 |

विशेष सूचना- दैनिक अवन्तिका में प्रकाशित विज्ञापनों में किये दावों की पुष्टि पाठक अपने विवेक से करें।

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क 9826398272

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

# इंदौर में 14 दिसंबर को द ग्रैंड वॉकाथॉन 2025

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में एनीमिया और अंगदान जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से द्यद ग्रैंड वॉकाथॉन 2025द्ध का आयोजन रविवार, 14 दिसंबर को होगा। वॉकाथॉन सुबह 7 बजे नेहरू स्टेडियम से शुरू होकर पलासिया चौराहा होकर फिर स्टेडियम पर ही समाप्त होगा।

इस स्वास्थ्य जनआंदोलन में 6 हजार से अधिक नागरिकों, विद्यार्थियों, डॉक्टर्स, सुरक्षा बलों और सामाजिक संगठनों की भागीदारी रहेगी। शहर के 70 से अधिक संगठन इस अभियान में औपचारिक रूप से जुड़ चुके हैं। इस कार्यक्रम की विशेषता यह है कि वर्ल्ड ट्रांसप्लांट गेम्स में भारत के लिए मेडल जीतने वाले खिलाड़ी भी वॉकाथॉन में शामिल होंगे। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए सांसद शंकर लालवानी ने कहा कि स्वस्थ समाज ही प्रगतिशील भारत की नींव है। अंगदान किसी के जीवन में नई रोशनी ला सकता है, जबकि एनीमिया जागरूकता हमारी युवा पीढ़ी के भविष्य की सुरक्षा है। उन्होंने कहा कि इंदौर हमेशा राष्ट्रीय स्तर पर मिसाल पेश करता आया है और यह वॉकाथॉन भी देश भर में स्वास्थ्य-जागरूकता का व्यापक संदेश देगा।

## इंदौर की जनभागीदारी शहर की ताकत

मेयर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि इंदौर हर सामाजिक अभियान में जनभागीदारी का सर्वोत्तम उदाहरण रहा है। स्वच्छता हो या सामाजिक अभियान, शहर ने हमेशा देश को नई दिशा दिखाई है।

# 5 दिनों में 9 जिलों के कर्मचारी ले सकते हैं लाभ

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

महालेखाकार कार्यालय ग्वालियर द्वारा शासकीय सेवकों के जीपीएफ गुमशुदा कटौत्रे, निष्क्रिय खाते, पार्ट वांट/फुल वांट और अप्रविष्ट मदों के निराकरण के लिए इंदौर और उज्जैन संभाग के जिलों में 15 से 19 दिसंबर तक विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। कलेक्टर शिवम वर्मा के मार्गदर्शन में वरिष्ठ कोषालय अधिकारी मोनिका कटारे के निदेर्शानुसार इंदौर में शिविर का आयोजन 15 से 19 दिसंबर तक कलेक्टर कार्यालय, प्रशासनिक संकुल परिसर के कक्ष क्रमांक 112 (प्रथम तल) में होगा।

हेल्पर लडको की आवश्यकता
रेस्टोरेंट में कार्य करने हेतु हेल्पर लडको की आवश्यकता है वेतन योग्यतानुसार
संपर्क 9827820470

श्री श्री देवी तारा महा श्मशान निवासनी देवी तारा कृपा
48 वर्ष पुराना तंत्र, मंत्र, यंत्र ज्योतिष कार्यालय, इंदौर
पंडित प्रहलाद सूर्यवंशी ज्योतिषाचार्य
ज्योतिष कार्यालय गुगल पर देंखे
देवी तारा, देवी महाकाली, महाशमशानी साधक महावशीकरण, कोर्ट कचहरी, तलाक, गुप्त शत्रु, सास-बहू विवाद, प्रेमी-प्रेमिका का महावशीकरण, गंभीर से गंभीर रोग, जादू टोना, महाशमशानी तंत्र-मंत्र क्रिया, सौतन दुश्मन छुटकारा, मनपसंद शादी।
नोटः जन्म कुंडली, फोटो, हस्तरेखा और अन्य परामर्श शुल्क 1000 अनिवार्य, फोन पर परामर्श शुल्क 3000 अनिवार्य, सात दिन में काम नहीं होने पर 30 प्रतिशत ब्याज सहित पैसा वापस, 101 प्रतिशत ग्यारेंटेड समाधान।
नोटः दिपावली पर 88 लाख महामंत्र से महासिद्धी यंत्र और श्री श्री देवी महालक्ष्मी सिद्ध महायंत्र, 88 लाख महामंत्रों से।
नोटः यंत्र के लिए 3 दिन पहले संपर्क करें।
पताः एमजी रोड, कमिश्नर कार्यालय, जिला कोर्ट गेट नंबर एक के सामने, 34 महतानी मार्केट इंदौर
मोबाइलः 7828672574, 8817546028
समयः प्रातः 11 से रात्रि 9:00 बजे तक एवं रविवार को दोपहर 3:00 बजे से 8:00 बजे तक खुला रहेगा।
नोटः सभी धर्म और जाती के लोग पूर्व समय लेकर निसंकोच मिले।

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नही चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशाति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य , भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

पुरुषों की शक्ति वर्धक दवाईयाँ मिलती है
(25 वर्षों से आपकी सेवा में)
भास्कर आयुर्वेदिक
32, बहादुरगंज, उज्जैन समय- सुबह 11 से 3 बजे तक शाम 6 से 9 बजे तक मो. 98263-71718

Hippo
BIGG BOSS
Capsule
NO SIDE EFFECT
For Enquiry : 9244262582
2 कैप्सूल रात को गरम दूध के साथ
लम्बे आनंद भरे पलों के लिए
आयुर्वेदिक, केवल पुरुषों के लिए

कर्मचारी की आवश्यकता
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

अमरूद बेचना है
अमरूद का बगीचा जवासिया कुमार, लालपुर, उज्जैन में चार बीघा में करीब 400 अमरूद के पेड़ अच्छी बहार आई फल बेचना है।
: संपर्क :
7746856444

आवश्यकता है
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें 9300405252

कृषि भूमि बेचना है
• उज्जैन से मात्र 16 किमी पर 5 बीघा ग्राम आँवलिया में मात्र 22 लाख रुपये बीघा
• 25X60 का प्लॉट बेचना है एमपी नगर में
• 13X50 का मकान बेचना है मक्सी रोड एम आर 5 रोड पर
• 17X30 तीन मंजिला मकान बेचना है मेन रोड पर सांदीपनी नगर एम आर 5 रोड पर
मो. 9301388290, 9340903559

आवश्यकता
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

रद्दी बेचना है
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

प्लाट बेचना है
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है । प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

अब आपके इंदौर शहर में... सप्ताह में दिन.. सोमवार बुधवार शुक्रवार
श्री गोपाल हाड़ वैद्य
हड्डी रोग दवाखाना उज्जैन वाले
समय दोप. 12:30 से शाम 7 बजे तक
मो. 7000813235
चोंट | मोच | फैक्चर विशेषज्ञ
पता- जवाहर मार्ग 11/5 निहालपुरा गुरुद्वारा के सामने वाली पट्टी लक्ष्मी मेडिकल हाल के पीछे निहालपुरा, इन्दौर

अवश्यकता है
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

दैनिक अवन्तिका वर्गीकृत
■ 10 दिन 1000/-
■ 20 दिन 1500/-
■ 1 माह 2000/-
- सम्पर्क करें-
0734-4041777
0731-4085777
77710-90777
विशेष सूचना- दैनिक अवन्तिका में प्रकाशित विज्ञापनों में किये दावों की पुष्टि पाठक अपने विवेक से करें।

रेंट पर देना/आवश्यकता
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क 9826398272

कर्मचारियों की आवश्यकता है
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

वॉटर प्रुफिंग
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

दैनिक अवन्तिका
स्वागतम् 2026
तीन-तीन बहुरंगीय कैलेंडर



जल्द आपके हाथों में
नए साल के तीन तरह के
निःशुल्क कैलेंडर जल्द आपके हाथों में
1. श्री राम लला मंदिर और श्री महाकाल पोस्टर कैलेंडर
2. पंचांग कैलेंडर, 3. तिथि कैलेंडर
हॉकर से अपनी प्रति सुरक्षित करें और लेते रहे एक एक करके तीनों कैलेंडर

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com